# खत्म नहीं हो रही आप की मुश्किलें

## अब राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने सत्येन्द्र जैन के खिलाफ दी सीबीआई जांच की मंजूरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने 10 करोड़ रुपये की उगाही के मामले में दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येन्द्र जैन के खिलाफ सीबीआई से जांच कराने की मंजूरी दी है। आम आदमी पार्टी के नेता सत्येन्द्र जैन पर जेल के पूर्व डीजी संदीप गोयल के साथ मिलकर जबरन वसूली रैकेट चलाने और दिल्ली की विभिन्न जेलों में हाई प्रोफाइल कैदियों से प्रोटेक्शन मनी के नाम पर उगाही का आरोप है। मनी लांड्रिग के आरोपित सुदेश चंद्रशेखर ने उप राज्यपाल को पत्र लिखकर जैन पर जबरन वसूली के आरोप लगाए थे और मामले में सीबीआई जांच की मांग की थी। उप





राज्यपाल ने इससे पहले पिछले माह सत्येन्द्र जैन को रुपये वसूलने में मदद करने के आरोप में तिहाड़ जेल के तत्कालीन अधीक्षक राज कुमार के खिलाफ भ्रष्टाचार की जांच के लिए सीबीआई मंजूरी दी थी। राज कुमार ने तिहाड़ जेल से चलाए जा रहे हाई-प्रोफाइल जबरन वसूली रैकेट में मदद की थी जिसने मनी लांड्रिग मामले में आरोपित सुदेश चंद्रशेखर से संरक्षण राशि के रूप में पैसे वसूले थे। सीबीआई सुकेश द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच कर रही है।

### तिहाड़ में वीआईपी ट्रीटमेंट लेने का आरोप

**सत्येंद्र जैन** को ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया गया था। फिलहाल वह स्वास्थ्य के आधार पर जमानत पर हैं। उनपर तिहाड़ में रहने के दौरान बॉडी मसाज और वीआईपी ट्रीटमेंट लेने का भी आरोप था।

**इन अधिकारियों पर साढ़े 12 करोड़ लेने का आरोप**

सुकेश चंद्रशेखर ने जैन पर आरोप लगाया था कि उन्होंने 2018-21 के दौरान रूप से या अपने सहयोगियों के माध्यम से किस्तों में उनसे 10 करोड़ रुपये प्राप्त किए थे, ताकि दिल्ली के जेलों में शांति से रह सकें। जैन इस दौरान आप सरकार में जेल मंत्री भी थे। सत्येंद्र जैन और राज कुमार के अलावा दो अधिकारियों संदीप गोयल और मुकेश प्रसाद पर भी साढ़े 12 करोड़ रुपये लेने के आरोप लगाया गया है।

**बढ़ी परेशानी**

8 जैन पर पूर्व डीजी के साथ मिलकर जबरन वसूली रैकेट चलाने और उगाही का आरोप है

# 'योग्यता न देखकर टिकट देना बीजेपी की प्रवृत्ति'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** बीजेपी सांसद गौतम गंभीर के राजनीति से संन्यास की घोषणा के बाद आम आदमी पार्टी हमलावर हो गई है। दिल्ली की मंत्री आतिशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बीजेपी और गौतम गंभीर पर जमकर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि पहले बीजेपी किसी की योग्यता नहीं देखती, उनकी प्रतिबद्धताओं को नहीं देखती। ये प्रतिनिधि न तो अपने इलाके में कोई काम करता है और न ही अपने लोगों के बीच जाता है। उन्होंने कहा कि बीजेपी के पूर्वी दिल्ली से सांसद गौतम गंभीर ने ट्वीट कर कहा है कि वह अपने राजनीतिक जीवन से संन्यास लेना चाहते हैं। इसका साफ मतलब है कि बीजेपी उन्हें पूर्वी दिल्ली से राजनीतिक टिकट देने से इनकार कर रही है। लोगों के प्रति उनकी क्षमता और प्रतिबद्धता की जांच किए बिना किसी को भी चुनना भाजपा की प्रवृत्ति है। पिछले 5 सालों से गौतम गंभीर ने अपने क्षेत्र में कुछ नहीं किया है।

**मेरा चैलेंज है, वे सांसदों के काम दिखाएं: आतिशी**

आतिशी ने कहा कि वह बीजेपी को चैलेंज देती हैं कि वह बताएं कि उनके किसी सांसद ने पिछले पांच साल में कोई भी काम किया हो। दिल्ली के उनके सातों सांसदों ने राजधानी के लिए क्या किया? दिल्ली के ये सांसद केंद्र सरकार की योजनाओं को लागू करने के लिए क्या किया, दिल्ली की पुलिस व्यवस्था को सुधारने के लिए क्या किया? दिल्ली के एलजी लोगों की सुविधाएं रोक रहे थे तो ये सातों सांसद कहां थे? अगर दिल्ली के लोगों के लिए किसी ने काम किया है और उनके हक के लिए कोई लड़ा है तो वो है मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल।



**तंज कसा**

8 यह यूजलेस कैंडिडेट को लड़ाती है चुनाव', गंभीर के संन्यास पर आतिशी का हमला

# सिसोदिया-संजय सिंह की न्यायिक हिरासत 7 मार्च तक बढ़ी



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली शराब घोटाला से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में आरोपित दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह की न्यायिक हिरासत 7 मार्च तक बढ़ा दी है। स्पेशल जज एमके नागपाल ने ये आदेश दिया। कोर्ट ने 17 फरवरी को दोनों की न्यायिक हिरासत आज तक के लिए बढ़ाई थी। दोनों की न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी जिसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। 17 फरवरी को कोर्ट ने आरोपितों के वकील से नाराजगी जताई थी और कहा था कि दस्तावेजों के मिलान के लिए एक साल दिया था, वो अभी तक नहीं किया गया। सुनवाई के दौरान सर्वेश मिश्रा के वकील ने कहा था कि ईडी ने सर्वेश मिश्रा को मामले में सरकारी गवाह बनने का ऑफर दिया था। आरोपितों की ओर से पेश वकील ने कहा था कि संजय सिंह के मामले में चार्जशीट दाखिल की गई। उसके बाद ईडी ने नए दस्तावेज जोड़ दिया। उन्होंने कहा था कि ईडी के हिसाब से कानून नहीं चलेगा। तीन फरवरी को ही कोर्ट ने संजय सिंह को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने के लिए राज्यसभा जाने की अनुमति दी थी। कोर्ट ने 24 जनवरी को इस मामले के आरोपित सर्वेश मिश्रा को नियमित जमानत दी थी। संजय सिंह को 4 अक्टूबर 2023 को उनके सरकारी आवास पर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 22 दिसंबर 2023 को संजय सिंह की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। ईडी ने इस मामले में मनीष सिसोदिया को 9 मार्च 2023 को पूछताछ के बाद तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था। सिसोदिया को पहले सीबीआई ने 26 फरवरी 2023 को गिरफ्तार किया था। इस मामले में कोर्ट ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 16 मार्च को सशरीर पेश होने का आदेश दिया।

**परेशानी**

8 कोर्ट ने नाराजगी जताई थी और कहा था कि दस्तावेजों के मिलान के लिए एक साल दिया था, वो नहीं किया गया

# अंकित सक्सेना मर्डर केस में कोर्ट का फैसला 7 को

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के तीस हजारी कोर्ट ने 2018 के अंकित सक्सेना मर्डर केस में दोषियों को सजा देने के मामले पर सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। एडिशनल सेशंस जज सुनील कुमार शर्मा ने 7 मार्च को फैसला सुनाने का आदेश दिया। 17 फरवरी को दिल्ली राज्य विधिक सेवा प्राधिकार ने अंकित सक्सेना के परिजनों को दिए जाने वाले मुआवजे का आकलन करते हुए पीड़ित के प्रभाव की रिपोर्ट दाखिल की थी। 31 जनवरी को दोषियों की ओर से जुर्माने और मुआवजे के लिए उनकी संपत्ति और आय के बारे में जानकारी देते हुए हलफनामा दाखिल किया गया था। 15 जनवरी को कोर्ट ने दिल्ली पुलिस, दिल्ली विधिक सहायता प्राधिकार और दोषियों के वकीलों को हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया था जिसमें दोषियों की आमदनी, उनकी जिम्मेदारी और पूर्व के आपराधिक इतिहास का विस्तृत विवरण देने का निर्देश दिया था। सुनवाई के दौरान दोषियों के वकील ने मीडिया रिपोर्टिंग पर सवाल उठाते हुए उस पर रोक लगाने की मांग की। वर्ष 2018 में पश्चिमी दिल्ली के ख्याला में अंकित सक्सेना की दिनदहाड़े हत्या कर दी गई थी। अंकित सक्सेना के दूसरे धर्म की लड़की से प्रेम संबंध थे। कोर्ट ने 23 दिसंबर 2023 को इस हत्याकांड के तीन आरोपितों को दोषी करार दिया था। कोर्ट ने तीनों को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 और 34 के तहत दोषी करार दिया था। धारा 302 के तहत उम्रकैद से लेकर फांसी तक की सजा का प्रावधान है। कोर्ट ने अंकित सक्सेना की हत्या के मामले में लड़की के माता-पिता और उसके मामा को दोषी करार दिया था। इस मामले में कोर्ट ने दिल्ली पुलिस की ओर से 28 गवाहों के बयान और उनकी ओर से पेश साक्ष्यों को दर्ज किया था। 28 गवाहों में अंकित सक्सेना के पिता और शिकायतकर्ता यशपाल सक्सेना, मां कमलेश और अंकित के दो दोस्तों नितिन और अनमोल सिंह बयान प्रमुख थे।

घटना 01 फरवरी 2018 की है। अंकित की प्रेमिका अपने घर से निकल गई थी। जिससे बौखलाए लड़की के माता-पिता और रिश्तेदारों ने अंकित की हत्या कर दी थी। पहले तो लड़की के माता-पिता और दूसरे रिश्तेदारों का अंकित और उसके परिवार वालों से कहासुनी हुई। इस दौरान लड़की के माता-पिता और रिश्तेदारों ने अंकित की जमकर पिटाई की। पिटाई के दौरान जब अंकित की मां उसे बचाने आई तो उसके साथ भी आरोपितों ने मारपीट की।




**न्याय की आस**

8 कोर्ट ने तीनों को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 और 34 के तहत दोषी करार दिया था

# सात वर्ष की बच्ची पर पिटबुल का हमला, काटा और खींचकर ले गया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली में शुक्रवार रात को एक तरनाक नस्ल के कुत्ते पिटबुल ने सात वर्षीय बच्ची पर हमला बोल दिया। कुत्ते ने बच्ची को काटा और खींच लिया। लड़की की मां ने बेटी को अस्पताल में भर्ती कराया और पुलिस को सूचना दी पुलिस के अनुसार, शुक्रवार रात 8:47 बजे जगतपुरी थाना में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई, जिसमें महिला कॉलर ने कहा कि उसकी 7 वर्षीय बेटी को उसके पड़ोसी के पिटबुल कुत्ते ने काट लिया और खींच लिया। पुलिस को उसके शरीर पर काटने के निशान मौजूद मिले। बच्ची को अस्पताल भेजा गया। शिकायतकर्ता के बयान पर कुत्ते के मालिक के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है।



# बैंकॉक से लेकर आया 79 लाख का सोने का बिस्कुट, कस्टम ने पकड़ा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कस्टम की टीम ने दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर गोल्ड तस्करी के एक मामले का खुलासा किया है। इस मामले में एक हवाई यात्री को पकड़ा है, जिसके पास से लाखों कीमत का गोल्ड बिस्किट बरामद किया गया है। जिसकी कीमत 79 लाख से ज्यादा बताई जा रही है। कस्टम प्रवक्ता के अनुसार यह भारतीय हवाई यात्री बैंकॉक से आईजीआई एयरपोर्ट पहुंचा था। ग्रीन चैनल क्रॉस करने के दौरान जब उसके लगेज की जांच की गई तो कुछ संदिग्ध इमेज नजर आया। इसके बाद मैन्युअल जांच करने पर सोने के बिस्किट निकले जो 1443 ग्राम पाया गया, जिसकी कीमत 79.18 लाख बताई जा रही है। भारत के रहने वाले हवाई यात्री को कस्टम एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की छानबीन की जा रही है।




# राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान अब शाम 6 बजे तक खुला रहेगा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान अब एक घंटा अधिक समय तक आम लोगों के लिए खुला रहेगा। उद्यान अब 31 मार्च तक सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक खुला रहेगा। यह रखरखाव के लिए सोमवार को बंद रहता है।राष्ट्रपति भवन की ओर से शनिवार को जारी बयान के अनुसार, राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान 31 मार्च तक जनता के दर्शन के लिए खुला रहेगा। लोग सोमवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे (अंतिम प्रवेश - शाम 5 बजे) के बीच उद्यान में जा सकते हैं।

# बृजभूषण पर दर्ज पॉक्सो मामले में पुलिस की क्लोजर रिपोर्ट पर 23 अप्रैल को फैसला

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर दर्ज पॉक्सो मामले में दिल्ली पुलिस की ओर से दाखिल क्लोजर रिपोर्ट पर फैसला एक बार फिर टाल दिया है। एडिशनल सेशंस जज छवि कपूर ने 23 अप्रैल को फैसला सुनाने का आदेश दिया। इसके पहले 11 जनवरी को कोर्ट ने आज फैसला सुनाने का आदेश दिया था। 25 नवंबर 2023 को कोर्ट ने फैसला टाल दिया था। कोर्ट ने 1 अगस्त 2023 को फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान पीड़ित नाबालिग पहलवान और उसके पिता ने पुलिस जांच पर संतोष जताया था। नाबालिग पहलवान और उसके पिता दोनों ने इन-कैमरा बयान दर्ज कराया। इन कैमरा का मतलब सुनवाई के समय दोनों पक्षों के अलावा दूसरा कोई उपस्थित नहीं होता है। कोर्ट ने दिल्ली पुलिस की क्लोजर रिपोर्ट पर सुनवाई करते हुए 4 जुलाई 2023 को शिकायतकर्ता नाबालिग पहलवान को नोटिस जारी किया था। उल्लेखनीय है कि 15 जून 2023 को दिल्ली पुलिस ने पटियाला हाउस कोर्ट ने रिपोर्ट दाखिल कर भाजपा सांसद बृजभूषण सिंह को क्लीन चिट दे दी थी। दिल्ली पुलिस ने नाबालिग पहलवान की शिकायत पर पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामले में बृजभूषण सिंह को क्लीन चिट देते हुए आरोप निरस्त करने की मांग की है।



# सियासी पिच से क्यों आउट हुए गौतम गंभीर?

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव शुरू होने से पहले ही क्रिकेटर से नेता बने पूर्वी दिल्ली के सांसद गौतम गंभीर ने मैदान से हटने की घोषणा कर दी। उन्होंने शनिवार सुबह 10:05 बजे एक्स पर पोस्ट करके राजनीति से हटने की घोषणा कर दी। उन्होंने अपने पोस्ट में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को संबोधित करते हुए कहा कि क्रिकेट से संबंधित वचनबद्धता को पूरी करने के लिए उन्हें राजनीतिक जिम्मेदारी से मुक्त किया जाए। उन्होंने जनता की सेवा का अवसर देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का आभार जताया है। उससे पहले शुक्रवार रात को एक्स पर पोस्ट करके भाजपा पार्टी फंड में एक हजार रुपये का सहयोग करने का पोस्ट डाला था। उन्होंने कहा, कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत के विजन को समर्थन करने के लिए भाजपा को सहयोग की बात कही। उन्होंने लोगों से भी राष्ट्र निर्माण के लिए नमो एप के माध्यम से भाजपा को सहयोग करने की अपील की। वर्ष 2018 की सर्दी में दिल्ली में प्रदूषण को लेकर गंभीर ने एक ट्वीट कर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा था। उसके बाद से वह लगातार केजरीवाल के विरुद्ध बोलते रहे हैं।

**विधायकों से भिड़ गए:** सांसद चुने जाने के बाद भी उनका संगठन के साथ तालमेल नहीं बन सका। कभी जिला अध्यक्ष तो कभी विधायकों से उनका विवाद चर्चा में रहा।

पिछले वर्ष पूर्वी दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के सामने ही विधायक ओपी शर्मा व अनिल वाजपेई से भिड़ गए थे।



**घोषणा**

8 चुनाव शुरू होने से पहले ही क्रिकेटर से नेता बने पूर्वी दिल्ली के सांसद गंभीर ने मैदान से हटने की घोषणा कर दी

# हाफ मैराथन की सभी तैयारियां पूरी

### सीएम मनोहर लाल होंगे मैराथन में चीफ गेस्ट, मुख्यमंत्री मनोहर लाल सूरजकुण्ड मेला ग्राउंड से दिखाएंगे मैराथन को झंडी और विजेता प्रतिभागियों को करेंगे सम्मानित, मुख्यमंत्री कार्यालय में विशेष अधिकारी पंकज नैन, व उपायुक्त विक्रम सिंह सहित तमाम प्रशासनिक तथा पुलिस अधिकारियों ने सूरजकुंड मेला ग्राउंड पहुंच कर किया निरक्षण

**दीपिका शर्मा**

**चण्डीगढ़:** फरीदाबाद के सूरजकुण्ड मेला ग्राउंड से रविवार की सुबह आयोजित होने एनसीआर के सबसे बड़ा इवेंट "फरीदाबाद हाफ मैराथन" की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल इस मैराथन को झंडी दिखाकर रवाना करेंगे और विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करेंगे। फरीदाबाद हाफ मैराथन को लेकर लोगों में जमकर उत्साह है और मैराथन के लिए एक लाख से अधिक पंजीकरण हुआ है।इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर तथा प्रदेश के कैबिनेट मंत्री मूल चंद शर्मा व अन्य विशिष्ट जन भी उपस्थित रहेंगे।



मुख्यमंत्री कार्यालय में विशेष अधिकारी (सामुदायिक पुलिसिंग और आउटरीच) पंकज नैन और फरीदाबाद के उपायुक्त विक्रम सिंह ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ शनिवार को फरीदाबाद हॉफ मैराथन के ग्राउंड और मैराथन के रूट का निरीक्षण किया। उन्होंने मैराथन के प्रमुख पॉइंट्स जिसमें रूट, मंच, ग्राउंड , स्टेज, फ्लैग ऑफ स्टैंड सहित तमाम व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि फरीदाबाद हाफ मैराथन को अब वर्ल्ड रनिंग एजेंसी एआईएमएस द्वारा भी सर्टिफाईड कर दिया गया है। वहीं भागीदारों को टी शर्ट और किट भी उपलब्ध कराई गई है।एजेंसी द्वारा मैराथन रूट की रियल टाइम मैपिंग की गई है और 21 व 10 किलोमीटर की मैराथन में जो भी व्यक्ति दौड़ेगा वह मैराथन खत्म होने के तीन घंटे बाद अपना रियल टाइम डिजिटल सर्टिफिकेट डाउनलोड कर सकता है और यह सर्टिफिकेट पूरे विश्व में किसी भी मैराथन में शामिल होने के लिए मान्य होगा।

उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि मशहूर खिलाड़ी जैसे मैरी कोम, मनु भाकर, लोकेश राजपूत के अलावा बहुत से फिल्मी कलाकार भी फरीदाबाद हाफ मैराथॉन में विशेष भागीदारी करेंगे। उन्होंने बताया कि फरीदाबाद हाफ मैराथन को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह है। फरीदाबाद के अलावा देश के विभिन्न राज्यों व अन्य देशों से भी लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है और वह मैराथन में शामिल होने के लिए पहुंच भी गए हैं।

उपायुक्त ने बताया कि मैराथन में 21 व 10 किलोमीटर दौड़ में शामिल होने वालों को जहां डिजिटल रियल टाईम सर्टिफिकेट मिलेगा वहीं 5 किलोमीटर में हिस्सेदारी करने वाले भी पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट वेबसाईट / से डाउनलोड कर सकते हैं। उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि मैराथन के प्रत्येक पल की फोटोग्राफी करवाई जाएगी। यह लाखों की संख्या में फोटो वेबसाईट पर उपलब्ध होंगे। कोई भी व्यक्ति अपना चेस्ट नंबर या रियल टाइम सेल्फी डालकर इन फोटो को डाउनलोड कर सकता है। यह फोटो डाउनलोड करने के लिए कोई भी व्यक्ति अपने सेल्फी वेबसाईट पर अपलोड कर फेस रिकोगनाईजेशन के माध्यम से फोटो प्राप्त कर सकता है। उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि फरीदाबाद हाफ मैराथन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। वहीं शुक्रवार एक मार्च से सूरजकुंड मेला परिसर के दिल्ली गेट की तरफ एक एक्सपो का आयोजन किया गया है। इस एक्सपो से जिन लोगों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया है।

#### मैराथन के दिन सूरजकुंड रोड पर ट्रैफिक रहेगा बंद

**उपायुक्त** विक्रम सिंह ने बताया कि फरीदाबाद हाफ मैराथन को लेकर रूट निर्धारित कर दिया गया है। यह मैराथन सूरजकुंड परिसर स्थित दिल्ली गेट से शुरू होगी। इसके बाद यह एनएचपीसी कालोनी, मानव रचना इंस्टीट्यूट, सिद्धदाता आश्रम, जिमखाना क्लब, सेक्टर 21 डी मार्केट होते हुए वापिस सूरजकुंड पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि पूरे रूट पर जगह-जगह स्टेज लगाई जाएंगी और वहां धारकों का उत्साह बढ़ाने के लिए सांस्कृतिक मंडलियां भी मौजूद रहेंगी। इसके बाद ही मैडिकल व एमरजेंसी मदद भी उपलब्ध होगी। कार्यक्रम में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम होंगे। मैराथन के दौरान पूरे रूट पर यातायात बंद रहेगा।

#### यह होगी विजेताओं के लिए ईनाम की धनराशि

**उपायुक्त** ने बताया कि 21 किलोमीटर ओपन केटेगरी में हॉफ मैराथन में प्रथम स्थान पर आने वाले विजेता को 1 लाख रुपये की नकद धनराशि, द्वितीय विजेता को 75 हजार, व तीसरे स्थान पर आने वाले विजेता की 50 हजार रुपये की धनराशि के नगद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। वहीं दस किलोमीटर मैराथान के प्रथम विजेता को 50 हजार, द्वितीय विजेता को 30 हजार, व तीसरे स्थान पर आने वाले विजेता की 20 हजार रुपये की धनराशि के नगद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। डीसी ने बताया कि 5 किलोमीटर की फन मैराथॉन का आयोजन में बच्चें युवा और सीनियर सिटीजन भाग ले रहे है।

## ओलावृष्टि से हुए नुकसान की गिरदावरी करवाकर मुआवजा दें सरकार: हुड्डा



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने किसानों के लिए मुआवजे की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि शनिवार को रोहतक,झज्जर, रेवाड़ी, भिवानी,अम्बाला,कुरुक्षेत्र सिरसा, सोनीपत,यमुनानगर,करनाल फतेहाबाद, हिसार,जींद और चरखी दादरी समेत हरियाणा के कई इलाकों में बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई। इससे फसलों को भारी नुकसान हुआ है। हुड्डा ने कहा कि सरकार को जल्द गिरदावरी करवाकर किसानों को मुआवजा देना चाहिए। क्योंकि इस बेमौसमी बारिश और ओलावृष्टि से गेहूं व सरसों की खड़ी फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। तेज हवाओं के चलते फसल गिर गई है। इसके चलते दाना कमजोर रहने व उत्पादन कम होने की आशंका है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि पिछले कई सीजन से बीजेपी-जेजेपी सरकार किसानों को खराबे का कोई मुआवजा नहीं दे रही है। इतने महीने बाद भी बाढ़ का सैकड़ों करोड़ मुआवजा अब तक पीड़ित किसानों को नहीं मिला। इस बार तो क्लस्टर-2 के सात जिले बीमा से ही वंचित रह गए हैं। पीएम फसल बीमा योजना सिर्फ कंपनियों की तिजोरी भरने का जरिया बन गई है। क्योंकि किसानों के खाते से प्रिमियम काटने की तारीख तो निश्चित है, लेकिन किसानों को मुआवजा देने की कोई तारीख तय नहीं की गई। बार-बार गुहार के बावजूद अन्नदाता को इंतजार ही हाथ लगता है।

## न्यूज फ्लैश

### लोकसभा चुनावों को लेकर जेजेपी पूरी तरह तैयार: अनूप धानक

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** प्रदेश के राज्यमंत्री अनूप धानक ने कहा है कि लोकसभा चुनावों को लेकर जननायक जनता पार्टी के कार्यकर्ता पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा कि जेजेपी की तीन मार्च को करनाल में होने वाली राष्ट्रीय एवं प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में लोकसभा चुनावों को लेकर चर्चा होगी। वे शनिवार को फतेहाबाद और सिरसा जिले में पार्टी पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनावों की कभी भी घोषणा हो सकती है, ऐसे में पार्टी कार्यकर्ता पूरे जोश के साथ चुनावों की तैयारियों करें। अनूप धानक ने कहा कि लोकसभा चुनावों को लेकर जेजेपी के शीर्ष नेता जो भी फैसला लेंगे, पार्टी कार्यकर्ता उनके साथ हैं। उन्होंने आह्वान किया कि कार्यकर्ता अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ते हुए पार्टी को मजबूत करने का काम करें। राज्य मंत्री अनूप धानक ने कहा कि जिस भी पार्टी कार्यकर्ता को जो भी जिम्मेवारी सौंपी जाती है, वह पूरी ईमानदारी से उसका पालन करें। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं की कड़ी मेहनत की बदौलत ही आज जेजेपी मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है। अनूप धानक ने यह भी कहा कि प्रदेश की जेजेपी-बीजेपी गठबंधन सरकार जनता की आशाओं पर खरी उतरी है और डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला द्वारा जनता से किए वादों को पूरा किया जा रहा है। उन्होंने पार्टी नेताओं और कार्यकताओं से गांव-गांव जाकर लोगों को जेजेपी द्वारा जनहित में किए गए कार्यों से अवगत करवाने आह्वान किया। राज्यमंत्री अनूप धानक ने आगे कहा कि संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता जितने मजबूती के साथ काम करेंगे, उतनी ही संगठन को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि जेजेपी का प्रत्येक सदस्य ही पार्टी संगठन की रीढ है और इसी के बूते आज जेजेपी पूरे हरियाणा में सर्वाधिक लोकप्रियता व आगे बढ़ने वाली राजनीतिक पार्टी है। इस अवसर पर जेजेपी प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेन्द्र लेगा, प्रदेश सचिव सुरेंद्र बेनीवाल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शगनजीत सिंह कुरंगावाली, कुलजीत कुलड़िया, जिला प्रधान रविन्द्र बैनीवाल, जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा आदि मौजूद रहे।

### खेल नर्सरी स्थापित करने के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा खेल विभाग द्वारा खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरकारी, निजी शिक्षण संस्थानों, पंचायतों एवं निजी खेल संस्थानों से वर्ष 2024-25 में खेल नर्सरी स्थापित करने के लिए 15 मार्च, 2024 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। खेल विभाग के प्रवक्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि खेल नर्सरी योजना का मुख्य उद्देश्य राज्य में प्रारंभिक रूप से खेलों को बढ़ावा देना तथा ग्रास रूट स्तर पर खेल प्रतिभाओं को निखारना है। इस योजना से कम आयु में ही चिह्नित किए गए राज्य के अनेकों खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खेल उपलब्धियां प्राप्त कर चुके हैं। प्रवक्ता ने बताया कि खेल नर्सरी केवल ओलम्पिक, एशियन व कॉमनवेल्थ खेलों में सम्मिलित खेलों के लिए खोली जाएंगी। खेल नर्सरी आवेदक इच्छुक संस्थान व निजी शिक्षण संस्थानों, एवं निजी खेल संस्थानों, अखाड़ा संचालक विभागीय वेबसाईट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन करें।

### विधायक दूड़ाराम ने किया स्कूलों की चाहर दीवारी का शिलान्यास

**टीम एक्शन इंडिया**

**फतेहाबाद:** विधायक दूड़ाराम ने कहा कि फतेहाबाद विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा के स्तर को सुधारने एवं गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। यह बात उन्होंने शनिवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय व राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एमपी रोही, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बड़ोपल में स्कूल की चाहर दीवारी का शिलान्यास करने के उपरांत कही।

## कंवरपाल ने किया सामुदायिक भवन का उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:**



हरियाणा के शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने खंड छछरौली के गांव लेदी में लगभग 25 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित सामुदायिक भवन का उद्घाटन कर ग्रामवासियों को इसकी सौगात दी। कंवरपाल ने गत देर सायं छछरौली के गांव लेदी में उद्घाटन अवसर पर ग्रामवासियों को बधाई देते हुए कहा कि आज शहरों की भांति गांवों में सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाने का काम किया जा रहा हैं। शहरों की भांति गांवों को और सुन्दर और विकसित करने का काम किया जा रहा हैं। उन्होंने प्रदेश सरकार बिना किसी भेदभाव के समान रूप से विकास कार्य करवा रही है, कोई भी क्षेत्र विकास कार्यों से अछूता नहीं हैं। विधानसभा क्षेत्र में अनगिनत विकास कार्यों को करवाने का काम किया गया है, आगे भी जो भी विकास कार्य होंगे उन्हें भी तीव्रता से करवाते हुए आम जनमानस को इसकी सुविधा देने का काम किया जाएगा।

## 'इंडिया' गठबंधन की जीत को लेकर किया मंथन

### नेता प्रतिपक्ष और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा से की मुलाकात, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान से भी मिले सुशील गुप्ता, कांग्रेस के राष्ट्रीय महामंत्री और पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी रणदीप सिंह सुरजेवाला से भी हुई मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया**

**दिल्ली/चंडीगढ़:** आम आदमी पार्टी प्रदेशाध्यक्ष व कुरुक्षेत्र लोकसभा से इंडिया" गठबंधन के तहत आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता ने लोकसभा चुनाव में प्रचार और आगामी रणनीति को लेकर कांग्रेस नेताओं से मुलाकात की। वे प्रदेशाध्यक्ष उदयभान, नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस के राष्ट्रीय महामंत्री चौधरी रणदीप सिंह सुरजेवाला और पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ नेता कुमारी सैलेजा से मिले। डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा की सभी नेताओं से सकारात्मक माहौल में



इंडिया गठबंधन की सभी 10 लोकसभा सीटों जीतने पर आगामी रणनीति को लेकर चर्चा हुई है। "इंडिया" गठबंधन बीजेपी को सत्ता से हटाने का काम करेगा। जनता इंडिया गठबंधन का चुनाव लड़ेगी। आज देश और लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई है। हमारे लिए देश और संविधान पहले है। उन्होंने कहा हमारा गठबंधन हरियाणा में बहुत मजबूत है। मैंने कुरुक्षेत्र लोकसभा में इंडिया गठबंधन की मजबूत स्थिति के विषय में भी उन्हें सूचित किया है। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट को लेकर और बाकी हरियाणा में चुनाव प्रचार को लेकर सभी वरिष्ठ नेताओं से चर्चा हुई है। सभी ने आगामी लोकसभा चुनावों में "इंडिया" गठबंधन की जीत को लेकर पुरजोर मेहनत करने और एकजुट होकर बीजेपी की तानाशाही को खत्म करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन की सफलता को लेकर सभी नेताओं ने संकल्प लिया है। जल्द ही मिशन मोड में चुनाव प्रचार शुरू हो जाएगा। हरियाणा में सभी 10 लोकसभा सीटों पर इंडिया गठबंधन की जीत सुनिश्चित करने के लिए चर्चा की गई।

## अग्रोहा पुरातत्व स्थल के विकास को लेकर आज एमओयू होगा साइन

**काजल रानी**

**चंडीगढ़:** पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग, हरियाणा और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण व पुरातत्व एवं संग्रहालय के बीच रविवार 03 मार्च को साढ़े दस बजे नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की गरिमामयी उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर समारोह आयोजित किया जाएगा। यह एमओयू अग्रोहा पुरातत्व स्थल के विकास को लेकर होगा। इस अवसर पर हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता और शहरी एवं स्थानीय निकाय मंत्री डॉ कमल गुप्ता भी उपस्थित रहेंगे। पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग हरियाणा के निदेशक अमित खत्री ने बताया कि सरकार द्वारा पहले ही हिसार जिले में अग्रवाल समाज के अग्रोहा धाम को सिंधु घाटी सभ्यता के सबसे बड़े स्थल राखीगढ़ी के जैसा ही पर्यटन स्थल बनाने की घोषणा की गई है। उन्होंने बताया कि अग्रोहा धाम स्थल पर एक म्यूजियम बनाया जाएगा,जिसके चलते सरकार द्वारा भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) और हरियाणा के पुरातत्व विभाग द्वारा संयुक्त रूप से अग्रोहा स्थल और उसके आसपास के क्षेत्रों के विकास को मंजूरी प्रदान की गई है। रविवार को नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की गरिमामयी उपस्थिति में एएसआई और हरियाणा सरकार के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। खत्री ने बताया कि अग्रोहा स्थल आगामी वर्षो में हरियाणा के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक खजाने को संरक्षित और प्रस्तुत करने का केंद्र होगा और एक सांस्कृतिक और ऐतिहासिक गंतव्य के रूप में अग्रोहा के महत्व को बढ़ावा देगा। इसके अलावा प्रदेश सरकार राखीगढ़ी की तर्ज पर एक और ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण स्थल अग्रोहा को विकसित करने जा रही है।

### निजी कंपनी में निवेश की बात कह ठगे 14.30 लाख रुपये का चूना

**टीम एक्शन इंडिया**

**जींद:** ऑटो ट्रेडिंग सॉफटवेयर कंपनी में निवेश करने व अच्छे मुनाफे का झांसा देकर एक व्यक्ति से 14 लाख 30 हजार रुपये ठग लिए गए। साइबर थाना पुलिस ने शनिवार को पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जवाहर नगर निवासी शुभम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके फोन पर व्हाट्सअप कॉल आई। जिन्होंने अपने नाम सचिन मिश्रा, अंकित मेहता तथा अंकित कुमार बताए। साथ बताया कि वे फोरेक्स वर्ल्ड ऑटो ट्रेडिंग सॉफ्टवेयर कंपनी में काम करते हैं।

## आने वाली सरकार कांग्रेस की होगी: कुमारी सैलजा

**अंकुश जैन**

**चंडीगढ़:** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष और उत्तराखंड की प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन के 10 साल हो गये लेकिन न तो दो करोड़ नौकरी मिली, न काला धन मिला, न लोगों के खाते में 15 लाख आये, न महंगाई कम हुई, न महिलाओं को सुरक्षा मिली और न ही किसानों की आमदनी डबल हुई। जनता स्वयं को ठगा सा महसूस कर रही है,हिन्दुस्तान की जनता अब मोदी के छल-प्रपंच को भली भांति समझ चुकी है और वो अब बहकावे में नहीं आने वाली, आने वाली सरकार कांग्रेस की होगी। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा ने सदा जनता से झूठे वायदे किए। भाजपा जुमलेबाजों से भरी हुई है, कहती ज्यादा है करती कुछ भी नहीं हैं। भाजपा ने हर साल दो करोड़ युवाओं को नौकरी देने का वायदा किया था इस हिसाब से 20 करोड़ युवाओं को नौकरी मिलनी चाहिए थी पर सरकार नौकरी देने के बजाए पद ही खत्म करने में लगी हुई है। देश में बेरोजगारी चरम पर है, नौकरी के लिए युवा विदेशों की ओर रूप कर रहा है। नौकरी के लिए युवा इजरायल तक जा रहा है जबकि उसे पता है कि वहां जान जोखिम में रहती है। उन्होंनें कहा कि विदेश से कालाधन लाकर हर व्यक्ति के खाते में 15-15 लाख रुपये डालने की बात कही थी जो जुमला ही साबित हुआ। उन्होंने कहा कि मंहगाई चरम पर है, सरकार का मंहगाई पर कोई नियंत्रण नहीं है, सरकार पूंजीपतियों को बढ़ावा दे रही है जबकि गरीब महंगाई में पिस रहा है।



**दावा**

8 न लोगों के खाते में 15 लाख आये, न महंगाई कम हुई, न महिलाओं को सुरक्षा मिली

## सौर ऊर्जा पैनल लगाने पर हर महीने मिलेगी 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** केंद्रीय बिजली और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग द्वारा पीएम-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत छत पर सौर ऊर्जा पैनल लगवाने पर हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्रदान की जाएगी। इस योजना की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 13 फरवरी, 2024 को की थी। एक सरकारी प्रवक्ता ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पीएम-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना दो किलोवाट क्षमता वाली प्रणाली के लिए प्रणालीगत लागत के 60 प्रतिशत और 2 से 3 किलोवाट क्षमता वाली प्रणाली के लिए अतिरिक्त प्रणालीगत लागत के 40 प्रतिशत के बराबर सीएफए प्रदान करेगी। सीएफए को 3 किलोवाट पर सीमित किया जाएगा। मौजूदा मानक कीमतों पर, इसका आशय एक किलोवाट क्षमता वाली प्रणाली के लिए 30,000 रुपये, दो किलोवाट क्षमता वाली प्रणाली के लिए 60,000 रुपये और तीन किलोवाट या उससे अधिक वाली प्रणाली के लिए 78,000 रुपये की सब्सिडी से होगा। उन्होंने बताया कि इस योजना में शामिल होने वाले परिवार राष्ट्रीय पोर्टल के माध्यम से सब्सिडी के लिए आवेदन करेंगे और छत पर सौर ऊर्जा स्थापित करने के लिए एक उपयुक्त विक्रेता का चयन करने में सक्षम होंगे।

**लाभ उठाएं**

8 छत पर सौर ऊर्जा पैनल लगवाने पर हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्रदान की जाएगी

## 'सबका साथ, सबका विकास से वैश्विक स्तर पर बज रहा है भारत का डंका'

**टीम एक्शन इंडिया**

**सिरसा:** केंद्र व प्रदेश में भाजपा अपनी कल्याणकारी नीतियों व योजनाओं के आधार पर तीसरी बार रिकॉर्ड मतों से सत्तारूढ़ होगी। पूर्व सांसद व भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. अशोक तंवर ने शनिवार को सिरसा में कार्यकर्ताओं से रूबरू होते हुए यह बात कही। डॉ. तंवर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सबका साथ सबका विकास के आधार पर सभी राज्यों के विकास के लिए केंद्रीय निधि से आमजन का विकास करवाया है। किसानों की फसलों का उचित भाव देकर, गरीब व कल्याण योजनाओं को मूर्त रूप देते हुए उनकी आर्थिक स्थिति को पहले से कहीं अधिक मजबूती दी गई है।



डॉ. अशोक तंवर ने कहा कि सबके कल्याण की समान भावना को विकसित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने देश को विकास के उस पायदान पर ला खड़ा किया है जहां समूचे विश्व में भारत की जय जयकार हो रही है और डंका बज रहा है। वैश्विक स्तर पर सबसे मजबूत व बड़े लोकतांत्रिक देश के तौर पर भारत के मस्तक को आज दुनिया का हर देश गौरव से देख रहा है, जिससे तमाम देशवासी गौरवान्वित हुए हैं। तंवर ने कहा कि भारत में जहां प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में तो हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में विकास की उस पगडंडी को छुआ है जो अब से पूर्व किसी भी सरकार के कार्यकाल में नहीं हुआ।

## प्रदेश ने किया प्रधानमंत्री के डिजिटल इंडिया मिशन को साकार

### सुशासन के माध्यम से प्रदेश में ऑनलाइन सेवाएं देने उपरांत पहली बार डिजिटलाइज हुई हरियाणा विधानसभा, हरियाणा गठन के बाद से अब तक हुए विधायी कार्यों की जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध, हरियाणा विधान सभा देशभर में ऐसी पहली विधानसभा है जहां लोक लेखा समिति की एक भी रिपोर्ट लंबित नहीं

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा विधानसभा का वर्ष 2024-25 का बजट सत्र कई मायनों में अहम रहा। एक ओर जहां, मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने वित्त मंत्री के रूप में लगातार पांचवां टैक्स फ्री बजट किया प्रस्तुत किया, तो वहीं दूसरी ओर इस सत्र में हरियाणा विधानसभा को डिजिटलाइज करके प्रधानमंत्री के डिजिटल इंडिया मिशन को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी बढ़ाया। लगातार पांचवीं बार बजट प्रस्तुत कर मुख्यमंत्री ने एक सुलझे हुए अर्थशास्त्री की तरह बजट में मितव्ययिता की धारणा पर चलते हुए उपलब्ध साधनों व संसाधनों का



आवश्यकता के अनुरूप केवल उतनी ही मात्रा में उपयोग किया, जितनी की आवश्यकता है। चाहे उनकी उपलब्धता में कोई कमी न हो, लेकिन ध्यान केंद्रित करते हुए एक अनुशासित तरीके से उपयोग किया ताकि सरकारी खजाने का अकारण अपव्यय या क्षय न हो।

हरियाणा गठन के बाद अब तक के सर्वाधिक राशि 1,89,876.61 करोड़ रुपये का बजट हुआ पेश किया। मुख्यमंत्री ने बतौर वित्त मंत्री के रूप में एफ.एम.बी.ए. के मानदंडों पर चलते हुए जीएसडीपी की 3 प्रतिशत की सीमा के अंदर ही ऋण लिया है, जो एक वित्तीय संस्थानों की एक समृद्ध परंपरा है।

यह बजट सत्र इसलिए भी महत्वपूर्ण रहा कि विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने विधानसभा सचिवालय को कॉर्पोरेट लुक दिया है। राष्ट्रीय ई-विधानसभा की धारणा पर चलते हुए इस बजट सत्र के दौरान हरियाणा गठन के बाद वर्ष 1966 से लेकर फरवरी, 2024 तक के सभी विधायी कार्य अपलोड कर दिये गए हैं, जिसमें प्रश्नकाल, ध्यानाकर्षण प्रस्ताव, सत्र अवधि, प्राइवेट मेंबर बिल भी शामिल हैं। इसके अलावा, सुख सहायक से लेकर राजपत्रित अधिकारियों व विधानसभा सचिव तक के अधिकारी के लिए ड्रेस कोड लागू किया है। विधानसभा सत्र में सभी कर्मचारी अपने-अपने पद के अनुरूप अलग-अलग रंग की ड्रेस में नजर आए।

**वित्तिय**

8 एफ.एम.बी.ए. के मानदंडों पर चलते हुए जीएसडीपी की 3 प्रतिशत की सीमा के अंदर ही ऋण लिया है

## संपादकीय

# आयुर्वेद को आलोचना नहीं, शोध की जरूरत

**आनंदपूर्ण** जीवन मनुष्य की स्वाभाविक इच्छा है। इसके लिए शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य जरूरी है। स्वस्थ जीवन और दीघार्यु सबकी अभिलाषा है। वैदिक ऋषि सौ वर्ष के स्वस्थ जीवन के लिए स्तुतियां करते थे। प्राचीन काल का जीवन प्रकृति रस से भरपूर था। लेकिन आधुनिक जीवनशैली के कारण रोग बढ़ रहे हैं। रोग रहित जीवन और स्वस्थ जीवन में अंतर है। रोगी शरीर में अंतसंर्गीत नहीं होता। स्वस्थ जीवन और दीघार्यु में आनंदपूर्णता है। भारत में अनेक चिकित्सा पद्धतियां हैं। आयुर्वेद आचार आधारित प्राचीन आयुर्विज्ञान है और एलोपैथी उपचार आधारित चिकित्सा विज्ञान। होम्योपैथी यूनानी सिद्धा आदि पद्धतियां भी हैं। स्वस्थ जीवन के लिए सब उपयोगी हैं। लेकिन यहां योगगुरु रामदेव पर आयुर्वेद से भिन्न चिकित्सा प्रणाली की आलोचना के आरोप हैं। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा दायर याचिका में सुनवाई के दौरान सर्वोच्च न्यायालय ने इसे गलत बताया है। कोर्ट ने पहले भी इसे गलत बताया था। शरीर रहस्यपूर्ण संरचना है। इसकी आतंरिक गतिविधि का बड़ा भाग जान लिया गया है। चिकित्सा विज्ञानियों को इसका श्रेय है। आयुर्वेद का जन्म लगभग 4000 वर्ष ई.पूर्व ऋग्वेद के रचनाकाल में हुआ और विकास अथर्ववेद (3000 ई.-2000 ई.पूर्व) में। मैकडनल और कीथ ने 'वैदिक इंडेक्स' में लिखा है, "भारतीयों की रुचि शरीर रचना सम्बधी प्रश्नों की ओर बहुत पहले से थी। अथर्ववेद में अनेक अंगों के विवरण हैं और यह गणना सुव्यवस्थित है।" अथर्वेद आयुर्वेद का वेद है। इन लेखकों ने आयुर्वेद के दो आचार्यों चरक व सुश्रुत का उल्लेख किया है। अथर्ववेद में सैकड़ों रोगों व औषधियों का उल्लेख है। यूरोप में एलोपैथी का विकास 17वीं सदी के आसपास हुआ। एचएस मेन ने लिखा है, "भारतीयों ने चिकित्सा शास्त्र का विकास स्वतंत्र रूप से किया। पाणिनि के व्याकरण में विशेष रोगों के नाम है। मालूम होता है कि चिकित्सा शास्त्र का विकास उनके पहले 300 ई. पूर्व हो चुका था। अरब चिकित्सा प्रणाली की आधार शिला संस्कृत ग्रंथों के अनुवादों पर रखी गई। यूरोपीय चिकित्सा शास्त्र का आधार 17वीं सदी तक अरब चिकित्सा शास्त्र ही था।" एलोपैथी सुव्यवस्थित आधुनिक चिकित्सा पद्धति है। कहा जाता है कि इस चिकित्सा का नाम (1810 ई.) जर्मन चिकित्सक डॉ. सैमुअल हैनीमैन ने एलोपैथी रखा था। इसका अर्थ भिन्न मार्ग है। इसे पश्चिमी चिकित्सा विज्ञान/आधुनिक चिकित्सा विज्ञान भी कहते हैं। इसका चिकित्सातंत्र बड़ा है और शोध का दायरा भी। इसने करोड़ों लोगों को पुनर्जीवन दिया है। सर्जरी, रेडिएशन, सीटी स्कैन, एमआरआई सहित तमाम घटक विस्मयकारी हैं। कारोना महामारी के दौरान जीवन की परवाह त्यागते हुए उपचार करने वाले वैज्ञानिक, चिकित्सक व पैरा मेडिकल स्टाफ प्रशंसनीय रहे हैं।

आयुर्वेद आयु का विज्ञान है। यह चिकित्सा विज्ञान होने के साथ स्वस्थ रहने की जीवनशैली भी है। चरक संहिता आयुर्वेद का प्रतिष्ठित ग्रंथ है। संहिता की शुरूआत जीवन सूत्रों से होती है। बताते हैं, "यहां बताए गए स्वस्थव्रत का पालन करने वाले 100 वर्ष की स्वस्थ आयु पाते हैं। आरोग्य सुख है और रोग दुख। दुख का कारण रोग है।"" फिर रोगों का कारण बताते हैं, "इन्द्रिय विषयों का अतियोग, अयोग और मिथ्यायोग ही रोगों के कारण हैं।"

# कानून रसूखदारों के सिर्फ खिलौना है !

**आशीष वशिष्ठ**

"कितनों को उसके दोषी की सजा याद है? कुछ दिन बाद ऐसा ही संदेशखाली में को भी लेकर होगा। प्रभावशाली किस मामले में फंस भी जाते हैं तो उनके चेहरे, बाडी लैग्वेंज, चेहरे से टपकते घमंड और अहंकार को देखकर ऐसा नहीं लगता कि उनको कानून का रत्ती भर भी भय है। पुलिस प्रशासन को तो वो अपना चाकर समझते हैं। कहीं न कहीं व्यवस्था भी उनकी चाकरी करती दिखाई देती है। न्याय व्यवस्था भी ऐसी है कि प्रभावषाली लोगों को जमानत देने में देर नहीं करती। आधी रात को भी उनके मामले सुन लिए जाते हैं। हालांकि देश की अदालतों में करोड़ों मुकदमे लंबित हैं। और आम व्यक्ति को न्याय पाने के लिए वर्षों प्रतीक्षा करनी पड़ती है। भ्रष्टाचार व अन्य गंभीर मामलों में दर्जनों रसूखदार आसानी से जमानत पाकर आराम की जिंदगी बिता रहे हैं"

**इसमें** कोई दो राय नहीं है कि प्रभावशाली लोग कानून को खिलौना समझ कर खेलते हैं। और व्यवस्था भी उनके इस काम में खूब मददगार साबित होती है। बरसों बरस से देश में ऐसा ही चलता आ रहा है। सख्त से सख्त कानून बनाने और तमाम दूसरे उपायों के बाद भी रसूखदार कानून का आए दिन मजाक उड़ाने से बाज नहीं आते हैं। कानून को बौन साबित करने वाली इस जमात को राजनीतिक संरक्षण हासिल होता है। ऐसे में धनबल और राजनीतिक संरक्षण प्राप्त ये लोग व्यवस्था की कमियों और छिद्रों के चलते नियम कानूनों को आसानी से गच्चा देते हैं। आम आदमी की मामूली-सी गलती पर उसे पकड़ने में भरपूर तेजी दिखाने वाली पुलिस को प्रभावशाली और रसूखदार लोगों तक पहुंचने में वक्त लग ही जाता है। पश्चिम बंगाल में इसकी अवधि कुछ ज्यादा ही लंबी हो जाती है। संदेशखाली मामले से चौतरफा निंदा का पात्र बना तृणमूल कांग्रेस का नेता शाहजहां शेख 55 दिनों से फरार रहने के बाद पुलिस की गिरफ्त में आया है! लेकिन तब, जब कलकत्ता उच्च न्यायालय ने ममता सरकार को फटकार लगाई। यदि फटकार नहीं लगी होती तो उसे छुपाए रखा गया होता। वह जिस हनक और रूआब से थाने और अदालत में दाखिल हुआ, उससे यही लगा कि वह कोई शहंशाह है। पश्चिम बंगाल पुलिस उसके आगे दंडवत और सहमी सी दिखी। उसे सत्ता का संरक्षण प्राप्त था, यह सच्चाई तृणमूल कांग्रेस के इस कथन से छिपने वाली नहीं कि हमने उसे निलंबित कर दिया। यह राजधर्म नहीं, बेशर्मी है कि उसे गिरफ्तार न करने के लिए उच्च न्यायालय के आदेश की गलत व्याख्या तक की गई। यदि ईडी को शक है कि बंगाल पुलिस शाहजहां शेख की मदद कर सकती है तो यह स्वाभाविक है। बड़ी निर्लज्जता से तृणमूल कांग्रेस की सरकार अपने नेता का बचाव करती रही। संदेशखाली की महिलाओं ने जिन शब्दों में अपनी पीड़ा का बयान किया है, उससे किसी पत्थर दिल व्यक्ति का भी दिल पिघल सकता है। लेकिन पश्चिम बंगाल की महिला मुख्यमंत्री का दिल नहीं पसीजा। भारतीय जनता पार्टी के विरोध और हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणियों के बाद शाहजहां को गिरफ्तार किया गया।

दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल से प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी दिल्ली शराब घोटाले में पूछताछ के लिए अब तक आठ समन भेज चुका है। जांच एजेंसी के सामने पेश होने की



बजाय केजरीवाल ईडी के समन को ही गैर कानूनी बता रहे हैं। वो कानूनी दांव पेंच से जांच से बच रहे हैं। और दिल्ली विधानसभा में खड़े होकर केंद्र की मोदी सरकार से लेकर अपने राजनीतिक विरोधियों पर जमकर अपनी भड़ास निकाल रहे हैं। चूंकि विधानसभा में दिए बयान पर कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हो सकती। इसी के चलते केजरीवाल ने विधानसभा को अपनी भड़ास निकालने और राजनीतिक विरोधियों पर मनगंढ़त आरोप लगाने का मंच बना रखा है। देश की जनता उनका तमाशा देख रही है। जिस शराब घोटाले में उनसे पूछताछ होनी है, उसी घोटाले में उनके सबसे खास साथी मनीष सिसोदिया और संजय सिंह तिहाड़ की रोटियां तोड़ रहे हैं। एक संवैधानिक पद पर बैठा व्यक्ति किस तरह कानून और संविधान का उपहास उड़ा रहा है, उससे समाज में गलत उदाहण तो पेश हो ही रहा है। वहीं आम आदमी के मन में यह सवाल भी उठता है कि क्यों कानून रसूखदारों सामने कमजोर और असहाय दिखाई देता है? केजरीवाल की तरह तेंलगाना के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी ईडी के समन की अवमानना करते रहे, और खुद को बचाने के सारे यत्न उन्होने किये। बड़ी जदोजहद के बाद ईडी ने उन्हें अपने शिकंजे में लिया। फिलवक्त सोरेन जेल का भोजन पा रहे हैं। पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट ने हत्या और बलात्कार के मामले में जेल में सजा काट रहे राम रहीम को बार-बार पैरोल दिये जाने पर सवाल उठाया। हाईकोर्ट ने कहा कि क्यों केवल राम रहीम को बार-बार पैरोल मिल रही है? बाकी कैदियों को क्यों नहीं लाभ दिया जाता? रेप के दोषी राम रहीम को इस साल जनवरी में 50 दिन की पैरोल दी गई थी। यह लगभग 10 महीने में उसकी 7वीं और पिछले चार वर्षों में 9वीं पैरोल थी। हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार को आदेश दिया है कि अब अदालत की अनुमति के बिना राम रहीम को पैरोल नहीं दी जाएगी। सत्ता, व्यवस्था, कानून के रक्षक और संरक्षक के गठजोड़ से ही राम रहीम जैसे रसूखदार कानून को फुटबाल बनाकर खेलते हैं। जब तक सत्ता के गलियारों से आपराधिक लोगों को संरक्षण मिलता रहेगा, तब तक ये निर्लज्जता बनी रहेगी। हरेक घटना में किसी न किसी रसूखदार का, किसी न किसी सत्ताधारी का संरक्षण दिखता रहा है। हर बार सत्ता की तरफ से कठोर से कठोर कार्यवाही किये जाने की बात कही जाती है, कुछ दोषियों की गिरफ्तारी भी हो जाती है, जांच करवाए जाने की लीपापोती कर दी जाती है और उसके बाद सब कुछ भूल-भुला लिया जाता है। संदेशखाली जैसी घटनाएं कुछ दिन चर्चा में रहती हैं फिर जनमानस की खोपड़ी से गायब हो जाते हैं. निठारी कांड कितनों को याद है? बिहार मुजफ्फरपुर शेल्टर होम रेप केस कितनों को याद है?

कितनों को उसके दोषी की सजा याद है? कुछ दिन बाद ऐसा ही संदेशखाली में को भी लेकर होगा। प्रभावशाली किस मामले में फंस भी जाते हैं तो उनके चेहरे, बाडी लैग्वेंज, चेहरे से टपकते घमंड और अहंकार को देखकर ऐसा नहीं लगता कि उनको कानून का रत्ती भर भी भय है। पुलिस प्रशासन को तो वो अपना चाकर समझते हैं। कहीं न कहीं व्यवस्था भी उनकी चाकरी करती दिखाई देती है। न्याय व्यवस्था भी ऐसी है कि प्रभावषाली लोगों को जमानत देने में देर नहीं करती। आधी रात को भी उनके मामले सुन लिए जाते हैं। हालांकि देश की अदालतों में करोड़ों मुकदमे लंबित हैं। और आम व्यक्ति को न्याय पाने के लिए वर्षों प्रतीक्षा करनी पड़ती है। भ्रष्टाचार व अन्य गंभीर मामलों में दर्जनों रसूखदार आसानी से जमानत पाकर आराम की जिंदगी बिता रहे हैं। चारा घोटाले में सजा पाए लालू प्रसाद यादव स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों के चलते जमानत पर हैं। राजनीति में उनकी सक्रियता बताती है कि अब वो स्वस्थ हैं। और अगर वो स्वस्थ हैं तो वो जमानत पर क्यों हैं? अगर रसूखदारों को जेल जाना भी पड़ा तो वहां भी उनके मनमुताबिक ऐशो आराम जारी रहता है। ऐसे सैकड़ों उदाहरण है। दिल्ली के मंत्री सत्येंद्र जैन के जेल की कोठरी में कथित तौर पर मालिश कराने का वीडियो देश ने देखा है। यूपी के चर्चित नेता और माफिया मुख्तार अंसारी की पंजाब की जेल में कांग्रेस की सरकार ने जो मेहमाननवाजी की उसे कौन भूल पाएगा।

देशवासी भूले नहीं होंगे जब एक रसूखदार दामाद ने मैंगो पीपल कहकर आम आदमी का जिस तरह मजाक उड़ाया था, बॉलीवुड के एक गायक ने फुटपाथ पर सोने वाले बेघर लोगों को कुत्ते कहकर उसी अहंकार का परिचय दिया था। किसी नेता या रसूखदार को जब जांच एजेंसी पकड़ती है तो वो विजय मुद्रा बनाकर हवा में हाथ लहराता है। मानो उसने कोई महान काम किया है। गिरफ्तारी के समय या जांच के लिए जाते वक्त नेताओं और रसूखदारों के हाव भाव ऐसे होते है मानो वो एहसान करने जा रहे हैं। और उन्होंने कोई गलत काम नहीं किया, उनको तो राजनीति के चलते फंसाया गया है। जांच एजेंसी के आफिस के बाहर नेता के समर्थकों का धरना, प्रदर्शन अप्रत्यक्ष तौर पर जांच एजेंसी को डराने, धमकाने और प्रेशर डालने का कृत्य है।

वहीं किसी रसूखदार को सजा मिलने पर जिस तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आती हैं, वे स्तब्ध करने वाली होती हैं। उनमें अपने विशिष्ट होने का अहंकार और न्यायालय की अवमानना के साथ-साथ संवेदनहीनता की पराकाष्ठा भी सुनाई पड़ती है। खुद को कानून से ऊपर समझने वाले किसी रसूखदार ने अगर कोई गैर कानूनी काम किया है तो देर सबेर कानून उनके किए की सजा देगा ही, लेकिन उस उच्चवर्गीय अहंकार पर अंकुश लगाने की भी जरूरत है, जो अपने गलत कामों को सही सिद्ध करने के हठ में अमानवीय हो जाता है।

## कविता

**"झूमता बसन्त है"**

फूलों में, कलियों में, पत्तो में, फलियों में,
गाँव की गलियों में, प्यार के छलियों में,
झूमता बसन्त है।

रंगों में, अंगों में, प्रेम के प्रसंगों में,
बागों में, बहारों में, गांवों में, बाजारों में,
झूमता बसन्त है।

बच्चों में, जवानों में, बूढ़ो में, सयानो में,
दीवानों परवानों में, मेरे-तेरे अरमानों में,
झूमता बसन्त है।

एक में, लाखों में, प्यार भरी आंखों में,
सरसों के फूलों में, प्रीत के झूलों में,
झूमता बसन्त है।

गेंदा में, गुलाब में, आफताब मेहताब में,
फितरत में, कुदरत में, मोहब्बत में, नफरत में,
झूमता बसन्त है।

हंसने में, मुस्काने में, अदा में इतराने में,
प्यार में, जलन में, विरह में, मिलन में,
झूमता बसन्त है।

नदियों में, पहाड़ों में, गर्मी में, जाड़ो में,
दिन में रात में, बातों ही बात में,
झूमता बसन्त है।

संजीव

## प्राकृतिक कीटनाशक क्या हैं?

**प्राचीन** फारस (आज का ईरान) में खाने योग्य पौधों पर हमला करने वाले कीड़ों को खत्म करने के लिए, गुलदाउदी के सूखे फूलों से तैयार प्राकृतिक कीटनाशक पाइरेथ्रम का उपयोग किया जाता था। आगे चलकर उसका उपयोग जुं मारने के लिए हुआ। लेकिन 20वीं सदी के आरंभ से फलों, अनाजों और सब्जियों को कीड़ों से बचाने के लिए बड़े पैमाने पर एकल खेती आर्सेनिक, सल्फर या तांबा-युक्त रसायनों पर निर्भर होने लगी थी.

**धरती और किसानों को भी मार रहे हैं कीटनाशक:** उन तमाम रासायनिक कीटनाशकों का जैव प्रणालियों और मानव स्वास्थ्य पर काफी गंभीर प्रभाव पड़ा. इसीलिए कुछ देशों ने उन पर रोक लगा दी. यूरोपीय संघ भी लंबे समय से चेतावनी देता आ रहा है लेकिन ग्लाइफोसेट को गैरकानूनी बनाने में नाकाम ही रहा है. ये रासायनिक कीटनाशक जैवविविधता के लिए खतरा है और कैंसर के पनपने का कारण भी. लेकिन विकल्प क्या है?

**कीटनाशकों का प्राकृतिक उत्पादन:** पौधे से मिलने वाले पाइरेथ्रम जैसे उत्पादों से तैयार जैव कीटनाशक हो या नीम से निर्मित तेल(एसेन्शियल ऑयल) या रोगाणुओं के खिलाफ बचाव करने वाली फफूंद (फंगस) की किस्में, ये तमाम चीजें दुनिया भर में लोकप्रिय होती जा रही हैं। किसान रासायनिक कीटनाशकों से तौबा कर रहे हैं।

भारत में बहुतायत में पाए जाने वाले नीम के पेड़ में बड़ी संख्या में लीमोनॉयड पाए जाते हैं. ये अक्सर सीट्रस पौधों में मिलते हैं और अपनी कीटनाशक खूबियों के लिए विख्यात हैं. तेल के रूप में प्रयोग करने से कीड़े पास नहीं फटकते। उदाहरण के लिए कुदरती कीटनाशक, टिड्डियों को काबू करने और फसल को बर्बाद कर देने वाले टिड्डी दल को बनने से रोकने में असरदार होता है. रोजमेरी का तेल भी विविध अनाज और सब्जी प्रजातियों की वृद्धि रोकने और उन्हें खराब करने वाले एफिडों के खिलाफ आला दर्जे का प्रतिरोधक साबित हुआ है। तमिलनाडु में एक किसान ने रासायनिक कीटनाशकों से छुटकारा पा लिया जिनकी वजह से उनकी सेहत पर असर पड़ा था। अब वो गौमूत्र और घर पर उगाई लीकों (प्याज के प्रकार की एक वनस्पति) से तैयार दवा का छिड़काव करते हैं. उनकी जैविक फसलें लहलहा रही हैं.

प्राकृतिक कीटनाशक कैसे काम करते हैं।

दिसंबर में प्रकाशित एक अध्ययन में ऑस्ट्रेलियाई शोधकताओं ने दिखाया कि कैसे नीले-हरे एफिड, रासायनिक कीटनाशकों के खिलाफ प्रतिरोध विकसित कर चुके हैं. ये रुझान पूरी दुनिया में देखा गया. इस प्रतिरोध को तोड़ने के लिए शोधकताओं ने गैर-रासायनिक कीट नियंत्रण विकल्पों की सिफारिश की. जिनमें सोनपंखी यानी एक किस्म के गुबरैले और पैरासिटॉइड ततैये जैसे "स्वाभाविक शत्रुओं" को प्रोत्साहन भी शामिल था. अध्ययन के मुताबिक मच्छर जनित बीमारी की सफल रोकथाम के लिए बैक्टीरिया के नये रूपों का इस्तेमाल, दूसरा विकल्प है. कीट नियंत्रण के लिए रासायनिक कीटनाशकों पर निर्भर रहने की अपेक्षा क्षेत्र-विशेष समाधान लागू किए जाने चाहिए।

## विचार

# बिहारी क्रिकेटर कब खेलेंगे टीम इंडिया से

**आर.के. सिन्हा**

मौजूदा भारत और इंग्लैंड के बीच चल रही पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में बिहार के दो नव युवा खिलाड़ी झआकाशदीप और मुकेश कुमार ने शानदार प्रदर्शन करके अपनी प्रतिभा से क्रिकेट प्रेमियों का दिल जीत लिया। पर यह बिहार का दुर्भाग्य ही कहा जायेगा कि दोनों खिलाड़ी बिहार की टीम से नहीं खेलते। यह दोनों खेलते हैं बंगाल की टीम से रणजी ट्रॉफी में। इसकी वजह यह है कि बिहार में क्रिकेट मैनेजमेंट तार-तार हो चुका है। आकाशदीप का संबंध बिहार के रोहतास जिले से है। आकाशदीप ने रांची टेस्ट मैच में अपनी सधी हुई गेंदबाजी की बदौलत इंग्लैंड टीम के तीन खिलाड़ियों को आउट कर-के सनसनी मचा दी थी। उनके दादा निशान सिंह स्वाधीनता सेनानी थे। अब आकाशदीप 7 मार्च से शुरू होने वाले पांचवें और आखिरी टेस्ट मैच के लिए हिमाचल प्रदेश जाएंगे और भारतीय क्रिकेट टेस्ट टीम का हिस्सा बनेंगे। उनकी तरह ही मुकेश कुमार भी हैं। बिहार के गोपालगंज जिले में स्थित काकड़कुंड गांव के रहने वाले मुकेश कुमार का चयन टीम इंडिया में वेस्टइंडीज टूर के लिए किया गया था। मुकेश कुमार भी तेज गेंदबाज हैं। मुकेश आईपीएल में भी धमाकेदार प्रदर्शन कर चुके हैं। वह आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स टीम का हिस्सा थे। मुकेश कुमार दाहिने हाथ के तेज गेंदबाज हैं। इसके साथ ही, वह बायें हाथ के बल्लेबाज भी है। इस तरह दोनों ही खिलाड़ी भोजपुरिया हैं क मुकेश के पिता कोलकाता में टैक्सी चलाते थे। साल 2019 में उनकी मृत्यु हो गई थी। तब मुकेश ने बंगाल में ही खेलते-खेलते कई लोगों से संपर्क बनाया और अपने मेहनत के बल पर नई पहचान बनाई अफसोस कि बिहार में क्रिकेट का मैनेजमेंट बहुत बुरी स्थिति में है। इसलिए बिहार के प्रतिभाशली खिलाड़ी अन्य टीमों का रुख करते हैं। पिछले महीने पटना में बिहार और मुंबई की टीमों के बीच रणजी ट्रॉफी का मैच हुआ तो बिहार की दो टीमें मैदान में आ गईं। पटना के मोइनुल हक स्टेडियम में खेले गए रणजी ट्रॉफी के एलिट ग्रुप बी मुकाबले में मुंबई की टीम ने बिहार को एक पारी और 51 रन से हराया। पर यह खबर नहीं थी।

खबर यह थी कि मुंबई की टीम जिस स्टेडियम में मैच खेल रही थी उसकी हालत बेहद खराब थी। वहां पर दर्शकों के लिए बैठने तक की जगह नहीं थी। मैच को देखने के लिए रोज हजारों दर्शकों को भारी कठिनाई में मैच देखना पड़ा। जब देश में एक से बढ़कर एक बहुत सारे स्टेडियम बन चुके हैं, तब सारे बिहार में एक भी कायदे का स्टेडियम नहीं है। यह कोई बहुत अच्छी बात नहीं मानी जा सकती। इस बीच, ईशान किशन तो बीते कई सालों से भारतीय टीम में हैं। लेकिन वे भी झारखंड के लिए खेलतें है। उन्हें 2016 में अंडर 19 क्रिकेट विश्व कप के लिए भारत की टीम का कप्तान बनाया गया था। ईशान 2018 से इंडियन प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस की टीम का हिस्सा हैं। ईशान का जन्म बिहार के नवादा जिला में हुआ था। उनके जन्म के बाद उनका परिवार पटना शिफ्ट हो गया था। उन्हें भी झारखंड शिफ्ट होना पड़ा क्यों बिहार में क्रिकेट का कोई इंफ्रास्टक्क्रर नहीं है। क्रिकेट प्रेमियों को याद होगा कि संयुक्त बिहार के दौर में दिल्ली की टीम के कई बड़े खिलाड़ी बिहार से खेलने के लिए दिल्ली को छोड़ देते थे। इस लिहाज से रमेश सक्सेना का नाम सबसे पहले जेहन में आता है। उन्होंने एक टेस्ट मैच भी खेला। रमेश सक्सेना ने 1960-61 में अपना पहला प्रथम श्रेणी का मैच खेला था। उन्होंने 1966-67 में दिल्ली को अलविदा कह कर बिहार का रुख कर लिया था। रमेश सक्सेना के अलावा हरि गिडवाणी भी दिल्ली के बाद बिहार चले गए थे। उन्होंने लंबे समय तक बिहार की नुमाइंदगी की। यह दोनों क्लासिक बल्लेबाज थे। हरि गिडवाणी की पुरानी दिल्ली के चांदनी चौक में मिठाई की एक बहुत मशहूर दुकान भी है। बिहार को क्रिकेट ही नहीं बल्कि सभी खेलों में अपने जौहर दिखाने होंगे। बिहार सरकार को भी राज्य में खेलों के विकास के लिए इनवेस्ट करना होगा। सारे बिहार के समाज को सोचना होगा कि वे खेलों के संसार में किसी मुकाम पर क्यों नहीं पहुंच सके?


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज (9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# आयुर्वेद को आलोचना नहीं, शोध की जरूरत

**हृदयनारायण दीक्षित**

**आनंदपूर्ण** जीवन मनुष्य की स्वाभाविक इच्छा है। इसके लिए शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य जरूरी है। स्वस्थ जीवन और दीघार्यु सबकी अभिलाषा है। वैदिक ऋषि सौ वर्ष के स्वस्थ जीवन के लिए स्तुतियां करते थे। प्राचीन काल का जीवन प्रकृति रस से भरपूर था। लेकिन आधुनिक जीवनशैली के कारण रोग बढ़ रहे हैं। रोग रहित जीवन और स्वस्थ जीवन में अंतर है। रोगी शरीर में अंतसंर्गीत नहीं होता। स्वस्थ जीवन और दीघार्यु में आनंदपूर्णता है। भारत में अनेक चिकित्सा पद्धतियां हैं। आयुर्वेद आचार आधारित प्राचीन आयुर्विज्ञान है और एलोपैथी उपचार आधारित चिकित्सा विज्ञान। होम्योपैथी यूनानी सिद्धा आदि पद्धतियां भी हैं। स्वस्थ जीवन के लिए सब उपयोगी हैं। लेकिन यहां योगगुरु रामदेव पर आयुर्वेद से भिन्न चिकित्सा प्रणाली की आलोचना के आरोप हैं। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा दायर याचिका में सुनवाई के दौरान सर्वोच्च न्यायालय ने इसे गलत बताया है। कोर्ट ने पहले भी इसे गलत बताया था।शरीर रहस्यपूर्ण संरचना है। इसकी आतंरिक गतिविधि का बड़ा भाग जान लिया गया है। चिकित्सा विज्ञानियों को इसका श्रेय है। आयुर्वेद का जन्म लगभग 4000 वर्ष ई.पूर्व ऋग्वेद के रचनाकाल में हुआ और विकास अथर्ववेद (3000 ई.-2000 ई.पूर्व) में। मैकडनल और कीथ ने 'वैदिक इंडेक्स' में लिखा है, "भारतीयों की रुचि शरीर रचना सम्बधी प्रश्नों की ओर बहुत पहले से थी। अथर्ववेद में अनेक अंगों के विवरण हैं और यह गणना सुव्यवस्थित है।" अथर्वेद आयुर्वेद का वेद है। इन लेखकों ने आयुर्वेद के दो आचार्यों चरक व सुश्रुत का उल्लेख किया है। अथर्ववेद में सैकड़ों रोगों व औषधियों का उल्लेख है। यूरोप में एलोपैथी का विकास 17वीं सदी के आसपास हुआ। एचएस मेन ने लिखा है, "भारतीयों ने चिकित्सा शास्त्र का विकास स्वतंत्र रूप से किया। पाणिनि के व्याकरण में विशेष रोगों के नाम है। मालूम होता है कि चिकित्सा शास्त्र का विकास उनके पहले 300 ई. पूर्व हो चुका था। अरब चिकित्सा प्रणाली की आधार शिला संस्कृत ग्रंथों के अनुवादों पर रखी गई। यूरोपीय चिकित्सा शास्त्र का आधार 17वीं सदी तक अरब चिकित्सा शास्त्र ही था।" एलोपैथी सुव्यवस्थित आधुनिक चिकित्सा पद्धति है।

## जान बचाने वाले को बुलडोजर का इनाम

**गरीबों** पर अन्याय का चाबुक और न्याय के नाम पर बुलडोजर भाजपा के शासनकाल की खासियत बन चुकी है। इसकी ताजा मिसाल दिल्ली से सामने आई है, जहां दिल्ली विकास प्राधिकरण यानी डीडीए ने अतिक्रमण हटाने के लिए कुछ गरीबों के घरों को बुलडोजर से रौंद दिया है। इन घरों में एक घर वकील हसन का भी है, जो चार महीने पहले सिलक्यारा सुरंग में मजदूरों को बचाने के कारण स्टार बन चुके थे, लेकिन फिलहाल वे सड़कों पर फाकाकशी को मजबूर कर दिए गए हैं। याद दिला दें कि 12 नवंबर को उत्तराखंड के सिलक्यारा में बन रही सुरंग का एक हिस्सा धंस गया था, जिसमें 41 मजदूर फंस गए थे। इन मजदूरों को निकालने के लिए विदेशों से मशीन मंगाने से लेकर सुरंग के मुंह पर मंदिर बनाने तक सारे जतन किए गए थे, लेकिन आखिरकार मजदूरों को बचाने का काम रैट माइनर्स ने किया था। चूहों की तरह जमीन खोदने की तकनीक पर रैट माइनर्स ने 21 घंटों तक बिना रुके 10-12 मीटर गहराई तक जमीन को हाथों से खोदा, मलबे को निकाला और तब जाकर 17 दिनों बाद 41 मजदूरों की जान बच सकी। अगर रैट माइनर्स अपनी जान जोखिम में डालकर अथक परिश्रम नहीं करते तो कोई बड़ी अनहोनी हो सकती थी। देश पर औद्योगिक हादसे का एक और कलंक लग सकता था। लेकिन रैट माइनर्स ने इन सबसे भाजपा सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बचा लिया। इन रैट माइनर्स को 41 मजदूरों की जान बचाने के एवज में 50-50 हजार रुपए दिए गए, मजदूरों के बाहर आते ही प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से उनसे बात की, रैट माइनर्स को कुछ दिनों तक मीडिया के जरिए नायक बनाया गया, कुछ नेताओं ने उनके साथ तस्वीरें उतरवाईं ताकि चुनाव में उसका लाभ मिल सके और महीने भर के भीतर न किसी को सिलक्यारा परियोजना में हुई गलतियों की याद रही न उस गलती में जिंदगियों को बचाने वालों की। शायद इसलिए नियमों और कानूनों का हवाला देते हुए गरीबों के घर पर बुलडोजर चलाने वाले डीडीए ने वकील हसन के घर पर बुलडोजर चलाने में झिझक नहीं दिखाई। डीडीए का अतिक्रमण विरोधी ताजा अभियान खजूरीखास इलाके में चला है।

## न्यूज फ्लैश

### स्ट्रीट लाइट चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपतः** कुंडली थाना पुलिस ने स्ट्रीट लाइट चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित मोनू निवासी झारखंड हाल किराएदार प्याऊ मनियारी कुंडली का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

गांव पलड़ी निवासी अनूप ने गत 29 फरवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि वह सिक्योरिटी कंपनी में बतौर एफओ की नौकरी करता है। वह रात एक बजे टीम के साथ अपने साथी कर्मचारी मोहित के साथ नांगल कलां के साथ पेट्रोलिंग कर रहा था। वह जे ब्लॉक में पहुंचा। उसी दौरान दो व्यक्ति लाइटों की चोरी कर रहे थे। उन्हें पकड़ने का प्रयास किया तो अंधेरे का फायदा उठाकर भागने लगे। उसी दौरान को उन्होंने काबू कर लिया। उसके पास चोरी किया हुआ सामान मिला। मामले को लेकर पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। जांच अधिकारी एचसी अशोक ने बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### फर्जी नोटों की गड्डी दिखाकर मोबाइल फोन खरीदने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपतः बहालगढ़** थाना क्षेत्र में फर्जी नोटों की गड्डी दिखाकर मोबाइल फोन खरीदने व पता करने पर मारपीट कर धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित के बयान पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपित मुख्त्यार अहमद निवासी जेजे कॉलोनी बवाना दिल्ली का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

### मोदी सरकार की योजनाओं को मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने संकल्प के साथ प्रदेश में लागू किया: नायब सैनी

**चंडीगढ़ः प्रदेश** अध्यक्ष नायब सैनी ने कहा है कि मोदी सरकार की योजनाओं को मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने संकल्प के साथ प्रदेश में लागू किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में लगे हैं, तो मुख्यमंत्री मनोहर लाल हरियाणा प्रदेश को विकसित बनाने के लिए दिन रात मेहनत कर रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी लोकसभा चुनाव के लिए 90 विधानसभाओं में चुनाव कार्यालयों के उद्घाटन अवसर पर पुंडरी में खुले कार्यालय का शुभारंभ करते हुए बोल रहे थे। शनिवार को मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गुरुग्राम में मौजूद होकर सभी 90 विधानसभा कार्यालयों का उद्घाटन किया। प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी इस कार्यक्रम में पुंडरी से जुड़े और मुख्यमंत्री के उद्बोधन को सुना। मुख्यमंत्री से पहले प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने भी प्रदेश के सभी विधानसभा कार्यालयों पर उपस्थित लोगों को वर्चुअली भी संबोधित किया। पुंडरी में बोलते हुए श्री सैनी ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश की राजनीति के मायनों को बदला है। मोदी सरकार की योजनाओं को मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने संकल्प के साथ हरियाणा में धरातल पर उतारा है। नायब सैनी ने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का संदेश प्रधानमंत्री ने पानीपत की भूमि से दिया था। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इस मिशन पर संकल्प के साथ काम किया और इसके सार्थक परिणाम आ रहे हैं। लाखों बेटियों को जीवनदान मिला है। बेटियों को शिक्षित करने के लिए 20 किलोमीटर दूरी पर कालेज खोलने का काम मनोहर सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को विकसित बनाने के काम में जुटे हुए हैं तो मुख्यमंत्री मनोहर लाल प्रदेश को विकति बनाने में लगे हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 2014 से पहले प्रदेश के युवाओं का सरकारों से विश्वास उठ चुका था। कांग्रेस के समय में पर्ची और खर्ची से युवाओं को नौकरियां मिलती थी, लेकिन 2014 में भाजपा सरकार बनने के बाद मनोहर सरकार ने युवाओं में विश्वास पैदा किया और गुडगवर्नेंस के जरिए सुशासन स्थापित किया। हरियाणा में अब युवाओं को योग्यता के आधार पर नौकरियां मिल रही हैं नायब सैनी ने कहा कि विपक्षी पार्टियां अपने चुनावी घोषणापत्र में बड़े-बड़े वादे करती थी, 24 घंटे बिजली देने का दावा करती थी, लेकिन चुनाव जीतने के बाद भूल जाती थी। मनोहर सरकार ने जो वादे किए उन्हें पूरा किया और आज 24 घंटे बिजली लोगों को मिल रही है। गरीब लोग आयुष्मान और चिरायु कार्ड के जरिए फ्री में अपना इलाज करा रहे हैं।

# 20 मार्च को श्रीश्याम फाल्गुनोत्सव में पहुंचेंगे मुख्यमंत्री मनोहर लाल: संजय

### हरिद्वार से गंगा जल लेकर समालखा पहुंची श्रीश्याम निशान यात्रा का सांसद संजय भाटिया की अगुवाई में हुआ

**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**क्षेत्रीय सांसद** संजय भाटिया ने बताया कि हरियाणा सरकार श्री श्याम बाबा की नगरी चुलकाना धाम को एक बड़े व अच्छे तीर्थ स्थल के रूप में विकसित करेंगी इसके लिए 20 मार्च को आयोजित होने वाले श्रीश्याम फाल्गुनोत्सव में प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल स्वयं चुलकाना धाम में बाबा को मत्था टेकने के लिए पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि महाभारत के युद्ध के दौरान भीम के पौत्र बर्बरीक ने इसी चुलकाना की धरती पर शीश का दान दिया था। इसलिए 20 किलोमीटर तक का क्षेत्र फाल्गुन मेले को लेकर सेवा क्षेत्र के रूप में परिवर्तित हो गया है। हर कोई श्याम बाबा के रंग में रंगा हुआ है। सांसद संजय भाटिया शनिवार को



समालखा में हरिद्वार से गंगा जल लेकर पहुंची श्री श्याम बाबा की निशान यात्रा का स्वागत कर रहे थे। इससे पहले हरिद्वार हर की पौड़ी से श्रीश्याम बाबा को गंगा-स्नान करवा कर व गंगाजल लेकर गत 25 फरवरी को श्री श्याम प्रचार प्रसार समिति के पदाधिकारी व सैकड़ों श्याम भक्त श्री श्याम निशान यात्रा को लेकर समालखा पहुंचे तो जयश्री श्याम के गगनभेदी जयकारें गूंजने लगे। श्याम भक्तो का उत्साह देखते ही बन रहा था। सांसद संजय भाटिया भी खुद को रोक नहीं पाये ओर श्याम भक्तो के साथ झूमने लगे। श्री श्याम निशान यात्रा का समालखा पहुंचने पर पूर्व पार्षद श्याम सुंदर बरेजा के पुराने बस अड्डा स्थित कार्यालय पर सांसद संजय भाटिया व भाजपा जिला महामंत्री कृष्ण छौक्कर,जिला सचिव सुभाष कुहाड, भाजपा शहरी मंडल अध्यक्ष नरेश कौशिक,पूर्व पालिका उपाध्यक्ष सुनील शर्मा, पार्षद मनीष बैनीवाल, विनोद वाल्मीकि, अनिल रमन, संजय गोयल, हरिओम शर्मा, रेनू धीमान, जेजेपी यूएलबी जिलाध्यक्ष विपीन छाबड़ा, विकास कुहाड, पूर्व पार्षद सुरेश झंडा, सुभाष शर्मा,राधेश्याम जिंदल व कांग्रेस नेता श्रीप्रकाश बंसल सहित सैकड़ों श्याम भक्तो ने यात्रा का फूल बरसाकर जोरदार स्वागत किया। श्रीश्याम निशान यात्रा रेलवे रोड, चुलकाना रोड से होते हुए देर शाम चुलकाना धाम पहुंची, जहां श्रीश्याम मंदिर में निशान चढ़ाने के बाद लकीसर बाबा के मंदिर में भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया।

## 'कृषि क्षेत्र में खाद्य पदार्थों में रसायन का कम से कम करें प्रयोग'

### राष्ट्रीय स्तरीय पांच दिवसीय संकाय कार्यक्रम का ऑनलाइन समापन

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** गुरु नानक खालसा कॉलेज में अंतर विषयक राष्ट्रीय स्तरीय पांच दिवसीय संकाय कार्यक्रम का ऑनलाइन समापन हुआ। गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर, गुरु नानक गर्ल्ज कॉलेज यमुनानगर, एसएमएस खालसा लबाना कॉलेज बराड़ा, बीएआर जनता कॉलेज कौल के संयुक्त तत्वाधान से आयोजित इस कार्यक्रम में डा. हितेन्द्र कुमार त्यागी, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र ने व्याख्यान दिया।

उन्होंने सभी प्राध्यापकों और प्राचार्यों को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि क्षेत्र में खाद्य पदार्थो में रसायन का कम से कम प्रयोग करें, ताकि इन खाद्य पदार्थो का मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव न पडे। उन्होंने बताया कि कृषि उत्पादों से विभिन्न उत्पाद बनाकर उनका दोबारा भी प्रयोग किया जा सकता है, ताकि संसाधनों का सदुपयोग हो सके।

जेसी बोस साईस विश्वविद्यालय फरीदाबाद के प्रो. डा. प्रमोद कुमार ने रिसर्च की नई तकनीक, नैनो तकनीक और विज्ञान में इनके महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक छोटी से छोटी तकनीक का प्रयोग करें और विकास एवं रचनात्मकता को महत्व दें। कॉलेज के प्राचार्य डा. गुरिन्द्र सिंह ने कहा कि यह संकाय विकासात्मक प्रोग्राम सभी प्राध्यापकों के लिए मील का पत्थर साबित होगा और काफी कुछ सीखने को मिलेगा।

आईक्यूएसी के इंचार्ज डा. देवी भूषण तथा प्रो. प्रीति ने मंच का संचालन किया और कार्यक्रम की रूपरेखा तथा इसके उपयोग बारे बताया।

### सेक्टर -1 कॉलेज में सात दिवसीय एनएसएस कैंप का शुभारंभ

**पंचकूलाः गवर्नमेंट पोस्ट** ग्रेजुएट कॉलेज, सेक्टर-1 में शुक्रवार को प्राचार्य यशपाल सिंह के दिशा-निदेशों के अंतर्गत कॉलेज की दोनों एनएसएस इकाइयों के सात दिवसीय एनएसएस कैंप का शुभारंभ हुआ। शुभारंभ कार्यक्रम में महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय, कैथल के रजिस्ट्रार डॉ. बृजपाल बतौर मुख्य अतिथि उपस्थिति रहे। उन्होंने कहा कि एनएसएस स्वच्छता का पर्याय बन चुका है। विवेकानंद को याद करते हुए उन्होंने कहा कि युवा होने तात्पर्य ऊर्जा से भरा होना है। एनएसएस का स्वयंसेवक उर्जा से भरे होने के कारण अपने सहित समाज के भले के लिए सदैव तत्पर रहता है।

# बार-बार खराब हो रही डिजिटल एक्स-रे मशीन

### मंगलवार को आठ मरीजों की एक्स-रे होने के बाद आई तकनीकि खराबी

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः नागरिक अस्पताल** में बार-बार खराब हो रही डिजिटल एक्स रे मशीन के कारण मरीजों को निराशा हो रही है। शुक्रवार को फिर मशीन में तकनीकी खराबी आने के कारण मरीजों को निराश होकर लौटना पड़ा। उनका कहना था कि अस्पताल प्रशासन की ओर से मशीन को ठीक कराने के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है। जिसकी वजह से यह मशीन बार-बार बंद हो रही है। शुक्रवार को 25 ही मरीजों के एक्स रे हो सके। मशीन खराब होने के बाद करीब 60 मरीज निराश होकर वापस लौट गए। प्रबंधन की तरफ से संबंधित कंपनी को सूचित किया गया है। वहीं जल्द मशीन को ठीक करवाने की बात कही जा रही है।

> **मशीन** काफी पुरानी हो चुकी है। प्रबंधन की तरफ से मशीन को ठीक करवाने के लिए संबंधित कंपनी से पत्राचार कर दिया है। बार-बार तकनीकी खराबी की जांच की जा रही है। जल्द से जल्द मशीन को ठीक करवाकर मरीजों को सुविधा देने के प्रयास किए जायेगे।
> डा. लोकवीर, प्रधान चिकित्सा अधिकारी नागरिक अस्पताल।
> बाद बंद पड़ी मशीन।

बता दें कि नागरिक अस्पताल में रोजाना 80 से 100 मरीजों के एक्स-रे होते है। वर्ष 2007 में लगाई गई एक्स-रे मशीन काफी पूरानी हो चुकी है। जोकि बार-बार खराब हो रही है। अस्पताल में एक्स रे न होने के कारण मरीजों का इलाज भी प्रभावित रहा। जिससे मरीजों को बाहर पैसे देकर एक्स-रे करवाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। डिजिटल एक्स-रे मशीन की वारंटी तक खत्म हो चुकी है। इसके बावजूद नई मशीन नहीं मंगवाई जा रही है। अस्पताल प्रशासन की लापरवाही का खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। प्रबंधन की तरफ से एक्सरे विभाग के गेट पर मशीन खराब होने का नोटिस चस्पाया गया है।

करीब दो साल से बंद पड़ा अल्ट्रासाउंड केंद्र-

नागरिक अस्पताल में स्थापित मशीने काफी पुरानी हो चुकी है। जिसके चलते वह बार-बार जवाब दे रही है। अस्पताल के लैब की मशीनें हो या एक्स-रे विभाग की मशीनें। लगभग सभी मशीनों सालो-साल पुरानी है। वहीं करीब दो साल से अस्पताल में रेडियो लाजिस्ट के न होने के चलते अल्ट्रासाउंड मशीन बंद पड़ी है। जिसके चलते गर्भवती महिलाओं सहित अन्य अल्ट्रासाउंड करवाने वाले मरीजों को परेशानी के साथ-साथ आर्थिक हानि का सामना करने पर मजबूर होना पड़ रहा है।

### यूपी का राजनीतिक माहौल, भाजपा के पक्ष में शत-प्रतिशतः धनखड

**चंडीगढ़ः भाजपा** के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ उत्तर प्रदेश में अपने तीन दिवसीय प्रवास के अंतिम दिन गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र की चुनावी तैयारियों का पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ जायजा लिया। इस दौरान चुनाव प्रबंधन समिति और कोर कमेटी के साथ बैठक की। धनखड ने कहा कि यूपी का राजनीतिक माहौल शत-प्रतिशत भाजपा के पक्ष में है। डबल इंजन की सरकार ने यूपी में बेहतरीन कार्य किया है। गरीब कल्याण और किसानों के हित में निर्णय लिए गए हैं। फसलों और गन्ने का भाव निरन्तर बढ़ाया गया। किसान हित की सोच को राजनीति में स्थान दिलाने वाले चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने बड़ा निर्णय मोदी सरकार ने लिया। हर किसान अपने आप को गौरवान्वित महसूस करता है। धनखड़ ने कहा कि यही समय है और सही समय है जब सभी बोल रहे हैं भाजपा 400 पार उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव की आहट के बीच पूरे देश में एक ही आवाज सुनाई दे रही है, अबकि बार भाजपा 400 पार और केंद्र में फिर से बनाएं मोदी सरकार। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने शनिवार को उत्तर प्रदेश की गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने बैठक में मौजूद कार्यकताओं से कहा कि जनता भाजपा के साथ चलने को तैयार है, कार्यकर्ताओं को अति आत्मविश्वास से बचना होगा।

## कृष्ण आगे बढ़ते चले गए, राधा अकेली रह गई...और द्वापर के समापन पर हुआ मिलन

**समालखा (कुलदीप सिंह)**

**कनुप्रिया यानी** श्रीकृष्ण की प्रिय साथी। राधा एक ऐसा पात्र है, जो श्रीकृष्ण के बचपन के साथ तो संग रहीं लेकिन जब उन्होंने अपना गांव छोड़ा तो राधा को भी अकेला छोड़ गए। चलो थियेटर में राधा के पात्र और विरह वेदना का जीवंत मंचन हुआ। यहां पाइट कॉलेज में रास कला मंच की ओर से 13वें राष्ट्रीय चलो थियेटर उत्सव का शुभारंभ हुआ। एनएसडी के निदेशक डॉ.चितरंजन त्रिपाठी ने उत्सव का शुभारंभ किया।

कनुप्रिया के इस मंचन में राधा पूछती है कि तुम कौन हो कनु। तुमने कंस का वध किया, तुम ही मटकी फोड़ते और तुम ही गोवर्धन पर्वत से हमें इंद्र के प्रकोप से बचाते हो। तुम ही हो जो मुझे छोड़कर महाभारत का युद्ध कराते हो। पल-पल बदलते दृश्यों के साथ राधा सभी दर्शकों को अपने साथ ले चलती है। कनुप्रिया नाटक का अंत होता है द्वापर युग के समापन के साथ। बैकुंठ धाम में आखिरकार राधा और कृष्ण का मिलन हो जाता है। कनुप्रिया के माध्यम से प्रेम के सात्विक पक्ष को दिखाया गया। कोलकाता से पद्मश्री निरंजन गोस्वामी, चरखीदादरी से हृदय कौशल और नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा से आसिफ अली को मंच से सम्मानित किया गया। रास कला मंच के निदेशक रवि मोहन ने कनुप्रिया नाटक का मंचन किया। इस अवसर पर पाइट के चेयरमैन हरिओम तायल, वाइस चेयरमैन राकेश तायल, डीन डॉ.बीबी शर्मा भी मौजूद रहे।

## यूनियन के बाहर खड़ी 10 टायरी गाड़ी चोरी, मुकदमा दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः सेक्टर-27** शहर सोनीपत थाना क्षेत्र में यूनियन के बाहर खड़ी गाड़ी के चोरी होने का मामला सामने आया है। गाड़ी मालिक ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस गाड़ी का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके।

गांव पुरखास गढ़ी निवासी जोगिंद्र सिंह ने बताया कि उसने एक दस टायरी गाड़ी खरीदी थी। गत 27 फरवरी को गाड़ी को यूनियन के सामने काम करने के लिए खड़ी किया था। अगले दिन सुबह विक्की ने बताया कि उसकी गाड़ी चोरी हो गई है। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## केयू वाणिज्य विभाग में अनुभूति व मनोदृष्टि विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान आयोजित

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग में विद्यार्थियों की अनुभूति व मनोदृष्टि विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान अवसर पर पंजाब विश्वविद्यालय चडीगढ़ की प्रो. लक्ष्मी ने कहा कि अनुभूति व मनोदृष्टि से ही मनुष्य के व्यवहार का निर्धारण होता है। इसलिए इन दोनों का मनुष्य जीवन में विशेष महत्व है। उन्होंने आंतरिक एवं बाहरी व्यक्तित्व के विषय में भी विद्यार्थियों को अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि प्रातः सुबह उठते ही हमें ईश्वर का धन्यवाद करना चाहिए। उन्होंने कहानी के माध्यम से बताया कि



कैसे हमारे व्यक्तित्व में बदलाव आता है, क्यों हम अलग-अलग परिस्थितियों में अलग-अलग व्यवहार करते हैं तथा परिस्थिति का हमारे व्यक्तित्व पर क्या प्रभाव पड़ता है। हमें कोशिश करनी चाहिए कि हमारी मनोदृष्टि हर परिस्थिति में सकारात्मक हो ताकि हम चुनौतियों का सामना कर सकें। हमारा व्यक्तित्व लचीला होना चाहिए ताकि हम हर परिस्थिति में सही व्यवहार कर पाएं।

### संपोषणीय विकास पर विशेष व्याख्यान का आयोजन

**पंचकूलाः गवर्नमेंट** पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज, सेक्टर झ1 में शनिवार को प्राचार्य यशपाल सिंह के दिशा-निर्देशों के अंतर्गत कॉलेज की दोनों एनएसएस इकाइयों द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के दृष्टिगत संपोषणीय विकास पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। फॉरेस्ट मैनेजर डॉ. प्रतीक श्रीवास्तव ने एनएसएस स्वयंसेवकों को संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा निर्धारित 17 संपोषणीय विकास लक्ष्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि यदि सरकारें इन लक्ष्यों पर गंभीरता से काम करें तो अपना देश जल्द ही विकसित देशों की श्रेणी में आ जाएगा। आज देश सहित विभिन्न राज्य सरकारों का आकलन इन लक्ष्यों पर उनके किए गए कार्यों से किया जाने लगा है।

## पत्थर से बार-बार हमला कर युवक की बेरहमी से हत्या

### पुलिस ने महिला के बयान पर आरोपित के खिलाफ हत्या का मुकदमा किया दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः कुंडली** थाना क्षेत्र में पत्थर से बार-बार हमला कर युवक की बेहरमी से हत्या करने का मामला सामने आया है। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां शव को शवगृह में रखवया गया है। मृतक के परिजनों के आने के बाद पुलिस आगामी कार्यवाही अमल में लायेगी। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपित की तलाश कर रही है।

> **जांच जारी**
> 8 घायल को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया

ईदगाह कॉलोनी हाथरस यूपी हाल में कुंडली मील निवासी पूजा ने बताया कि वह अपने कमरे पर मौजूद थी। उसके साथ वाले कमरा नंबर-19 में आकाश चौधरी नाम का युवक अपनी पत्नी मोना के साथ रहता था। उसने लड़ाई-झगड़े का शोर सुनाई दिया। उसने देखा तो आकाश एक लड़के को पत्थरों से चोटें मार रहा था। उसके सिर व मुंह से खुन निकल रहा था। उसने व उसकी घर वाली मोना ने उसे छुड़वाने की कोशिश की, लेकिन उनहे साथ भी आकाश झगड़ा करने लगा। हमले में घायल हुए लड़का बेहोश हो गया। उसके बाद आकाश मौके से फरार हो गया। एंबुलेंस की मदद से घायल को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शवगृह में रखवाया। पुलिस ने युवक की पहचान की तो उसकी पहचान खड़खड़ा यूपी निवासी संदीप (34) के रूप में हुई। पुलिस ने पूजा नाम की महिला के बयान पर आरोपित आकाश के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

नौकरी करने के लिए एक दिन पहले आया था संदीप-

मिली जानकारी के अनुसार आकाश ने संदीप को नौकरी दिलवाने के लिए उसे बुलाया था। वह गांव से एक दिन पहले ही आकाश के पास आया था। देर शाम को शराब पीते समय उनका किसी बात को लेकर आपसी झगड़ा हो गया। जिसके बाद पत्थर से बार-बार हमला कर आकाश ने संदीप को घायल कर दिया। जिसकी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई।

# सड़क सुरक्षा और नशा के विरुद्ध किया जागरूक

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। हरियाणा** राज्य नारकोटिक्स ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ओ.पी. सिंह के दिशा-निर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के आदेशानुसार नशे के विरुद्ध जागरूकता के माध्यम से भी युवाओं को निरंतर जागरूक किया जा रहा है। जागरूकता कार्यक्रम के लिए ब्यूरो द्वारा जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा नियुक्त हैं, जो हरियाणा के विभिन्न जिलों में नशे के विरुद्ध प्रचार प्रसार में जुटे हुए हैं।

वे आज गाँधी कॉलेज एंड स्कूल ऑफ नर्सिंग में पहुंचे हुए थे।



संस्थान की प्राचार्य कविता की अध्यक्षता में ब्यूरो द्वारा एक दिवसीय 174वां नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने साइबर अपराध से बचने के उपाय, सडक सुरक्षा और नशे के विरुद्ध जागरूक करते हुए कहा कि यद्यपि इंटरनेट और मोबाइल फोन आदि मनुष्य के लिए बहुत अधिक महत्वपूर्ण हैं, लेकिन आज इनका प्रयोग सावधानी से करने की आवश्यकता है। किस

> **जागरूक**
> 8 डॉ. अशोक कुमार वर्मा नियुक्त हैं, जो हरियाणा के विभिन्न जिलों में नशे के विरुद्ध प्रचार प्रसार में जुटे हुए हैं

प्रकार इसका दुरूपयोग हो रहा है और हमें कैसे सावधान रहना चाहिए। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा वर्ष 2000 में सुचना प्रौद्योगिकी अधिनियम बनाकर इस पर अंकुश लगाने के काम किया है, तथापि सावधानी बहुत आवश्यक है। सडक सुरक्षा के बारे जागरूक करते हुए बताया कि 16 वर्ष का व्यक्ति केवल बिना गियर का वाहन चला सकता है, जब उसके पास ड्राइविंग लाइसेंस और अन्य आवश्यक प्रमाण हों। ओवरटेकिंग के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि ओवरटेकिंग तब ही करें, जब आवश्यक हो और सावधानी अति आवश्यक है।

उन्होंने नशे पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि पुलिस और ब्यूरो द्वारा वर्ष 2023 में 3823 अभियोग अंकित कर 5460 अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजा है। इतना ही नहीं 86 नशा तस्करों की संपतियाँ जब्त कर उनकी कमर तोड़ी गई है और वे अपराधी अब कारागार में है। यद्यपि हरियाणा पुलिस नशे को रोकने में हर संभव प्रयास कर रही है।

## छत पर सौर ऊर्जा पैनल लगाने पर हर महीने मिलेगी 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली : यादव

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** उपायुक्त अनीश यादव ने जिलावासियों का आह्वान किया कि सभी जिलावासी सरकार की ओर से लागू की गई पीएम-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाएं। इस योजना के तहत छत पर सौर ऊर्जा पैनल लगवाने पर हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्रदान की जाएगी। इस योजना की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 13 फरवरी को की थी।

उन्होंने बताया कि यह योजना 2 किलोवाट क्षमता वाली प्रणाली के लिए प्रणालीगत लागत के 60 प्रतिशत और 2 से 3 किलोवाट क्षमता वाली प्रणाली के लिए अतिरिक्त प्रणालीगत लागत के 40 प्रतिशत के बराबर सीएफए प्रदान करेगी। सीएफए को 3 किलोवाट पर सीमित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मौजूदा मानक कीमतों पर, इसका आशय 1 किलोवाट क्षमता वाली प्रणाली के लिए 30 हजार रुपये, 2 किलोवाट क्षमता वाली प्रणाली के लिए 60 हजार रुपये और 3 किलोवाट या उससे अधिक वाली प्रणाली के लिए 78 हजार रुपये की सब्सिडी से होगा।

इस योजना में शामिल होने वाले परिवार राष्ट्रीय पोर्टल के माध्यम से सब्सिडी के लिए आवेदन करेंगे और छत पर सौर ऊर्जा स्थापित करने के लिए एक उपयुक्त विक्रेता का चयन करने में सक्षम होंगे। राष्ट्रीय पोर्टल स्थापित की जाने वाली प्रणाली के उचित आकार, लाभ की गणना, विक्रेता की रेटिंग आदि के बारे में प्रासंगिक जानकारी प्रदान करके परिवारों को उनकी निर्णय लेने की प्रक्रिया में सहायता प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि इस योजना में शामिल होने वाले परिवार 3 किलोवाट तक के आवासीय आरटीएस प्रणाली की स्थापना हेतु वर्तमान में लगभग 7 प्रतिशत के गारंटी-मुक्त कम-ब्याज वाले ऋण का लाभ उठाने में सक्षम होंगे। इसके जरिए शहरी स्थानीय निकाय और पंचायती राज संस्थाएं भी अपने क्षेत्रों में आरटीएस स्थापनाओं को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न प्रोत्साहनों से लाभान्वित होंगी।

## न्यूज फ्लैश

### 23वीं सीनियर जिला स्तरीय खो0खो चैंपियनशिप 10 मार्च को



**समालखा ( कुलदीप सिंह )** : गांव मनाना में जिला खो खो संघ के पदाधिकारी यों मीटिंग बुलाई गई मीटिंग की अध्यक्षता जिला खो खो संघ के प्रधान नवीन सैनी ने की संघ के महासचिव रविंद्र सिंह ने बताया की 23 से 24 मार्च को 43 वीं सीनियर राज्य स्तरीय महिला व पुरुष चैंपियनशिप का आयोजन गाव मनाना में किया जाना है इससे पूर्व जिला स्तरीय सीनियर महिला व पुरुषों की चैंपियनशिप होगी अत: सभा में उपस्थित सभी सदस्यों की सर्वशमती से निर्णय लिया की 23 वीं सीनियर जिला स्तरीय खो खो चैंपियनशिप 10 मार्च को कन्या स्कूल खेल मैदान गांव मनाना में आयोजित की जाए इस प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर भाग लेने हेतु खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा इस प्रतियोगिता में जिला पानीपत के इच्छुक सीनियर खिलाड़ी भाग ले सकते हैं तथा 10 मार्च को खिलाड़ी सुबह 9 बजे आधार कार्ड के साथ है कन्या स्कूल खेल मैदान गांव मनाना में पहुंचे इस अवसर पर प्रिंसिपल सरिता वीरेंद्र डीपी शशि मुकेश सविता महेंद्र पीटीआई गण मान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### मुख्य सचिव संजीव कौशल ने प्रदेश के उपायुक्तों के साथ की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग



**कमाल हुसैन**

**पानीपत,** हरियाणा सरकार में मुख्य सचिव संजीव कौशल, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव अमित अग्रवाल और सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग हरियाणा के महानिदेशक मनदीप सिंह बराड़ ने शनिवार को दोपहर बाद प्रदेश के उपायुक्तों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर आगामी 7 फरवरी को राज्य के कई जिलों मे आयोजित किए जाने वाले लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह की तैयारी के बारे में उपायुक्तों से जानकारी ली और कुछ आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि 7 मार्च को मुख्यमंत्री मनोहर लाल वर्चुअल माध्यम से प्रदेश के कई जिलों से विभिन्न परियोजनाओं की शुरूआत करेंगे। इस कार्यक्रम में सरकार की उपलब्धियां की एक वीडियो क्लिप भी जारी की जाएगी। उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने मुख्य सचिव को आश्वासन दिया कि तैयारी में किसी भी तरह की कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी तैयारी का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

# आप का जनसंपर्क अभियान फरीदपुर पहुंचा, लोगों की परेशानियां सुनीं

## ग्राम अध्यक्ष और ग्राम सचिव को सुखबीर मलिक ने तय की जिम्मेवारियां

**समस्या**

**8 टीम ने गांव फरीदपुर का दौरा किया एवम लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनी**



**कमाल हुसैन**

**पानीपत:** आम आदमी पार्टी द्वारा शुरू जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत आज सुखबीर सिंह मलिक और उनकी टीम ने गांव फरीदपुर का दौरा किया एवम लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनी। उनको आम आदमी पार्टी की विचारधारा से अवगत करवाया। बढ़ती हुई मंगहाई के दौर मे आपके हक की मूलभूत सुविधाओं शिक्षा स्वास्थ्य बिजली पानी महिला सुरक्षा आदि के बारे मे जानकारी दी।

ग्राम सचिव ग्राम अध्यक्ष को बूथ मैनेजमेंट करने के लिए सुखबीर मलिक ने अधिकृत किया

आम आदमी पार्टी का ग्राफ दिन-ब-दिन बढ़ रहा है पूरे हरियाणा में आम आदमी पार्टी का संगठन सवा लाख कार्यकताओं से अधिक है। जो दिन रात मेहनत कर रहे हैं। मूलभूत सुविधाएं बिजली पानी शिक्षा स्वास्थ्य महिला सुरक्षा पर लोगों से चर्चा कर रहे हैं।

आम आदमी पार्टी की मूलभूत सुविधाएं लोगों को महंगाई के दौर में पसंद आ रही है। लोग दिल्ली में पंजाब की तरह हरियाणा में भी आम आदमी पार्टी की सरकार चाहते हैं। गावँ फरीदपुर से अमरजीत डॉ राजेंद्र सिंह, इंद्रजीत सिंह, राम रतन ,गुलशन लाल, हिमांशु काद्यान्न ,बलबीर ,मदन ,रिंकू कुमार, अनिल कुमार ,प्रदीप कुमार ,गुरप्रीत सिंह, संदीप कुमार ,रोहित गुप्ता, हरभजन लाल, दीपक कुमार, नवाब सिंह, अजय कुमार ,करणपाल सिंह, मनजीत कौर, रवि कुमार, डॉक्टर शीशपाल, सुरेश कुमार ,सुभाष रंग, राजपाल राणा ,अजीत, सुनील यादव, नवजोत ,जोगिंदर सिंह ,सुखबीर सिंह, मनजीत कौर ,एडवोकेट सतपाल सिंह, सुरेश कुमार ,सुभाष चंद्र, दीपक कुमार ,कुलदीप सिंह व अन्य साथियों ने आम आदमी पार्टी की नीतियों को पसंद किया और आने वाले चुनाव में समर्थन देने का वादा किया। लोगों ने आम आदमी पार्टी में अपनी निष्ठा दिखाई और पार्टी के लिए काम करने का आश्वासन दिया इस मौके पर प्रदेश सह सचिव सुखबीर मलिक और उनकी टीम मे प्रदेश सह सचिव राजकुमार मुंडे होशियार सिंह मुकेश शर्मा(जिला अध्यक्ष सोशल मीडिया) संदीप मनचंदा उनके साथ थे।

# फायरलैस कुकिंग प्रतियोगिता का किया आयोजन



**प्रतियोगिता**

**8 बच्चों के साथ खाना बनाना केवल सामग्री व्यंजनों और खाना पकाने के बारे में नहीं है**

**समालखा ( कुलदीप सिंह )** गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जौरासी रोड समालखा में शनिवार को फायरलैस कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।बच्चों के साथ खाना बनाना केवल सामग्री व्यंजनों और खाना पकाने के बारे में नहीं है। यह कल्पना और रचनात्मकता को बढ़ाना है । बिना आग के भी खाना बनाना संभव है। यह प्रतियोगिता कक्षा छठी से आठवीं तक छात्र-छात्राओं ने सेव पूरी, सैंडविच बिस्किट, ट्रीट जूस ,कोल्ड कॉफी, मसाला लस्सी ,ड्राई फ्रूट चाट, फ्रूट चाट ,मोइतो सोडा शिकंजी, फ्रूट व सब्जी सलाद , पोहा चाट ,तिल के लड्डू ,चना चाट, चने के लड्डू , इत्यादि स्वादिष्ट चीज तैयार की और बिना आग के भी खाने पकाने में अपनी बहुमुखी प्रतिभा साबित की।

इस अवसर पर मुख्य अध्यापिका अनीता धीमान ने बच्चों की प्रशंसा करते हुए कहा कि बच्चों को ताजा किफायती खाद्य पदार्थों के साथ स्वस्थ भोजन विकल्प बनाने के लिए प्रेरित और सशक्त बनाना था। बच्चों को भोजन तैयार करने में विकसित करना ,उन्हें पोषण की दुनिया के बारे में जिम्मेदारी और जागरूकता सीखने में मदद करने के अलावा सुरक्षा और रचनात्मक सिखाता है। इस अवसर पर मुक्ता मल्होत्रा, सोनिया वाधवा, निश्चल , सीमा सचदेव, सतवंती आदि अध्यापिका मौजूद थी।

# बालघर में पुष्प वर्षा कर मनाया आशीर्वाद समारोह

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : विदाई शब्द ही अपने आप में बहुत महत्वपूर्ण है। वास्तव में यह एक भावुक दिन है। अगर किसी चीज का अंत हो रहा होता है तो किसी नई चीज का शुभारंभ भी हमारे जीवन में हो रहा होता है। इसी उद्देश्य के अंतर्गत श्रीमद्भगवद्गीता प्राथमिक विद्यालय बाल घर में शनिवार को 5वीं कक्षा के विद्यार्थियों के आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक जयप्रकाश पंवार एवं सुखबीर द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। सभी विद्यार्थियों एवं समस्त स्टाफ द्वारा सरस्वती वंदना की गई। इसके पश्चात पंचम कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों पर गीत,



नृत्य व कविता आदि की प्रस्तुतियां दी गई। पहेलियों व नृत्य के माध्यम से सबका मनोरंजन किया। प्रबंधक द्वारा शिक्षकों की प्रेरणा को जीवन में अपनाते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। समस्त विद्यालय स्टाफ द्वारा बच्चों को आशीर्वाद दिया गया।

# 'जब रोशनी होती है' नाटक ने दिखाया सच्चाई और झूठ का आमना-सामना

**टीम एक्शन इंडिया**

**कुरुक्षेत्र:** आदमी जब नंगा होता है तो किसी से नहीं डरता। नंगे आदमी को कभी कुछ खोने का डर नहीं होता। नंगा आदमी सिर्फ नंगा होता है। ऐसे संवादों के साथ चण्डीगढ़ के कलाकारों ने हरियाणा कला परिषद की साप्ताहिक संध्या में खूबसूरत नाटक प्रस्तुत किया। मौका था कला कीर्ति भवन में आयोजित नाटक जब रोशनी होती है के मंचन का। इस अवसर पर गीता विद्या मंदिर के प्रबंधक राजेश गोयल बतौर मुख्यअतिथि पहुंचे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्या भारती के जिला संयोजक एवं केडीबी के सदस्य अशोक रोशा ने की। मंच का संचालन मीडिया प्रभारी विकास शर्मा ने किया। जीन पॉल सार्त्र की रचना द फलाईस पर आधारित नाटक जब रोशनी होती है का नाट्य रूपांतरण परमानंद शास्त्री एवं गुरुशरण सिंह द्वारा किया गया। निर्देशन पंजाबी फिल्म अभिनेता एवं रंगकर्मी बनिंद्रजीत सिंह ने किया। इम्पेक्ट आर्टस



चण्डीगढ़ के कलाकारों द्वारा अभिनीत नाटक में दिखाया गया कि बादशाह अपने क्षेत्र के लोगों पर अत्याचार करता है। अपनी बादशाहत को दिखाते हुए अपनी प्रजा को तंग करता है और हमेशा दबाने का हर सम्भव प्रयास करता है। बादशाह का औलिया अपने स्वार्थ को पूरा करते हुए बादशाह का पूरा साथ देता है और बेफिक्र होकर गुनाह पर गुनाह किये जाता है। औलिया लोगों को मुक्कदस किताब का हवाला देकर डराता रहता है। लोगों को न अच्छा खाने की इजाजत थी और न ही अच्छा पहनने की। प्रजा को हमेशा काले रंग के वस्त्र पहन कर अपने गुनाह का पश्चाताप करने की हिदायत देकर बादशाह और औलिया अपनी रोटियां सेकते रहते हैं। एक दिन सात समंदर पार से एक सच्चा व्यक्ति आता है जो लोगों को जागरूक कर बादशाह और औलिया की सच्चाई बताने का प्रयास करता है। व्यक्ति को एक नंगा आदमी दिखता है जो सच्चे व्यक्ति को बादशाह और औलिया की हरकतों के बारे में बताता है। नंगा आदमी बताता है कि किस प्रकार औलिया खुदा की आड़ में औरतों को अपनी हवस का शिकार बनाता है।

# 'विपक्ष ने मान लिया है की तीसरी बार मोदी देश के प्रधानमंत्री बनेंगे'

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन ने कहा है कि लोकसभा चुनाव की घोषणा से पूर्व ही देश की जनता तथा विपक्ष ने मान लिया है की तीसरी बार नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बनेंगे और भाजपा अकेले दो तिहाई बहुमत हासिल कर सरकार बनाएगी। प्रदेश के 90 विधानसभा क्षेत्रों में एक साथ मुख्यमंत्री मनोहर लाल के सानिध्य में खोले गए सोनीपत विधानसभा कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर कविता जैन के साथ मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन, भाजपा नेता ललित बत्रा ने कार्यकर्ता के



साथ रिबन काटकर उद्घाटन किया और लड्डू वितरित किये। कार्यकर्ताओं ने जोश से लबरेज होकर फिर एक बार मोदी सरकार, अबकी बार 400 पार के जोरदार नारे लगाये। पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री की काम करने की

**दावा**

**8 कार्यकर्ताओं ने जोश से लबरेज होकर फिर एक बार मोदी सरकार, अबकी बार 400 पार के जोरदार नारे लगाये**

विकासात्मक शैली और सभी वर्गों के कल्याण की सोच के सामने विपक्षी दलों के हौसले पस्त हो चुके हैं, और इंडी एलायंस टुकड़े-टुकड़े होकर बिखर रहा है। नमो ऐप तथा फोन नम्बर 9090902024 डायल कर सकते हैं। इस अवसर पर नवीन मंगला, पार्षद इंदु वलेचा, महेश लूथरा, मुकेश सैनी, अतुल जैन मंडल अध्यक्ष मुकेश बत्रा, सुरेंद्र मदान , संजीव वलेचा, पवन स्वामी, कृष्ण भाटिया, मनोज गुप्ता, नीरज अत्रे, अनिल ठाकुर, अर्पित मिश्रा, संजय ठेकेदार, देवेंद्र सैनी, सुरेश कथुरिया, अनिल ग्रोवर, सतपाल कौशिक, वेद प्रधान, कृष्ण, किरण बाला, सुनीता लोहचब, मीनू सैनी, रेखा गर्ग, पुष्पा बैरागी, भावना शर्मा, प्रेमो देवी, भैरवदत्त पालीवाल, युवा महामंत्री अमित जैन आदि उपस्थित रहे।

# मेयर शक्तिरानी शर्मा ने स्कूली बच्चों को बांटे जूते

**मनीष कुमार**

**अम्बाला** : पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा के जन्म दिन के उपलक्ष्य में अंबाला की मेयर शक्तिरानी शर्मा द्वारा सरकारी स्कूलों में पांचवीं क्लास तक पढ़ने वाले बच्चों को जूते बांटने का काम किया जा रहा है। इसी कड़ी में अंबाला शहर के कई प्राईमरी स्कूलों में जाकर बच्चों को जूते वितरित किए गए। इस कड़ी में सौंडा, कौला, जंडली, सेंट्रल जेल के समीप बने सरकारी स्कूल के साथ साथ धूलकोर्ट के सरकारी स्कूल में बच्चों को जूते वितरित किए गए। शक्तिरानी शर्मा ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा के जन्म दिन के उपलक्ष्य में सभी प्राईमरी सरकारी स्कूलों के बच्चों को जूते बांटे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में



सुविधाओं का आभाव होता है और यहां पर गरीब परिवारों के बच्चे शिक्षा हासिल करते हैं। बच्चों की मदद करने के बाद सुख प्राप्त होता है।

इस अवसर पर पार्षद सरदुल सिंह, सरपंच बालापुर शिव कुमार, सरपंच पति रोशनपुर श्री चंद, मेजर सिंह सौंडा, बलबीर सिंह सौंडा, टेकचंद, नवजोत शर्मा, बलविंद्र सिंह पिंदा, संजीव शर्मा, नरेंद्र सिंह, सिद्धार्थ गुलाटी, वेद प्रकाश कौशिक, रविंद्र सौंडा, डिम्पल मलिक, जगतार सिंह, हरदयाल सिंह, विनीत भाई, मंथन शर्मा, वरदान शर्मा, विनय बक्शी, मदन लाल वर्मा, राजन पावा, पंकज शर्मा, अंकित कुमार, प्रिंस शर्मा, कमल दीप, हर्षित शर्मा सहित कई समर्थक मौजूद रहे।

# किसानो पर बल प्रयोग के मामले में हाईकोर्ट में याचिकाएं

**चंडीगढ़:** किसान आंदोलन में मेडिकल सुविधा उपलब्ध करवा रही गो यूनाइटेड सिख ने आरोप लगाया है कि सभी कानून और नियमों को ताक पर रखकर आंदोलन कर रहे शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे किसानों पर हथियार इस्तेमाल किए जा रहे हैं। यूनाइटेड सिख ने पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में भी इसको लेकर दो अलग-अलग याचिकाएं दायर की हुई है। उन्होंने बताया कि किस तरह प्रितपाल सिंह जिसे हाई कोर्ट के जरिए रोहतक पीजीआई से चंडीगढ़ पीजीआई में वारंट अधिकारी के माध्यम से शिफ्ट करवाया गया है कि हालत बेहद नाजुक है।

# शोभायात्रा के साथ श्री श्याम फाल्गुनोत्सव का हुआ शुभारंभ

## फाल्गुनोत्सव में 3 से 9 मार्च तक श्रीमद्भागवत कथा में बरसेगा ज्ञानामृत

**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**श्री** श्याम बाबा सेवा मंडल का 20 वां श्रीश्याम फाल्गुनोत्सव शनिवार को भव्य कलश व शोभायात्रा के साथ शुरू हो गया है। नई अनाज मंडी में मनायें जा रहे श्रीश्याम उत्सव में रविवार से शुरू श्रीमद्भागवत कथा एवं ज्ञानयज्ञ का आयोजन होगा जिसमें विश्व विख्यात भागवत कथा मर्मज्ञ मृदुल कृष्ण गोस्वामी महाराज अपनी ओजस्वी वाणी में अमृत वर्षा करेंगे। कथा का समापन 9 मार्च को भंडारे के साथ होगा। वहीं 12 मार्च को मंडल का 15 वां सामूहिक विवाहोत्सव में 12 गरीब कन्याओं की शादी कराई जाएगी।



शहर की पुरानी गुड़ मंडी स्थित राधा कृष्ण मंदिर में सुबह करीब 10 बजे सज-धज कर आई सैकड़ों महिलाओं ने क्लश उठाये ओर झूमते नाचते हुए श्रीश्याम बाबा की भव्य शोभायात्रा में शामिल हुई जो बैंड बाजे के साथ गुड़ मंडी से रेलवे रोड व जीटी रोड से होते हुए अनाज मंडी स्थित कथा स्थल पर पहुंची ओर अपने अपने क्लश ब्यास गदी पर स्थापित किए। श्री श्याम बाबा की आरती के बाद कढ़ी चावल का प्रसाद वितरित किया गया। शोभायात्रा में श्रीश्याम

**विवाहोत्सव**

**8 12 मार्च को मंडल का 15 वां सामूहिक विवाहोत्सव में 12 गरीब कन्याओं की शादी कराई जाएगी**

बाबा सेवा मंडल के प्रधान सत्यवीर गुप्ता,प्रदीप बंसल, कृष्ण बंसल,नवीन बंसल, नंदकिशोर सिंघल,विपीन गोयल, संदीप गुप्ता,सुनील,मुकेश गोयल, पवन गुप्ता,पदम,राकेश बंसल, मुकेश गोयल, अमित गर्ग, अशोक जैन,रमन शर्मा आदि शामिल रहे।

# 'जय गुरु दक्ष प्रजापति महाराज के नाम से चौक का होगा नामकरण'

## विधायक सुरेंद्र पंवार ने सारंग रोड स्थित श्री प्रजापति धर्मशाला में बतौर मुख्य अतिथि की शिरकत

**सोनीपत**

**रमेश कुमार:** विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि सोनीपत विधानसभा में शहर के एक चौक का नामकरण गुरु दक्ष प्रजापति महाराज के नाम से करवाया जाएगा। इसके साथ ही सारंग रोड़ स्थित श्री प्रजापति धर्मशाला में नवीनीकरण का कार्य भी करवाया जाएगा। नामकरण व नवीनीकरण लिए विधायक सुरेंद्र पंवार का समस्त समाज ने धन्यवाद किया।

विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि गुरु दक्ष प्रजापति महाराज एक बहुत बड़े महान संत थे। जिन्होंने सबसे पहले मानव जाति की जरूरतों को पूरा करने के लिए काम किया था। उन्होंने युवाओं को आग्रह करते हुए कहा कि अगर जीवन में कुछ बनना है तो



शिक्षित होना बहुत जरूरी है और वह भी अव्वल स्थान के साथ अच्छी शिक्षा ग्रहण करनी होगी तभी आप अपने जीवन में कामयाब हो सकते हो। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से समाज में एकता व भाईचारा बना रहता है। विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि है उनका सौभाग्य है कि वह शहर में एक चौक का नामकरण जय गुरु दक्ष प्रजापति महाराज के नाम से करवाएंगे। गुरु दक्ष प्रजापति महाराज ने अपना समस्त जीवन समाज के लिए समर्पित किया। अब हम सभी की जिम्मेदारी

**महान संत**

**8 विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि गुरु दक्ष प्रजापति महाराज एक बहुत बड़े महान संत थे**

बनती है कि उनके दिखाई मार्ग पर स्वंय भी व युवा पीढ़ी को भी चलने के लिए प्रेरित करें। विधायक सुरेंद्र पंवार को समिति ने बताया कि अभी तक शहर में किसी भी चौक का नामकरण गुरु जी के नाम से नहीं है, इसलिए विधायक सुरेंद्र पंवार द्वारा जो कार्य किया गया है वह बहुत ही सराहनीय है, समिति के सभी सदस्य व समस्त समाज विधायक सुरेंद्र पंवार का धन्यवाद करता है। उन्होंने कहा कि हमेशा ही विधायक सुरेंद्र पवार ने समाज के हित के लिए कार्य किया है समाज भी उनका हमेशा साथ देगा। विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि समाज के सुख-दुख में शामिल होना, उनकी जिम्मेदारी है जिसे वह बखूबी निभाएंगे। भविष्य में भी समाज के हर व्यक्ति के साथ सुख-दुख में साथ रहेंगे। इस दौरान मनीष देव प्रधान, नरेश, प्रेमचंद ठेकेदार, मास्टर रामगोपाल, विजेंद्र, मुकेश, रमेश कुमार, जोगिंदर, राजवीर, दीपक, सूरजभान, सुरेंद्र, प्रदीप, सुनील, धर्मवीर, जोगिंदर सहित बड़ी तादाद में गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# बटरोहन में नेहरू युवा केन्द्र की ओर से खेल प्रतियोगिता आयोजित

**प्रतियोगिता**

**8 अंबाला के गाँव बटरोहन में एन वाय वी उर्वशी ,कोमल और इशिता द्वारा खेल प्रतियोगिता करवाई गई**

**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** नेहरू युवा केन्द्र की तरफ से जिलाध्यक्ष ( अर्शदीप कौर) के निर्देश अनुसार अंबाला के गाँव बटरोहन में एन वाय वी उर्वशी ,कोमल और इशिता द्वारा खेल प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमे गांव के सरपंच (सुरिन्दर पाल) और युक्त विकास मन्डल



के प्रधान (सीमा रानी) उपस्थित रहे। गाँव बटरोहन मे खेल समारोह के दौरान इनमें कई युवाओं ओर युकतीयो ने भाग लिया ।जिसमें खो खो, बैडमिंटन, दौड, और वाली बाल, रसा-कसी खेल करवाये गई तथा युथ को खेल के प्रति जागरूक किया गया । इसमें खो -खो जितने वाले प्रतिभागीयो को मैडल द्वारा सम्मानित किया और दौड में भाग लेने वाले युवाओं के, युवतियों को पुरस्कार से सम्मानित किया है। वालीबॉल जीतने वाली टीम को वालीबॉल किट और पुरस्कार से सम्मानित किया गया है सभी भाग लेने वाले

# सीएम ने लोकसभा चुनाव के लिए कार्यालयों का किया उद्घाटन

## सभी वर्गों के लिए कल्याणकारी नीतियां लागू की हैं पानीपत शहर में भी विकास कार्यों की झलक स्पष्ट दिखाई देती है: विधायक प्रमोद विज

**कमाल हुसैन**

**पानीपत:** भारतीय जनता पार्टी के जीटी रोड कार्यालय में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रदेश की सभी विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा कार्यालयों का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। पानीपत कार्यालय में भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा योगी, विधायक प्रमोद विज और भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कार्यकर्ताओं के बीच बैठकर मुख्यमंत्री मनोहर लाल को सुनो जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष बलविन्द्र आर्य ने योगेन्द्र शर्मा का स्वागत कियो भाजपा युवा कार्यकर्ताओं ने जीटी रोड पर युवा प्रदेश अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा का फूल बरसाकर स्वागत कियो जिले के विधानसभा क्षेत्र पानीपत ग्रामीण, समालखा



और इसराना में भी ऐसे समारोह आयोजित किए गए और बड़ी संख्या में नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए कार्यकर्ताओं से वर्चुअल संवाद करते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि लोकसभा चुनाव आने ही वाले हैं और इन आम चुनाव में जीत की हैट्रिक लगाने के लिए हर कार्यकर्ता को जुट जाना है। इसके लिए भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी अपने क्षेत्र में देश व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाएं। समारोह में जन समूह को संबोधित करते हुए पानीपत शहर विधायक प्रमोद विज ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल की डबल इंजन सरकार ने हरियाणा में अभूतपूर्व विकास कार्य करवाए हैं और सभी वर्गों के लिए कल्याणकारी नीतियां लागू की हैं

**मांग**

**8 प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री की डबल इंजन सरकार ने हरियाणा में अभूतपूर्व विकास कार्य करवाएं**

पानीपत शहर में भी विकास कार्यों की झलक स्पष्ट दिखाई देती है` सरकार की इन नीतियों के कारण पानीपत की सभी कॉलोनियों में रात्रि के समय जगमग पानीपत की झलक स्पष्ट दिखाई देती है` उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने 1.10 लाख युवाओं को बिना भेदभाव और बिना खर्ची-पर्ची के सरकारी नौकरी देकर एक नई मिसाल पेश की है इसलिए युवाओं को आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत और अधिक परिश्रम करना चाहिए और अपनी पहुँच बूथ अध्यक्ष व पन्ना प्रमुख तक बनानी चाहिए`

भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि गत लोकसभा चुनाव में करनाल लोकसभा क्षेत्र के लोगों ने भारत में जीत के मामले में दूसरा स्थान प्राप्त किया थो इस बार भी मुझे विश्वास है कि आगामी लोकसभा चुनाव में सभी कार्यकर्ता अधिक परिश्रम करके करनाल लोकसभा क्षेत्र को भारत में प्रथम स्थान पर लाते हुए हरियाणा की सभी दस सीटें भाजपा की झोली में डालेंगे प्रदेश प्रवक्ता देवेन्द्र दत्ता ने युवा कार्यकताओं का उत्साहवर्धन करते हुए अपने भाषण की शुरूआत वन्दे मातरम और तेरा वैभव अमर रहे माँ हम दिन चार रहे न रहे।

# वार्ड 18 में बनेंगी 2 धर्मशालाएं

## विधायक प्रमोद कुमार विज ने किया शिलान्यास

**निर्माण**

**8 सैनी धर्मशाला का निर्माण किया जाएगा, लंबे समय से समाज के द्वारा धर्मशाला निर्माण हेतु मांग की जा रही थी**

**कमाल हुसैन**

**पानीपत:** पानीपत शहरी विधानसभा के वार्ड 18 में स्थित मुखिजा कॉलोनी में 48 लाख की लागत से सैनी धर्मशाला का निर्माण किया जाएगा, लंबे समय से समाज के द्वारा धर्मशाला निर्माण हेतु मांग की जा रही थी कविधायक प्रमोद विज ने अपने आश्वासन अनुसार टेन्डर लगवा कर स्थानीय जनों की उपस्थिति में श्रीफल तोड़ कर निर्माण कार्य का शिलान्यास किया है क स्थानीय जनों ने विधायक का



आभार व्यक्त करते हुए कहा कि धर्मशाला के निर्माण उपरांत स्थानीय जनों को सार्वजनिक कार्यक्रम करने में सुविधा होगी एवं महंगे हॉल बुक नहीं करने पड़ेंगे कइसके अतिरिक्त वार्ड 18 की धानक बस्ती में 28 लाख की लागत से बनने जा रही अम्बेडकर धर्मशाला के निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया एवं उपस्थित जनों को शुभकामनाएं दीं कविधायक ने बातचीत में कहा कि केंद्र व प्रदेश की सरकार जमीनी स्तर पर निरंतर कार्य करने हेतु प्रतिबद्ध है गांव हो या वार्ड हर जगह स्थानीय जनों को बिना किसी भेदभाव के विकास कार्यों का लाभ मिले इस हेतु भाजपा सरकार कार्यरत हैं। शिलान्यास कार्यक्रम के अवसर पर मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र तनेजा, पूर्व मंडल अध्यक्ष दिवाकर मेहता, महामंत्री मुकेश राजपूत, जितेन्द्र रोड़, पंकज शर्मा, कुलविंदर रोड़ एवं समस्त सम्मानित जन मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### बच्चे के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने के लिए चलाई जा रही है अनेक योजनाए: शांतनु

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि समाज में प्रत्येक बच्चे के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने के लिए सरकार अनेक योजनाएं चला रही है। जोखिम पूर्ण परिस्थितियों में जीवन यापन करने वाले परिवारों के बच्चों की उचित देखभाल व अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए स्पॉन्सरशिप योजना की शुरू की है। इस योजना के तहत प्रत्येक चयनित बच्चे को 4 हजार रुपये प्रति माह आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। इस योजना का उद्देश्य बच्चों के जीवन में पढ़ाई की अलख जगाते हुए उन्हें मुख्यधारा में शामिल करना है। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि इस योजना का लाभ कई प्रकार के बच्चे ले सकते हैं। इस स्कीम का लाभ लेने के लिए बच्चे की मां विधवा या तलाकशुदा हो या बच्चा परिवार द्वारा परित्यक्त हो। इसके अलावा बच्चा अनाथ हो और विस्तारित परिवार के साथ रह रहा हो। बच्चे के माता-पिता जीवन को खतरे में डालने वाली टर्मिनल बीमारी से ग्रस्त हों। यह लाभ परिवार में केवल दो बच्चों को ही मिल सकता है। बच्चे के माता-पिता आर्थिक और शारीरिक रूप से बच्चों की देखभाल करने में असमर्थ हो तो ऐसे बच्चों को भी स्कीम में शामिल किया जा सकता है। गरीब, एकल अभिभावक व अनाथ बच्चों की पढ़ाई के लिए स्पॉन्सरशिप स्कीम के तहत 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को दिया जा रहा है 4 हजार रुपए प्रति माह का लाभ दिया जाता है। ऐसे बच्चे जो बाल तस्करी, बाल विवाह, बाल श्रम, बाल भिखारी से मुक्त हो चुके हैं, उन्हें भी इस योजना का लाभ दिया जा सकता है। इस योजना का लाभ लेने के लिए जिला बाल संरक्षण अधिकारी के **कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।**

### प्रॉपर्टी विवाद के चलते छोटे भाई व उसकी पत्नी के साथ मारपीट के बाद जान से मारने की धमकी, मामला दर्ज

**गन्नौर। प्रॉपर्टी** विवाद के चलते बड़े भाई ने अपने छोटे भाई व उसकी पत्नी के साथ मारपीट के बाद जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गन्नौर के महादेव नगर निवासी अनुज पुत्र मांगेराम ने बताया कि मेरे बड़े भाई मनीष के साथ करीब एक साल से प्रोपर्टी को लेकर विवाद चला हुआ है। 29 फरवरी को करीब 4 बजे वह जीटी रोड स्थित मॉडर्न कान्वेंट स्कूल में गांव चिरस्मी में मौजूद था कि अचानक मनीष वहाँ पर आ गया और आते ही बिना कुछ बताए मुझको पाईप से पीटा, मुझको लात घुस्से मारे, आरोप है कि इस दौरान जब मेरी पत्नी ने मुझको छुड़वाने की कौशिश की तो उसके साथ भी मारपीट की। पुलिस को दी शिकायत में अनुज ने बताया कि मारपीट करने के बाद मेरे भाई ने मुझे जान से मारने की धमकी दी। उसके बाद मेरी पत्नी ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी सूचना के बाद उन्हें उपचार के लिए गन्नौर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल करवाया। मेडिकल करवाने के बाद पुलिस को अनुज ने शिकायत देकर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### शराब के नशे में तीन युवकों ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर हुए ऑटो में बैठकर हुए फरार, मामला दर्ज

**गन्नौर** । बड़ी गांव में 29 फरवरी की शाम को शराब के नशे में तीन युवको ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद आरोपित युवक ऑटो में बैठकर फरार हो गए। हमले में घायल युवक ने मामले की शिकायत बड़ी औद्योगिक का क्षेत्र थाना पुलिस को दी। पुलिस को दी शिकायत में दिनेश उर्फ पप्पू गांव बडी ने बताया कि 29 फरवरी की शाम को करीब 8 बजे वह गांव के अड्डा पर बैक आफ बरोदा के सामने से जा रहा था तो मेरे गांव के ही साहिल, नवीन व भोला तीनो सड़क पर खड़े थे और शराब के नशे में गाली गलौज कर रहे थे। मैंने उनको गाली गलौज करने से रोका तो वह मुझे भी गालियां देने लगे। उसके बाद साहिल व नवीन अपनी अपनी बेल्ट निकाल कर मेरे ऊपर हमला कर दिया। मारपीट के दौरान जब मैंने शोर मचाया तो शोर सुन कर भीड को आता देख तीने मुझे जान से मारने की धमकी देते हुए भोला के आटो मे भाग गए। घायल अवस्था में पीपली खेड़ा गांव के नरेंद्र ने मेरी हालत को गंभीर देखते हुए खानपुर मेडिकल रेफर कर दिया। शिकायत में बात की 1 मार्च को अस्पताल से उपचार के बाद जब छुट्टी हुई तो उसके बाद पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस ने शिकायत के बाद मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# ब्रह्माकुमारीज के नए सेवा केन्द्र का हुआ उद्घाटन

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र: प्रजापिता** ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय कुरुक्षेत्र सेवा केन्द्र की प्रभारी बी.के. सरोज बहन ने शनिवार को निकटवर्ती गांव ईशरगढ़ में ब्रह्माकुमारीज के नए सेवा केन्द्र का उद्घाटन किया और शिव ध्वज लहराया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित करके की गई। दीप प्रवज्जलन में लाडवा सेवा केन्द्र की इन्चार्ज बी.के. ज्योति बहन, सैक्टर-13 सेवा केन्द्र की इन्चार्ज बी.के. शकुन्तला बहन, पिपली सेवा केन्द्र की इंचार्ज बी. के. प्रेरणा बहन व बी.के रेखा बहन ने उनका सहयोग किया। बी.के. सरोज बहन ने महाशिवरात्रि पर्व वारे बताया कि परमपिता परमात्मा शिव जिन्हें भोलानाथ भी कहते हैं, वे इतने भोले



हैं कि हम से कोई वस्तु, वैभव नही लेते, अपितु हमारे अन्दर की कड़वाहट, बुराइयों व कमियों को लेकर हमें सुख शान्ति का जीवन प्रदान करते हैं। हमें अपनी कमियों, बुराइयों को छोडने का व्रत लेना है। मन की सच्चाई, बुद्धि की सफाई, ऐसे ही इस शिव रात्रि पर हमें सच्चाई के साथ मन बुद्धि की सफाई कर उसे स्वच्छ बनाना है। इस दौरान बी.के. ज्योति और बी.के. शकुन्तला बहन ने भी महाशिवरात्रि पर्व के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए की गूढ़ रहस्यों से पर्दा उठाया।

बी.के प्रेरणा बहन ने पुष्पगुच्छ भेंट कर सभी आई हुई बहनों का स्वागत किया। कुमारी निशा व बीके देश राज ने शिव के गीत से सब को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस अवसर पर बी.के. मधु बहन, बी.के. लता बहन, बीके रीना बहन, बी.के. सीमा बहन, बी.के. सिमरन व बी. के. सन्तोष बहन के अलावा कुरुक्षेत्र, लाडवा व पिपली सेवा केन्द्र के भाई-बहन भी मौजूद रहे।


# भाजपा प्रदेश की सभी 10 लोकसभा सीटों पर जीतेगी भारी बहुमत से: सुधा

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** थानेसर विधायक एवं कुरुक्षेत्र लोकसभा के संयोजक सुभाष सुधा ने कहा कि भाजपा प्रदेश की सभी 10 सीटों पर भारी बहुमत से जीत दर्ज करेगी। इस पार्टी की नीतियों से आज प्रदेश का हर वर्ग खुश है और उत्साह के साथ भाजपा के पक्ष में वोटिंग करने के लिए तैयार है।

विधायक सुभाष सुधा पिपली रोड पर थानेसर विधानसभा चुनाव कार्यालय के उदघाटन कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस कार्यक्रम से पहले मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने ऑनलाइन प्रणाली से हरियाणा प्रदेश की सभी 90 विधानसभा चुनावी कार्यालय का उदघाटन किया और कार्यकताओं को पूरे जोश और खरोस के साथ चुनावों की तैयारी करने के लिए कहा है। विधायक ने कहा कि थानेसर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा सरकार ने हजारों करोड रुपए के विकास कार्य करवाएं है। इस भाजपा सरकार ने आमजन मानस की सुख सुविधाओं को देखते हुए ही विकास कार्य करवाएं है। लोकसभा संयोजक सुधा ने कहा कि भाजपा विश्व का सबसे मजबूत संगठन है। इसलिए इस संगठन को और मजबूत बनाने के लिए कार्यकताओं को पूरे जोश के साथ काम करना होगा।

# सीएम जल्द देंगे करोडो रुपए की योजनाओं की सौगात: शांतनु



**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र: उपायुक्त शांतनु** शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल जल्द ही प्रदेश भर में करोडों रुपए की योजनाओं और परियोजनाओं का उदघाटन व शिलान्यास करेंगे। इसके लिए प्रशासन की तरफ से तैयारियां की जाएंगी। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने शनिवार को संबंधित विभागों के अधिकारियों को तैयार हो चुकी योजनाओं का पूरा ब्यौरा तैयार करने के कुछ आवश्यक निर्देश दिए है। इससे पहले हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने वीडियों कान्फ्रेंसिंग के जरिए विभिन्न परियोजनाओं के उदघाटन व शिलान्यास कार्यक्रम की तैयारियों को पूरा करने के लिए कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए है।

# अवैध देसी पिस्तौल सहित आरोपी गिरफ्तार

**कमाल हुसैन**

**पानीपत: सीआईए** वन प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि उसकी टीम शुक्रवार को देर शाम गश्त व जांच पड़ताल के दौरान सनौली बापौली बाइपास पर मौजूद थी। तभी टीम को संदिग्ध किस्म का एक युवक सनौली की ओर से पैदल आते दिखाई दिया। युवक पास आने पर सामने खड़ी पुलिस टीम को देखकर वापिस मुड़कर तेज कदमों से चलने लगा। पुलिस टीम ने कुछ कदमों पर ही युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान मोहित पुत्र अमित निवासी हथवाला के रूप में बताई। पुलिस टीम ने युवक की तलाशी ली तो उसकी पहनी हुई पेंट की जेब से



एक देसी पिस्तौल 315 बौर बरामद हुआ। पिस्तौल को खोलकर जांच की तो अनलोड मिला। देसी पिस्तौल का लाईसेंस व परमिट मांगने पर आरोपी कोई भी कागजात पेश नही कर सका।

इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया उसको अवैध हथियार रखने का शौक है। उक्त देसी पिस्तौल शौक पूरा करने के लिए आरोपी ने वर्ष 2023 में अधमी निवासी तस्ववर से 5500 रुपए में खरीदा था। तस्वर की कुछ दिन पहले मौत हो चुकी है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से बरामद अवैध देसी पिस्तौल कब्जा पुलिस में लेकर आरोपी मोहित के खिलाफ थाना सनौली में आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर शनिवार को आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया।

# पत्थर से वार करके हत्या करने की घटना में संलिप्त आरोपी काबू

**कुंडली: जिले के थाना** कुण्डली की पुलिस ने पत्थर से हमला करके हत्या करने की घटना मे संलिप्त आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी आकाश पुत्र रमेश निवासी खेकड़ा जिला बागपत वढ हाल किरायेदार गाँव कुण्डली जिला सोनीपत का रहने वाला है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि गत 01 मार्च 2024 को पूजा पत्नी योगेश निवासी हाथरस वढ हाल किरायेदार गाँव कुण्डली जिला सोनीपत ने थाना कुण्डली में शिकायत दी थी कि मै अपने पति योगेश के साथ बतौर किरायेदार मकान कृष्ण पण्डित लाल मील के पीछे वाली गली गाँव कुण्डली जि. सोनीपत में रहती हूँ ओर मेरे पति रजनी गंधा कम्पनी कुण्डली मे नौकरी करते हैं।

# पानीपत के लोगों ने स्व. हरीश शर्मा को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**कमाल हुसैन**

**पानीपत:** जीटी रोड तहसील चौक पर भारतीय जनता पार्टी पानीपत के दिग्गज नेता, गरीबों के मसीहा एवं पूर्व पार्षद स्व. हरीश शर्मा की प्रतिमा अनावरण समारोह का आयोजन किया गयो समारोह के मुख्य अतिथि सांसद संजय भाटिया रहे और पानीपत शहर विधायक प्रमोद विज विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे पूर्व मेयर अवनीत कौर विशेष अतिथि रहीं समारोह की अध्यक्षता भाजपा के जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने की समारोह को भाजपा वरिष्ठ नेता गजेन्द्र सलूजा, सुरेश गुम्बर, पार्षद अंजलि शर्मा और शकुंतला गर्ग ने भी संबोधित किया` इससे पहले सांसद संजय भाटिया ने प्रतिमा का अनावरण



कियो समारोह में वंदेमातरम्, भारत माता की जय और हरीश शर्मा अमर रहे के नारे बार-बार लगते रहे

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद भाटिया ने कहा कि पानीपत की ऐतिहासिक भूमि पर अनेक ऐसे नेता व स्वयंसेवक पैदा हुए हैं जिन्होंने न केवल पानीपत का नाम रोशन किया बल्कि गरीब उत्थान के लिए भी देश प्रदेश में इस शहर का नाम रोशन किया है स्व. हरीश शर्मा का नाम भी ऐसी ही शख्शियतों में शामिल है।

पूर्व पार्षद हरीश शर्मा का जनता इतना अधिक लगाव था कि पानीपत शहर का कोई भी व्यक्ति रात के 12 बजे भी अपनी समस्याओं के समाधान के लिए उनके घर का दरवाजा खटखटा सकता थो उनकी कमी पनीपत के लोगों को हमेशा खलती रहेगी उन्होंने कहा कि वे कर्मठ नेता ही नहीं मेरे बचपन के मित्र भी थे और मैं उनके साथ अति गंभीर समस्याओं पर विचार करके समस्याओं का समाधान करने में सफल हो जाता था`

समारोह को संबोधित करते हुए विधायक प्रमोद विज ने कहा कि वे पानीपत के ऐसे जुझारू और समाजसेवी नेता थे जो बिना किसी झिझक के अपनी बात वरिष्ठ नेताओं के समक्ष रख कर मनवा लेते थे और उनके इन्ही गुणों के कारण वे लगातार तीन बार पानीपत नगर निगम के नगर पार्षद चुने गऐ आज उनकी पुत्री अंजलि शर्मा वार्ड 3 की नगर पार्षद बन कर उनके सपनों को साकार कर रही है।

# लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेडमी, सोनीपत के बॉक्सर्स ने जीते 3 पदक

**टीम एक्शन इंडिया**

**गंगटोक: सिक्किम** में 25 फरवरी से 28 फरवरी, 2024 तक खेलों इंडिया यूनीवर्सिटी गेम्स का आयोजन किया गया। जिसमें लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेडमी, सोनीपत के बॉक्सरों ने इस प्रतियोगिता में 1 स्वर्ण व 2 कांस्य पदक जीतकर अपनी एकेडमी का नाम रोशन किया। बॉक्सिंग कोच रोहतास कुमार ने बताया कि 51 किलों भार वर्ग में आशीष दहिया ने अपने क्वॉर्टर फाइनल मुकाबले में शिवाजी को, सेमीफाइनल मुकाबले में विशेष को व फाइनल मुकाबले में अविनाश चांदेल को हराकर स्वर्ण ,इसी भार वर्ग में विशेष दहिया ने अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में रामनरेश को हराकर कांस्य व 75 किलों भार वर्ग में अभिमन्यु सिवाच ने अपने क्वॉर्टर फाइनल मुकाबले में कुणाल को



हराकर कांस्य पदक जीते। अपने बच्चों की इस जीत से सभी अभिभावक बहुत खुश थे ओर उन्होंने इस जीत का श्रेय विद्यालय प्रशासन व बॉक्सिंग कोच रोहतास कुमार को दिया। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग व प्रधानाचार्या आशा गोयल ने सभी पदक विजेता बॉक्सरों को बधाई दी और उनको भविष्य में ओर भी बेहतर खेल प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

# किसानों को फसल विविधिकरण की ओर तेजी से बढ़ना चाहिए: डॉ.सुरेश मल्होत्रा

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: महाराणा** प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय करनाल के माननीय कुलपति डॉ. सुरेश कुमार मल्होत्रा ने शनिवार को क्षेत्रीय मशरूम अनुसंधान केंद्र मुरथल में वैज्ञानिक पद्धति से मधुमक्खी पालन विषय को लेकर सात दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया। कार्यशाला के शुभारंभ के बाद कुलपति ने केंद्र का निरीक्षण कर केंद्र द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों के बारे में जानकारी हासिल की। केंद्र में पहुंचने पर केंद्र निदेशक व कुलसचिव डॉ. अजय सिंह ने मुख्य अतिथि माननीय कुलपति डॉ. सुरेश कुमार



मल्होत्रा ओर विशिष्ट अतिथि कृषि विभाग के पूर्व क्वालिटी कंट्रोल अधिकारी डॉ. जेके श्योरोण, जीत खादी ग्रामोद्योग के प्रधान देवव्रत बाल्यान, सिंधु ग्रामोद्योग समिति प्रधान अनिल सिंह सिंधू, गोबिंद अतुल्य बी मास्टर प्रोडयूज कंपनी लि. का स्वागत किया। कुलपति डॉ. सुरेश कुमार मल्होत्रा ने प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि किसानों को फसल विविधिकरण की ओर तेजी से बढना चाहिए।

खेती में नई तकनीकों का प्रयोग करना चाहिए, जो उनके लिए सकारात्मक दुरगामी परिणाम देने वाली साबित होगी। उन्होंने किसान भाईयों को खेती में उन्नत किस्मों का प्रयोग करना चाहिए, जिससे फसल की ज्यादा पैदावार के साथ-साथ गुणवत्ता में सुधार होगा। जिससे किसान अपनी फसलों को अच्छे दामों पर बेच कर भारी मुनाफा कमा सकेंगे।

# लोकसभा चुनाव को लेकर खरखौदा में भाजपा कार्यालय का उद्घाटन



**खरखौदा** के रोहतक मार्ग पर शनिवार को भाजपा की तरफ से अपना लोकसभा कार्यालय खोला गया। इस दौरान विधानसभा प्रभारी प्रदीप सांगवान की अगुवाई में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी पर कार्य कर्ता एकत्रित हुए। कार्यक्रम में बोलते हुए पूर्व भाजपा प्रत्याशी मीना नरवाल ने कहा कि हम सभी पार्टी पदाधिकारी व कार्यकताओं का आगामी लोकसभा में एक ही लक्ष्य है, कमल के फूल को जिताना। ऐसे में पार्टी किसी भी कार्यकर्ता को टिकट देकर चुनाव में उतारे। हम सबको मिलकर उस प्रत्याशी को जीत दिलानी है। इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी प्रदीप सांगवान ने कहा कि नरेंद्र मोदी के अगुवाई में देश लगातार आगे बढ़ रहा है।

# 'भारतीय जनता पार्टी ने 2014 में 530 घोषणा की थी जिसमें से 529 घोषणाएं पूरी की'

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : संकल्प पत्र के बारे में जानकारी देते हुए भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ पवन सैनी ने बताया कि 2014 में भारतीय जनता पार्टी ने अपने संकल्प पत्र में 530 घोषणाएं की थी जिसमें से अभी तक 529 घोषणाएं पूरी कर दी गई है जबकि 2019 में 234 घोषणाएं की थी जिसमें से 222 घोषणाएं भारतीय जनता पार्टी ने पूरी की है डॉक्टर पवन सैनी ने कहा कि नरेंद्र मोदी जी का कहना है कि शिलान्यास भी हम करते हैं और उद्घाटन भी हम करेंगे। हर योजना की शुरूआत को अंत्योदय तक



पहुंचाना हमारा लक्ष्य है इसी उद्देश्य के लिए सभी से संकल्प पत्र से सुझाव मांगे गए हैं करीब एक करोड़ सुझाव जनता से लिए जाएंगे उसके आधार पर ही संकल्प पत्र भारतीय जनता पार्टी तैयार करेगी। बाबैन मंडल अध्यक्ष जसविंदर सिंह, पीपली मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार, ओमवीर, प्रवीण पांचाल, अरुण सैनी लाडवा मंडल महामंत्री, संजीव कश्यप, देवराज राजू, राजू खुराना अध्यक्ष नगर पालिका प्रतिनिधि, अमित खुराना सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आप ने की विधानसभा स्तर पर आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों की नियुक्ति







**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली में** लोकसभा चुनावों को देखते हुए आम आदमी पार्टी ने राज्य स्तरीय पर आरडब्ल्यूए की बैठक का आयोजन किया। जिसमें विधानसभा स्तर पर आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। कार्यक्रम का आयोजन दिल्ली के आईटीओ स्थित आम आदमी पार्टी के प्रदेश कार्यालय में किया गया। तो वहीं इस कमेटी की मॉनिटरिंग स्वंय मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल करेंगे

**पदाधिकारियों की नियुक्तिः** मिली जानकारी के अनुसार सुल्तानपुर माजरा विधानसभा की आरडब्ल्यूए में विधानसभा अध्यक्ष के तौर पर आरिफ मंसूरी को तैनात किया गया ,तो वहीं डा. मिल्की और राजा भाई को उपाध्यक्ष बनाया गया है, इसके साथ ही सचिव के पद पर रियाज आलम और महासचिव का पद नवाज़ आलम को सौंपा गया है।

**सीएम केजरीवाल स्वंय करेंगें मॉनिटरिंगः** सुल्तानपुर माजरा विधानसभा के विधानसभा उपाध्यक्ष रीयाजूद्दीन खान ने जानकारी देते हुए कहा कि इस तरह से आरडब्ल्यूए का गठन दिल्ली की सभी विधानसभा में किया जाएगा और फिर मंडल स्तर पर भी गठित की जाएगी। खान ने बताया कि गठित की गई आरडब्ल्यूए की निगेहबान खुद अरविंद केजरीवाल करेंगे। उन्होनें बताया कि इस तरह से आरडब्ल्यूए की सहायता से लोगों को केजरीवाल से संपर्क करने व अपनी समस्या पहुंचाने का भी सरल मार्ग प्रशस्त होगा।

## आदर्श नगर वार्ड के भाजपा प्रभारी बने केवल अश्वनी आहूजा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः भाजपा** नेता केवल अश्वनी आहूजा के कार्यों को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें आदर्श नगर वार्ड का भाजपा प्रभारी नियुक्ति किया है।

आपको बतादें कि केवल आहूजा भाजपा के कर्मठ सिपाही है और भाजपा की नीतियों और कार्यों को जन-जन तक पहुंचाना और भाजपा से लोगों को जोड़ने में हमेशा ही अग्रणी रहते है। इनके प्रभारी बनने से भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। वार्ड प्रभारी बनने पर इनको बधाई देने वालों में मुख्य रूप से आदर्श नगर विधान सभा प्रभारी अजय भारद्वाज, भाजपा निगम प्रत्याशी अनुभव धीर, प्रदीप राणा (मंडल अध्यक्ष), मनोज कालीरमन (मंडल महामंत्री),



राकेश अग्रवाल (मंडल महामंत्री) एवं राजीव धाकरे रहे। इस अवसर पर केवल अश्वनी आहूजा ने कहा कि मुझे जो जिम्मेवारी दी गई है, उस पर मैं खरा उतरूगां और भाजपा की नीतियों व कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करूगां। उन्होंने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का भी धन्यवाद किया।

## नजफगढ़ के रहने वाले नफे सिंह की हत्या में शामिल चार शूटर...

**नई दिल्ली।** बहादुरगढ़ में इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक नफे सिंह राठी की हत्या में शामिल चार संदिग्ध शूटरों की पहचान कर ली गई है। चारों दिल्ली के नजफगढ के रहने वाले हैं। हालांकि पुलिस अभी तक हत्यारोपियों तक नहीं पहुंच पाई है। वहीं वारदात में शामिल पांचवे आरोपित की अभी भी पहचान नहीं हो सकी है।

नंदू के विरोधी मंजीत महाल गिरोह के बदमाशों से पूछताछ व जांच से अब तक चार शूटरों के बारे में पता लगाया जा सका है। इनके नाम अतुल, नकुल, दीपक और आशीष हैं।

## वजीरपुर जेजे कॉलोनी में फाग उत्सव का हुआ भव्य आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली के वजीरपुर जेजे कॉलोनी में फाग उत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर वजीरपुर वार्ड की निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी और प्रसिद्ध समाजसेवी प्रेम कुमार विद्यार्थी ने शिरकत की। इस अवसर पर निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी ने बताया कि त्योहारों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। मैं सभी को इस उत्सव की बधाई देती हूं और प्रभु से कामना करती हूं कि प्रभु सभी के जीवन में खुशियां लाये।

# सोनीपत जिला के नाहरी गांव में शराब के दुष्प्रभावों पर विचार गोष्ठी का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** सोनीपत जिला के गांव नाहरी में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय मोरारजी देसाई के जन्म दिवस पर आर्य समाज नाहरी के तत्वावधान में शराब के दुष्प्रभाव पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी की अध्यक्षता दयानन्द मठ, रोहतक के प्रभारी, स्वामी नित्यानंद सरस्वती ने की तथा कुशल संचालन रमेश आर्य, वेद प्रचार अधिष्ठाता, आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा ने किया।

मुख्य अतिथि के बतौर बोलते हुए इस क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवं पत्रकार नरेश गुप्ता ने अपने भाषण में कहा कि आज शराब ग्लोबल हो गई है, इस पर प्रतिबंध कई प्रांतो ने




लगाया भी लेकिन वहां भी महंगे भाव में उपलब्ध है। आज हमें जरूरत है समाज को विशेष कर युवा वर्ग को इसके दुष्प्रभाव से प्रचारित किए जाने की, ताकि समाज इससे खुद ही घृणा करने लगे। गोष्ठी में भाग लेने वाले अन्य वक्ताओं में बहन शीला, आचार्य प्रदीप, राजेश आर्य, आचार्य युद्ध




वीर, यशवीर, डॉ राजवीर, बडंबा, जिला सोनीपत , कलमकार राजव्रत एवं भजनीको ने अपने शराब से सर्वनाश पर ओजपूर्ण प्रस्तुति कर गोष्ठी को जीवंत बना दिया है। गोष्ठी में हिंदू और आर्य के अंतर बताते हुए बताया कि इन कथित हिंदू सरकारों में सर्वाधिक शराब के नए ठेके खुले हैं, जबकि आर्यों ने इनका खुलकर विरोध किया है। शराब के साथ-साथ मांसाहार, व्यभिचार में जुआबाजी के साथ युवा अन्य व्यसनों में लिप्त होकर समाज को कलंकित करने में लगा हैं। आज जरूरत है खुद को सुधारने की तभी हमारी युवा पीढ़ी सुधरेगी। इस गोष्ठी में हमारे देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय मोरारजी देसाई सरकार के कार्यकाल में शराब बंदी की पहल के योगदान की सराहना की गई।

इस गोष्ठी के कोआर्डिनेटर 92 वर्षीय होशियार सिंह "सत्यप्रिय" की समाज सुधारक सेवाओ के मद्देनजर सभी ने महात्मा की उपाधि से देते हुए उनके दीघार्यु होने की कामना की।

## साहित्य अकादमी सभागार में गोष्ठी का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः प्रसिद्ध साहित्यकार** डॉ विश्वनाथ त्रिपाठी ने कहा कि आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी कहते थे 30-40 किताबें पढकर तो कोई भी विद्वान हो जाएगा, पर विद्वान होने से क्या होता है। मनुष्य होना बड़ी बात है। उन्होंने यह बात शनिवार को साहित्य अकादमी सभागार में आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी मेमोरियल ट्रस्ट की तीसरी वर्षगांठ पर आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए कही। संगोष्ठी का विषय आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदीः साहित्य और भाषा के फक्कड़ साधक था। गोष्ठी के मुख्य वक्ता प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ ज्योतिष जोशी थे जबकि कार्यक्रम की



अध्यक्षता डॉ विश्वनाथ त्रिपाठी ने की। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार प्रभात शुंगलू एवं रत्नेश मिश्र ने आचार्य जी की कविताओं का पाठ भी किया। इस मौके पर वरिष्ठ नेता जर्नादन द्विवेदी, हास्य कवि सुरेन्द्र शर्मा समेत ट्रस्ट की अध्यक्ष डा. अपर्णा द्विवेदी, महासचिव नुपूर द्विवेदी के अलावा कार्यक्रम में बड़ी संख्या में साहित्यकार, पत्रकार आदि मौजूद थे। इस मौके पर श्री त्रिपाठी ने अपने गुरु आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी के साथ के अपने अनुभवों का साझा करते हुए कहा कि आचार्य जी विद्ववता की बहुत इज्जत करते थे। वह पढ़ते बहुत थे और कभी-कभी तो 16-16 घंटे तक पढाई करते थे। उन्होंने आचार्य की कालीदास के सौंदर्यशास्त्र पर चर्चा करते हुए कहा कि वह पहले से प्रतिष्ठित सौंदर्य को प्रतिष्ठित नहीं कर रहे थे बल्कि वह उसे पुर्नस्थापित करत रहे थे। आचार्य जी ने सिर्फ सौंदर्य को ही नहीं बल्कि दोनों पक्षों को लिखा है, इसलिए वह हजारी प्रसाद द्विवेदी है।

डा. ज्योतिष जोशी ने अपनी बात रखते हुए कहा कि आचार्य रामचंद्र शुक्ल और आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी हिन्दी साहित्य के दो अन्यतम शिखर हैं, जिनको स्पर्श किए बिना हमारा समस्त साहित्य ज्ञान अधूरा है।

## हाउसिंग सोसायटी ने स्वच्छता कर्मचारियों को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः अग्रवाल भ**वन प्रशांत विहार में रोहिणी फेडरेशन ऑफ कोऑपरेटिव ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी ने रोहिणी के अंतर्गत कार्यरत स्वच्छता कर्मचारियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रोहिणी जोन की उपायुक्त निधि मलिक रही, वहीं सहायक आयुक्त रोहिणी जोन नवीन व जोन के अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित रहें। फेडरेशन के पदाधिकारियों मे आर्य मुनी (प्रधान), डॉ. एस एल सागर (महासचिव), संरक्षक राजीव राणा व ओपी मल्होत्रा, उपाध्यक्ष में हर्ष जिंदगर, ज्योति शर्मा, राम नैय्यर, प्रदीप हंस, राजेंद्र शर्मा, सतीश सागर, कोषाध्यक्ष नेपाल सिंह, एवं फेडरेशन के अन्य




सभी पदाधिकारी उपस्थित रहें। सम्मान के क्रम में स्वच्छता कर्मचारियों के साथ ही फेडरेशन के अंतर्गत 11 सोसाइटी को जीरो वेस्ट मेनेजमेंट के लिए सम्मानित किया गया। रोहिणी के कुछ वरिय नागरिक के साथ ही नारी वैद् डॉ. तारा चंद शर्मा को भी सम्मानित किया गया।

फेडरेशन के अंतर्गत सभी सोसाइटी के स्वच्छता कर्मचारी को भी सम्मानित किया गया। उपायुक्त रोहिणी जोन निधि मलिक ने फेडरेशन के इस कार्य की जमकर सराहना की और कहा की इससे कर्मचारियों का हौंसला बढ़ता है। वहीं फेडरेशन के पदाधिकारियों ने उपायुक्त का धन्यवाद किया।

## भारतीय जनता पार्टी उत्तर पूर्वी जिला द्वारा साझा किया गया संकल्प पत्र

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** भारतीय जनता पार्टी उत्तर पूर्वी जिला दिल्ली प्रदेश ने जिला अध्यक्ष पूनम चौहान की अध्यक्षता में संकल्प पत्र साझा किया गया। इस बैठक में जिला सह प्रभारी राजकुमार भाटिया व समस्त जिला पदाधिकारी उपस्थित रहे। पूनम चौहान ने कहा कुछ ही दिनों में आचार संहिता लागू हो जाएगी और हम पूरी तरह चुनाव में उतर चुके हैं। हम अपने प्रधान सेवक नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रचंड बहुमत के साथ प्रधानमंत्री बनते हुए देखेंगे। विकसित भारत की कल्पना करते हुए संकल्प पत्र



में सभी वर्गों को एकजुट होकर समानता और समरसता के भाव के साथ अखंड भारत को विकसित भारत की ओर लेजाने का संकल्प किया गाया है। सह प्रभारी राजकुमार भाटिया ने बताया कि आप सब कार्यकर्ता आने वाले दिनों में एक अहम भूमिका में होंगे सभी को संकल्प पत्र लेकर घर-घर जाना है और विकसित भारत की अलख को सभी के दिलों में जगाना है।

## उत्तरी-पश्चिमी दिल्ली लोकसभा सीट पर कई दावेदार, पार्टी किस पर लगायेगी मुहर

**महेंद्र सिंह**

**नई दिल्लीः** लोकसभा चुनाव 2024 होने में अब सिर्फ कुछ ही दिन शेष रह गए है और केंद्र की सत्ता पर काबिज होने के लिए सभी सियासी दल अभी से अपनी-अपनी रणनीति को धार देने जुट गए हैं।

इसी कड़ी में दिल्ली की सात लोकसभा सीटों में से पांच सीटों पर फेरबदल करते हुए भारतीय जनता पार्टी ने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी है, जिसमें की चांदनी चौक लोकसभा सीट में बदलाव करते हुए प्रवीण खंडेलवाल को टिकट दी है, यहां से पहले डा. हर्षवर्धन सांसद थे, तो वहीं उत्तरी-पूर्वी दिल्ली लोकसभा

**भाजपा ने की प्रत्याशियों की घोषणा...**

8 दिल्ली की सात लोकसभा सीटों में से पांच सीटों पर फेरबदल करते हुए भारतीय जनता पार्टी ने आज प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी है। जल्द ही दो सीटों पर होगी नामों की घोषणा...

सीट द ी

से फिर एक बार मनोज तिवारी पर भाजपा ने दांव खेला है। नई दिल्ली लोकसभा सीट पर भी भाजपा ने बदलाव करते हुए महिला प्रत्याशी बांसुरी स्वराज को मैदान में उतारा है, तो वहीं पश्चिमी दिल्ली लोकसभा की सीट से टिकट कमलजीत सहरावत को है और दक्षिणी दिल्ली लोकसभा सीट में भी बदलाव करते हुए रामवीर सिंह बिधूड़ी को टिकट दी है। सूत्रों के हवाले से जानकारी के अनुसार उत्तरी पश्चिमी दिल्ली लोकसभा सीट से अभी तक हंसराज हंस सांसद है और इनकी टिकट कट सकती है, इसकी एक बड़ी वजह लोगों की नाराजगी भी हो सकती है, यहां के लोगों की यह शिकायत हमेशा से ही यही रही है कि सांसद कभी लोकसभा क्षेत्र में नज़र ही नहीं आए हैं।

**किसको मिलेगी टिकट? :** वहीं इस सीट पर मुख्य दावेदारों में दुष्यंत गौतम, योगेन्द्र चंदोलिया हैं इसके अलावा दावेदारी ठोकने वाले में पूर्व महापौर सरदार अवतार सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष देवेन्द्र रिड़ला, कर्म सिंह कर्मा सहित कई दावेदार हैं। बतादें कि जिनके भी नामों की घोषणा हुई है वे अब जमीन पर सक्रिय हो गए हैं। पार्टी फिर से सभी सीटों पर जीत सुनिश्चित करने की कोशिश में जुटी गई है।

## सीएम केजरीवाल सरकार लंबित एमसीडी फंड जारी करें: कपूर

**नई दिल्लीः** दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है कि यह अफसोस की बात है कि 2015 से 2022 तक हमने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल और अन्य आम आदमी पार्टी के नेताओं को यह कहते हुए सुना कि बीजेपी नेतृत्व की उदासीनता के कारण दिल्ली नगर निगम आर्थिक गड़बड़ी में है और एक बार जब आप एमसीडी में सत्ता में आएगी तो यह इसे इस गड़बड़ी से बाहर लाएगी। एमसीडी में आप के सत्ता में रहने के एक साल बाद आर्थिक गड़बड़ी और बदतर हो गई है। शिक्षकों सहित संख्या में एमसीडी कर्मचारियों को 2 महीने के बैकलॉग के साथ वेतन में देरी रही है।

# फरीदाबाद हाफ मैराथन की सभी तैयारी पूरी, सीएम मनोहर लाल होने मैराथन में चीफ गेस्ट

**फरीदाबाद,**
**हरपाल सिंह यादव:** सूरजकुण्ड मेला ग्राउंड से रविवार की सुबह आयोजित होने एनसीआर के सबसे बड़ा इवेंट "फरीदाबाद हाफ मैराथन" की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी है। मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल इस मैराथन को झंडी दिखाकर रवाना करेंगे और विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करेंगे। फरीदाबाद हाफ मैराथन को लेकर लोगों में जमकर उत्साह है और मैराथन के लिए एक लाख से अधिक पंजीकरण हुआ है। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री श्री कृष्ण पाल गुर्जर तथा प्रदेश के कैबिनेट मंत्री श्री मूल चंद शर्मा व अन्य विशिष्ट जन भी उपस्थित रहेंगे।



मुख्यमंत्री कार्यालय में विशेष अधिकारी (सामुदायिक पुलिसिंग और आउटरीच)
पंकज नैन और डीसी विक्रम सिंह ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ शनिवार को फरीदाबाद हॉफ मैराथन के ग्राउंड और मैराथन के रूट का निरीक्षण किया। उन्होंने मैराथन के प्रमुख पॉइंट्स जिसमें रूट, मंच, ग्राउंड , स्टेज, फ्लैग ऑफ स्टैंड सहित तमाम व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए।
उल्लेखनीय है कि फरीदाबाद हाफ मैराथन को अब वर्ल्ड रनिंग एजेंसी एआईएमएस द्वारा भी सर्टिफाईड कर दिया गया है। वहीं भागीदारों को टी शर्ट और किट भी उपलब्ध कराई गई है। एजेंसी द्वारा मैराथन रूट की रियल टाइम मैपिंग की गई है और 21 व 10 किलोमीटर की मैराथन में जो भी व्यक्ति दौड़ेगा वह मैराथन खत्म होने के तीन घंटे बाद अपना रियल टाइम डिजिटल सर्टिफिकेट डाउनलोड कर सकता है और यह सर्टिफिकेट पूरे विश्व में किसी भी मैराथन में शामिल होने के लिए मान्य होगा। डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि मशहूर खिलाड़ी जैसे मैरी कोम, मनु भाकर, लोकेश राजपूत के अलावा बहुत से फिल्मी कलाकार भी फरीदाबाद हाफ मैराथॉन में विशेष भागीदारी करेंगे।डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि फरीदाबाद हाफ मैराथन को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह है। फरीदाबाद के अलावा देश के विभिन्न राज्यों व अन्य देशों से भी लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है और वह मैराथन में शामिल होने के लिए पहुंच भी गए हैं। डीसी ने बताया कि मैराथन में 21 व 10 किलोमीटर दौड़ में शामिल होने वालों को जहां डिजिटल रियल टाईम सर्टिफिकेट मिलेगा।

**मैराथन**

**8 सीएम सूरजकुण्ड मेला ग्राउंड से दिखाएंगे मैराथन को झंडी और विजेता प्रतिभागियों को करेंगे सम्मानित**

# गौ हत्या करना और इनको बेसहारा छोड़ना सबसे बड़ा पाप है :मनधीर सिंह मान

**फरीदाबाद,**
**(हरपाल सिंह यादव:** फरीदाबाद लोकसभा सीट से कांग्रेस के आवेदक मनधीर सिंह मान पलवल के चंदहट गांव के रागनी कंपटीशन में पहुंचे , जहां पर गांव वालों ने माला पहनकर अथवा शॉल उढ़ाकर आदर सत्कार किया, इस मौके पर मनधीर सिंह मान ने 15000 की योगदान राशि भेट स्वरुप गौशाला को दी और महाराज जी से आशीर्वाद लिया . मान ने सभी सरदारी का दिल से धन्यवाद किया और कहा कि जो गौ माता के लिए आस्था रखते हुए जो प्रेम की जोत जलाई है उसका दिल से आभार व्यक्त करता हूँ । उन्होंने रागनी का आनंद लिया और कलाकारों को प्रोत्साहित किया । इस अवसर पर कांग्रेस नेता मनधीर सिंह मान ने गौ हत्या को सबसे बड़ा पाप बताया



उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि गौ सेवा वो सेवा है जिसे स्वम श्री कृष्ण भगवान भी करके गए है। क्योंकि समुन्द्र मंथन के दौरान कामधेनु नाम का एक रत्न निकला था जिसकी सभी संताने ये गौवंश है , उन्होंने गांव वालो को समझाया कि हम गौ माता का दूध पीते है तो उनकी रक्षा करना भी हमारा ही कर्त्तव्य है । सनातनी धर्म में गाय को माता का स्थान दिया है पर आज बड़ी विडंबना है कि गौ माता सड़को पर विचरण करती हैं और कूड़ा खाती है। मैं सभी गाँव वालो से अपील करता हूँ कि गौ माता को आवारा ना छोड़े। मनधीर सिंह मान ने गऊ हत्या को लेकर कहा कि आज इनकी हत्या इसलिए हो रही है क्योंकि हम गायों को यूँ ही छोड़ देते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### चोरी की मोटरसाइकिल के साथ पकड

**मथुरा।** थाना गोविंद नगर पुलिस ने शातिर वाहन चोर को चोरी की मोटरसाइकिल व चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक थाना गोविन्दनगर देवपाल सिंह पुण्डीर ने बताया कि अभियुक्त अरूण कुमार शर्मा पुत्र केवल राम शर्मा निवासी कृष्णापुरम बिरला मंदिर थाना गोविन्दनगर जिला मथुरा को चोरी की मोटर साईकिल एचएफ डीलक्स रंग लाल व एक चाकू के साथ महाविद्या कुण्ड बरगद के पेड के नीचे थाना क्षेत्र गोविन्दनगर गिरफ्तार किया गया।

### धान की भूसी में दबी मिली 60 लाख की शराब

**मथुरा।** थाना राया पुलिस व स्वाट टीम ने संयुक्त कार्यवाही में धान की भूसी से लदे ट्रक में छिपाकर ले जाई जा रहीं करीब 60 लाख की शराब पकडी। शराब की 547 पेटियों को ट्रक में धान की भूसी में छिपाकर ले जाया जा रहा था। पुलिस ने तस्करी के आरोप में अभियुक्त दीपक पुत्र धर्मपाल सिंह निवासी ग्राम खेवडा थाना राई जिला सोनीपत हरियाणा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने ट्रक को नोएडा से आगरा की तरफ माइल स्टोन 111 यमुना एक्सप्रेस वे पर पकडा। दीपक ने पुलिस को बताया कि इस कारोबार में वाहन स्वामी एवं अन्य़ व्यक्ति भी शामिल हैं। ट्रक में अमृतसर पंजाब से पाकुड़ झारखण्ड के लिये कैमिकल ले जाने के लिये कूटरचित दस्तावेजों का ई विल तैयार किया गया था। जबकि गाडी में कैमिकल के स्थान पर इम्पीरियल ब्लू पेटी (कुल 4923 लीटर शराब) धोकाधडी कर ले जा रहे थे। दीपक से बरामद शराब की बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 60 लाख रुपये व ट्रक की कीमत लगभग 40 लाख रुपये कुल बरामदगी एक करोड रुपये होगी। कार्यवाही करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार थाना राया, एसआई अभय कुमार शर्मा स्वाट टीम प्रभारी, एसआई विनय कुमार थाना राया, एसआई राजकुमार थाना राया आदि थे।

### बढा सिम पोर्ट करने के नाम पर धोखाधड़ी का धंधा

**मथुरा।** थाना गोवर्धन पुलिस ने एक अभियुक्त को 10 फर्जी सिम के साथ गिरफ्तार किया है। शनिवार को देवसेरस बम्बा पुलिया से धोखाधडी के आरोप में वांछित चल रहे अभियुक्त इरफान पुत्र इब्राहिम निवासी ग्राम गांमड़ी थाना जुरहैड़ा जिला डींग राजस्थान को गिरफ्तार किया गया है। प्रभारी निरीक्षक थाना गोवर्धन विनोद बाबू मिश्रा ने बताया कि इसके कब्जे से 10 फर्जी सिम कार्ड बरामद हुए हैं। अभियुक्त अपने क्षेत्र में जियो व वीआई में सिम पोर्ट कराने का काम करता हैं। राजस्थान के कुछ गांवों में काफी लोग साइबर क्राइम करते हैं, जिसके लिये उन्हैं फर्जी नाम पते की सिम कार्ड की आवश्यकता होती है, तो अभियुक्त यह सभी सिम कार्ड पोर्ट कराने के नाम पर कस्टमर को गुमराह कर उनकी ई केवाईसी कराकर एक सिम उनको दे देता हैं, तथा एक सिम उनका आधार कार्ड पुनः लगवाकर डी केवाईसी के माध्यम से एक्टिवेट करा लेता हैं। अभियुक्त लोगां के फर्जी आधार कार्ड तैयार कर उन्हैं असल के रुप में प्रयोग कर उनसे भी फर्जी सिमकार्ड प्राप्त कर लेता हैं। फर्जी आधार कार्ड व डी केवाईसी के माध्यम से धोखाधड़ी कर उनके नाम की फर्जी सिम प्राप्त कर कामा राजस्थान व आसपास के क्षेत्रों में साइबर अपराध में लिप्त अपराधीगण को 1500 से 2000 रुपये प्रति सिम के हिसाब से बेच देते हैं ।

### नगला हगा में पूर्ण सैनिक सम्मान के साथ हुआ जवान का अंतिम संस्कार

**मथुरा।** बलदेव थाना क्षेत्र के गांव नगला हगा में पूर्ण सैनिक सम्मान के साथ जवान का अंतिम संस्कार हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। परिजनों के मुताबिक 15 दिन से 17 जाट के सैनिक मनोज चौधरी का इलाज चल रहा था। सैनिक जवान की मौत की खबर से घर परिवार में कोहराम मच गया। मनोज चौधरी पुत्र महताप सिंह निवासी नगला हगा थाना बलदेव 17 जाट रेजीमेंट में सेवा दे रहे थे। मनोज चौधरी नौ फरवरी को घर पर इन दिनों छुट्टी पर आये थे। 14 फरवरी को मनोज एक शादी में ओल के पास गये थे, शादी से आते समय परखम के पास अज्ञात कारणों से एक्सीडेंट हो गया। जिसमे मनोज गम्भीर रूप से घायल हो गये थे। मौके पर पहुंची फरह पुलिस ने मनोज को सीएचसी फरह पर भर्ती कराया था। परिवारीजनों ने मनोज का निजी अस्पताल आनन्द मंगल अस्पताल आगरा में इलाज कराया। जिसके बाद परिवारीजनों ने मिलिट्री हॉस्पिटल आगरा में भर्ती कराया। शुक्रवार दोपहर को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सैनिक के परिवार में दो भाई व एक बहिन में सबसे बड़े मनोज थे। मनोज की शादी 2019 में दर्शन से रेपुराजाट से हुई थी। मनोज के एक दो वर्ष का बेटा वीर चौधरी है। मनोज की पत्नी दर्शन का रो रो कर बुरा हाल था। सेना के जवान मनोज का पार्थिव शरीर शनिवार सुबह गांव नगला हगा पहुंचने पर क्षेत्रीय लोगों ने तिरंगे झंडे के साथ शोक व्यक्त किया।

## 503 ग्राम गांजा सहित आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** पुलिस उपायुक्त अपराध हेमेंद्र कुमार मीणा के द्वारा अपराधिक गतिविधियो में शामिल चल रहे आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशआ निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा बॉर्डर प्रभारी जितेन्द्र की टीम ने अवैध नशा तस्कीर करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी सद्दाम उर्फ कासु(20) अजय नगर कॉलोनी पुस्ता रोड पल्ला का रहने वाला है आरोपी को अपराध शाखा टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से आरोपी के घर के पास से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से 503 ग्राम गांजा बरामद हुआ है।

# फरीदाबाद जिले के सभी 6 विधानसभाओं में चुनाव कार्यालय का हुआ शुभारम्भ

**फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** फरीदाबाद लोकसभा चुनाव की तैयारियों के निमित फरीदाबाद की सभी 6 विधानसभाओं में चुनाव कार्यालय के शुभारम्भ के अवसर पर फरीदाबाद के सांसद और केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि देश की जनता सिर्फ मोदी जी को प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है और जनता के आशीर्वाद से 400 से ज्यादा सीट जीतकर भाजपा तीसरी बार केंद्र में मजबूत सरकार बनाने जा रही है । फरीदाबाद लोकसभा सीट को पहले से ज्यादा मतों से जीतकर फरीदाबाद की सीट मोदी जी की झोली में डालेंगे। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल और प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 के निमित हरियाणा की सभी 90 विधानसभाओं



का आज एक ही समय पर शुभारम्भ किया । जिला फरीदाबाद की सभी 6 विधानसभाओं के कार्यालयों का भी शुभारम्भ हुआ । मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सभी 90 विधानसभाओं के कार्यकताओं को वर्चुअल तौर पर संबोधित किया । फरीदाबाद विधानसभा में सेक्टर 11 स्थित विधायक नरेन्द्र गुप्ता के कार्यालय पर फरीदाबाद विधानसभा चुनाव कार्यालय का शुभारम्भ किया गया । इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर, विधायक नरेन्द्र गुप्ता, मुख्यमंत्री के पूर्व राजनैतिक सचिव अजय गौड़, पूर्व महामंत्री आर एन सिंह, जिला उपाध्यक्ष पंकज रामपाल, मुकेश अग्रवाल, प्रकाशवीर नागर, शोभित अरोड़ा, जेजू ठाकुर, मंडल
अध्यक्ष नीरज मित्तल, सचिन शर्मा, कुलदीप साहनी आदि उपस्थित रहे । बल्लभगढ़ विधानसभा के सेक्टर 2 स्थित कैबिनेट मंत्री मूलचन्द शर्मा के कार्यालय पर विधानसभा चुनाव कार्यालय का शुभारम्भ किया गया । इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री मूलचन्द शर्मा, जिला महामंत्री मनोज वशिष्ठ, चेयरमैन हुकमसिंह भाटी, पूर्व जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा,
पूर्व जिला महामंत्री मूलचन्द मित्तल, वरिष्ठ भाजपा नेता टिपरचन्द शर्मा, महवीर सैनी मंडल अध्यक्ष अनुराग गर्ग गजेन्द्र वैष्णव, कैलाश वशिष्ठ आदि उपस्थित रहे । बडखल विधानसभा के 5एफ, एन आई टी स्थित स्थित विधायक श्रीमती सीमा त्रिखा के कार्यालय पर विधानसभा चुनाव कार्यालय का शुभारम्भ किया गया । इस अवसर पर विधायक सीमा त्रिखा, राष्ट्रीय परिषद् सदस्य संदीप जोशी, महापौर सुमन बाला, जिला महामंत्री सुरेन्द्र जांगड़ा, ओमप्रकाश धींगडा, मीडिया सह प्रमुख अजय डुडेजा, मंडल अध्यक्ष अमित आहूजा, सतेन्द्र पांडे, अनिता शर्मा, राधे श्याम भाटिया आदि उपस्थित रहे।

**कार्यालय**

**8 जनता के आशीर्वाद से 400 से ज्यादा सीट जीतकर भाजपा बनाएगी तीसरी बार केंद्र में मजबूत सरकार: कृष्णपाल गुर्जर**

# मुख्यमंत्री ने सभी 90 विधानसभा में के लोकसभा कार्यालय का किया उद्घाटन

**फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने हरियाणा की सभी 90 विधानसभा में वर्चुअल के माध्यम से लोकसभा कार्यालय का उद्घाटन किया और जिसमें एनआईटी विधानसभा-86 के डबुआ कालोनी 60 फुट रोड स्थित श्याम प्लेस में कार्यालय का
शुभारंभ भाजपा जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा तथा एनआईटी 86 विधानसभा के वरिष्ठ नेता यशवीर डागर ने कार्यालय का रिबन काटकर शुभांरभ किया।
इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने उपस्थित कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा के पन्ना प्रमुख, शक्ति केन्द्र व बूथ प्रमुख लोकसभा चुनावों के लिए तैयार हो जाएं। जिन युवा मतदाताओं के वोट नहीं बने है उनका वोट बनवाए साथ ही केन्द्र की मोदी व राज्य की मनोहर सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाऐं। उन्होंने कहा कि मोदी-मनोहर की सरकार में जितने विकास कार्य हुए है उतने विकास कार्य किसी भी सरकार में नहीं हुए।



## नगर निगम ने दो करोड़ की जमीन कराई कब्जा मुक्त

**मथुरा।** नगर निगम लगातार अभियान चला कर अपनी जमीनां तलाश रहा है। जिन जमीनों पर कब्जा पाया जा रहा है उन्हें कब्जा मुक्त कराने की कार्यवाही की जा रही है। निगम की कार्यवाही से भू माफिया में दहशत है। वहीं निगम अभियान में रूकावट डाल रहे लोगों के खिलाफ कार्यवाही भी सुनिश्चित कर रहा है और ऐसे लोगों को भू माफिया घोषित करने की कार्यवाही भी कर रहा है। शनिवार को नगर आयुक्त शशांक चौधरी के निर्देश पर निगम की टीम ने करीब दो करोड़ कीमत की भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया। सहायक नगर आयुक्त राकेश कुमार त्यागी के नेतृत्व में राधे बिहारी लेखपाल एवं नगर निगम की टीम के द्वारा मौजा असगरपुर खसरा संख्या 226 सरकारी आबादी की भूमि लगभग 1500 वर्ग मीटर को कब्जा मुक्त कराया गया।

# सीएम ने खोला फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र का चुनाव कार्यालय



**फरीदाबाद**
**हरपाल सिंह यादव:** आज हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने लाइव वर्चुअल मीटिंग कर तिगांव विधानसभा क्षेत्र में 2024 लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। इस कार्यालय से फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र की चुनाव गतिविधियां संचालित की जाएंगी। पल्ला चौक सेक्टर 37 स्थित अपने इस कार्यालय पर विधायक राजेश नागर सैकड़ों समर्थकों एवं प्रमुख पदाधिकारियों के साथ मौजूद रहे। सीएम मनोहर लाल ने मौजूद सभी पार्टी कार्यकताओं से अभी चुनाव व्यवस्थाओं में लग जाने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश की बागडोर देनी है। इसके लिए हमें हरियाणा की सभी दस सीटों को जिताकर भेजना है। इस अवसर पर विधायक राजेश नागर ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर हर विधानसभा क्षेत्र में चुनाव कार्यालयों का उद्घाटन कर सीएम मनोहर लाल ने हम सभी में आज अपनी ओजस्वी वाणी से ऊर्जा का संचार किया है। हमारा संगठन और सभी समर्थक पूरी तरह से तैयार हैं और पार्टी के सभी पदाधिकारी, विधायक और मंत्रीगण लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर अपने-अपने क्षेत्र में कार्यकताओं को लेकर बैठक करने लगे हैं। हम पिछली बार से भी अधिक वोटों के साथ जीत के प्रति आश्वस्त हैं और देश की खुशहाली व तरक्की में सहयोग करेंगे। नागर ने कहा कि हमारा लोकसभा प्रत्याशी तिगांव विधानसभा क्षेत्र से सर्वाधिक वोट प्राप्त करेगा। आज जिस प्रकार देश और प्रदेश में भाजपा की सरकारें अंत्योदय के लिए योजनाओं को लागू कर रही हैं उसने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा है। वहीं मोदी जी के मार्गदर्शन में दुनिया भर में भारत का डंका बज रहा है। जिसे जनता आगे ले जाना चाहती है। इस अवसर पर पूर्व पार्षद ओम प्रकाश रेक्सवॉल, तिगांव भाजपा विस्तारक पवन बघेल, भारती भाकुनी, मंडल अध्यक्ष गिरिराज त्यागी, मंडल अध्यक्ष विरेंद्र यादव, पूर्व पार्षद राजेश तंवर, प्रहलाद शर्मा, वासुदेव भारद्वाज, सुधीर नागर, सुखपाल नागर, अमन नागर, सुमन नागर, सतपाल, ललित नागर, वीरेंद्र भारद्वाज, अमित भारद्वाज, सुरेंद्र बिधूड़ी, विभ्म भ्पूर, गोपिंदर मल्होत्रा, सुरेंद्र बिधूडी, अमित भारद्वाज, सुमेश गौड़, हरिओम गोस्वामी, भूपेंद्र चौधरी, सुधीर मेहता, शीशराम अवाना, बालेश्वर जैलदार, लाल मिश्रा, सोनपाल, विजय यादव, प्रेम सिंह चौहान, देवेंद्र अलग, लोकेश बैसला आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# मानव रचना ने ब्रिक्स काउंसिल कॉन्फ्रेंस की मेजबानी की

**फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज (एमआरआईआईआरएस) में स्कूल ऑफ एलाइड हेल्थ साइंसेज की ओर से आयोजित ब्रिक्सेस 2024 सम्मेलन का समापन हो गया। ह्यबच्चों और युवाओं के लिए समग्र स्वास्थ्य और खेल में प्रगतिः विज्ञान के जरिए नवाचार, एकीकरण और स्थिरताह्ल विषय पर आयोजित हुए इस चार दिवसीय सम्मेलन में 20 देशों से आए करीब 450 प्रमुख विशेषज्ञों, विद्वानों, और पेशेवरों ने प्रभावशाली चर्चा की। इस सम्मेलन के दौरान कुल 103 पेपर और 75 पोस्टर प्रस्तुत किए गए। इसके साथ ही विभिन्न सत्रों में स्वास्थ्य और खेल विज्ञान के विभिन्न आयामों पर मुख्य भाषण, इंटरैक्टिव पैनल डिस्कशन और व्यावहारिक



कार्यशालाओं का आयोजन भी हुआ। सम्मेलन को लेकर पूर्व कार्यशालाओं का आयोजन भी किया गया, जिसमें उपस्थित लोगों को स्वास्थ्य और खेल विज्ञान के विभिन्न पहलुओं पर व्यावहारिक कौशल प्रदान किया गया। सम्मेलन के दौरान ब्रिक्स काउंसिल ऑफ एक्सरसाइज एंड स्पोर्ट्स साइंस की एक्जीक्यूटिव काउंसिल की विशेष मौजूदगी रही, जिन्होंने विषय के विभिन्न आयामों पर अपना दृष्टिकोण पेश किया और विस्तार से चर्चा की। चार दिवसीय सम्मेलन के दौरान प्रोफेसर हंस डी रिडर, ब्रिक्सेस के अध्यक्ष और फाउंडिंग सेक्रेट्ररी-जनरल; प्रो. मिंगकाई चिन (यूएसए), द फाउंडेशन फॉर ग्लोबल कम्युनिटी हेल्थ के संस्थापक और अध्यक्ष; डॉ. प्रशांत भल्ला, अध्यक्ष एमआरईआई व संरक्षक, ब्रिक्सेस; प्रोफेसर (डॉ.) जी.एल. खन्ना, एमआरआईआईआरएस के प्रति उप कुलपति और उपाध्यक्ष व फाउंडिंग मेंबर ब्रिक्सेस ; प्रोफेसर रिकार्डो आर अविन्हा, फाउंडिंग मेंबर व सेक्रेटरी जनरल ब्रिक्सेस मुख्य रूप से उपस्थित रहे।
सम्मेलन के दौरान मुख्य वक्ताओं के तौर पर प्रोफेसर डॉ. मरियम गुएरा-बालिक; प्रो. उरी शॉफर; और मेयो क्लिनिक, यूएसए के प्रोफेसर स्टीफन कोपेकी ने खेल विज्ञान के क्षेत्र पर बहुमूल्य विचार रखे और विषय पर अपना दृष्टिकोण साझा किया। विशेषज्ञों के तौर पर डॉ. धनंजय शॉ, डॉ. मोहित दुआ और डॉ. श्रीदीप चटर्जी ने चर्चा सत्र के दौरान बहुमूल्य प्रस्तुतियां दी और उपस्थित लोगों के बीच संवाद को प्रोत्साहित किया।

# 7 मार्च को मुख्यमंत्री वर्चुअल मोड में करेंगे परियोजनाओं का लोकार्पण

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल 7 मार्च को प्रदेश स्तरीय समारोह के दौरान वर्चुअल मोड में विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे। उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने यह जानकारी देते हुए बताया कि समारोह के सफल आयोजन के लिए हर प्रकार की तैयारियां की जा रही हैं।
मुख्यमंत्री के सौगाती समारोह की तैयारियों के दृष्टिगत शनिवार को दोपहर बार वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने समीक्षात्मक बैठक ली, जिसमें सभी उपायुक्तों व संबंधित अधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में मुख्यमंत्री के



अतिरिक्त प्रधान सचिव डा. अमित अग्रवाल ने विस्तार से कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा की। इस दौरान सूचना, जन संपर्क, भाषा तथा सांस्कृतिक विभाग के महानिदेशक मनदीप बराड़ विशेष रूप से मौजूद रहे। समारोह के आयोजन को लेकर हर प्रकार की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा करते हुए मुख्य सचिव ने विशेष दिशा-निर्देश दिए।
वीडियो कॉन्फ्रेंस के उपरांत उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री किसी एक जिला में राज्य स्तरीय समारोह में विकास परियोजनाओं का शुभारंभ व शिलान्यास करेंगे, जिसका सीधा प्रसारण सोनीपत में किया जाएगा। प्रदेश स्तरीय समारोह में सोनीपत की विकास परियोजनाएं भी शामिल रहेंगी, जिनका लोकार्पण व आधारशिला रखने का काम किया जाएगा। जिला स्तरीय समारोह का आयोजन लघु सचिवालय में किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि सोनीपत में विशेष रूप से सिंचाई विभाग तथा नगर निगम की विकास परियोजनाएं शामिल हैं। सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की ट्राई ड्रेन नंबर-4 बुर्जी संख्या 70400 से 71800 और 88000 से 90500 तक ट्रॉफ सेक्शन बनाने के कार्य का शिलान्यास तथा शामड़ी लिंक ड्रेन बुर्जी संख्या 100, 600, 1350, 3900 व 6000 तक की पाइप पुलिया से बॉक्स पुलिया में बदलने के कार्य का लोकार्पण किया जाएगा। साथ में आंगनवाडियों को प्ले स्कूल में बदलने के कार्य और अमृत सरोवरों की सौगात भी इसमें शामिल रहेगी।
इस अवसर पर पंचायत विभाग के एक्सईएन कुलवीर सिंह, सिंचाई विभाग के एक्सईएन अश्विनी फोगाट और महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रवीण कुमारी मौजूद थे।

**तैयारियां**

**8 उपायुक्त कुमार ने बताया कि समारोह के सफल आयोजन के लिए हर प्रकार की तैयारियां की जा रही हैं**

# 'पहला वोट सरकार के नाम' 7 दिवसीय मतदान जागरूक प्रदर्शनी का किया शुभारंभ

**फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद में 2 मार्च 2024 को प्राचार्या डॉक्टर रुचिरा खुल्लर के निर्देशन में निर्वाचन आयोग 2024 और स्वीप में पहला वोट सरकार के नाम महिम के अंतर्गत 7दिवसीय मतदान जागरूक प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया ` जिसमें फरीदाबाद से सी.टी.एम अंकित कुमार ,चुनाव कार्यालय से तहसीलदार दिनेश कुमार और प्रोफेसर एम.पी सिंह ने विद्यार्थियों को मतदान के प्रति जागरूक किया ` प्राचार्य ने बताया कि वोट डालने वाला दिन छुट्टी का नहीं है, बल्कि





आपकी जिम्मेदारी का दिन है` यह आपका नैतिक धर्म है` सीटीएम अंकित कुमार ने भी विद्यार्थियों को कहा कि अगर आप जागरूक होंगे, तो आप अपने घर परिवार को भी जागरूक करेंगे, उनको बताएंगे कि उनका वोट लोकतंत्र में कितना महत्व रखता है` प्रोफेसर एम.पी सिंह ने विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए कहा कि सिर्फ चेहरा देखकर नहीं बल्कि शिक्षित और समझदार व्यक्ति को ही अपना वोट दे` इस कार्यक्रम संयोजिका डॉक्टर राजविंदर कौर रही।

आदर्श रसोई सप्ताह 99वां

# धूमधाम से मनाया गया स्नेह छाबड़ा और गोपी छाबड़ा का जन्मदिन

## रिबन काटकर छाबड़ा परिवार ने किया आदर्श रसोई का शुभारंभ, छाबड़ा परिवार का हुआ भव्य अभिनंदन









**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सबसे व्यस्ततम चौक यानी 'राकेश भारद्वाज चौक' पर आदर्श रसोई ने स्नेह छाबड़ा और कर्मठ कार्यकर्ता गोपी छाबड़ा का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। इस दौरान आदर्श रसोई के सदस्यों और पदाधिकारियों का उत्साह देखते ही बनता था।

### रिबन काटकर स्नेह छाबड़ा और गोपी छाबड़ा ने किया आदर्श रसोई का शुभारंभ

आदर्श रसोई ने स्नेह छाबड़ा और गोपी छाबड़ा का जन्मदिन रसोई की टीम ने बड़ी ही धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत रूप से छाबड़ा परिवार ने रिबन काटकर किया। इसके उपरांत श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस विशेष मौके पर पूरा छाबड़ा परिवार मौजूद रहा। ।

### छाबड़ा परिवार का हुआ भव्य स्वागत, किया अभिनंदन

छाबड़ा परिवार का आदर्श रसोई के पदाधिकारियों ने मालाएँ पहनाकर भव्य स्वागत व अभिनंदन किया। इस मौके पर राकेश भारद्वाज चौक पर लोगों का उत्साह अपने चरम पर था। स्नेह छाबड़ा और गोपी छाबड़ा के व्यक्तित्व के सभी कायल हैं। हर कोई उनके मृदभाषी, मिलनसार स्वाभाव की बात करता है। हर किसी के सुख-दुख में शामिल होते हैं।

### आदर्श रसोई मजबूती से आगे बढ़ रही : स्नेह छाबड़ा



इस विशेष मौके पर स्नेह छाबड़ा ने कहा कि आज राकेश भारद्वाज जी हमारे बीच नहीं है, लेकिन उनके द्वारा बनाया गया आदर्श रसोई रूपी ये परिवार बहुत मजबूत है। उनके विचार आज भी हम सभी को मार्गदर्शन करते हैं। सभी एकजुटता के साथ इस रसोई के माध्यम से सेवा परमोधर्म का कार्य कर रहे हैं।

### राकेश भारद्वाज जी हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत: गोपी छाबड़ा



गोपी छाबड़ा ने कहा कि देखते ही देखते आदर्श रसोई ने कई आयाम स्थापित कर लिए हैं। समाज का भी हमें भरपूर सहयोग मिला है। मुझे खुशी है कि मैं भी पुण्य के कार्य में एक सहभागी हूँ। यह हम सबके लिए हर्ष की बात है कि आदर्श रसोई के सभी साथियों ने आदर्श रसोई को आगे बढ़ाने के लिए दिन रात मेहनत की है। आदर्श रसोई की सबसे अनूठी बात यह है कि यह समाजसेवा के साथ-साथ अपने पारंपरिक त्यौहारों, विशेष दिनों को भी बहुत ही उत्साहपूर्वक रूप से मनाती है, जोकि काबिलेतारीफ है।

### आदर्श रसोई हमारे लिए दूसरा परिवार: गुरदयाल छाबड़ा

इस विशेष मौके पर गुरदयाल छाबड़ा ने कहा कि आदर्श रसोई जैसी संस्था से जुड़कर लोगों की सेवा का जो मौका मिला, उसका मैं आभारी हूं। हमारे लिए आदर्श रसोई दूसरा परिवार है।

### लजीज व्यंजनों से सजी थी आदर्श रसोई की थाली

आदर्श रसोई के पदाधिकारियों ने हर बार की तरह लजीज व्यंजनों से सजी थाली सभी को परोसी। थाली में तंदूरी रोटी, छोले-कढ़ी, अचार, सलाद, रायता उपलब्ध करवाया गया





# आरएनआई का नाम बदलकर पीआरजीआई किया गया, अधिसूचना जारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** केंद्र सरकार ने प्रेस एवं आवधिक पंजीकरण अधिनियम (पीआरपी अधिनियम)- 2023 और इसके नियमों को अपने राजपत्र में अधिसूचित कर दिया है। इसके साथ ही यह अधिनियम एक मार्च से लागू हो गया है। अधिसूचना के अनुसार आरएनआई का नाम बदलकर प्रेस रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया (पीआरजीआई) कर दिया गया है। अब से पत्रिकाओं का पंजीकरण प्रेस और पत्रिकाओं के पंजीकरण अधिनियम (पीआरपी अधिनियम)- 2023 और प्रेस एवं पत्रिकाओं के पंजीकरण नियमों के प्रावधानों द्वारा शासित होगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की शनिवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार नये अधिनियम के तहत देश में समाचार पत्रों और अन्य पत्रिकाओं के पंजीकरण की सुविधा के लिए एक ऑनलाइन प्रणाली प्रदान करता है। इससे पहले सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने नए अधिनियम के अनुसार विभिन्न आवेदन प्राप्त करने के लिए प्रेस रजिस्ट्रार जनरल का ऑनलाइन पोर्टल, प्रेस सेवा पोर्टल लॉन्च किया था। इस पोर्टल के जरिए पत्रिका के मुद्रक द्वारा दी गई सूचना सहित सभी आवेदन, पंजीकरण के प्रमाण पत्र में संशोधन के लिए आवेदन, स्थानांतरण के लिए आवेदन पत्रिकाओं का स्वामित्व, पत्रिका के प्रकाशक द्वारा वार्षिक विवरण प्रस्तुत करना और पत्रिका के प्रसार के सत्यापन के लिए डेस्क ऑडिट की प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से होगी।

# जो कहा वो किया, जो कहेंगे, उसे करके दिखाएंगे : सीएम योगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**गोरखपुर:** जातीय राजनीति और झूठे वादे करने वाले राजनीतिक दलों पर शाब्दिक प्रहार करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की भाजपा सरकार न तो जाति का सहारा लेती है और न ही झूठे वादे करती है। हमने जो कहा, उसे करके दिखाया है और आगे भी जो कहेंगे, उसे पूरा करके दिखाएंगे। मुख्यमंत्री योगी शनिवार अपराह्न महंत दिग्विजयनाथ पार्क में आयोजित समारोह के 1006 करोड़ रुपये की 48 विकास परियोजनाओं का




शिलान्यास एवं लोकार्पण करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज देश तेजी से विकास करते हुए हर क्षेत्र में

**विकास कार्य**
- प्रधानमंत्री के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार न तो जाति का सहारा लेती है और न ही झूठे वादे करती है

आगे बढ़ा है। सुरक्षा, आर्थिक समृद्धि, आस्था के सम्मान, आजीविका, हरेक क्षेत्र में दुनिया नए भारत का दर्शन कर रही है, भारत की ताकत को प्रतिष्ठित कर रही है। देश के विकास की ही तरह यूपी का तीव्र विकास हुआ है लोगों की उत्तर प्रदेश के प्रति धारणा बदल चुकी है। अब कोई यूपी को हेय दृष्टि से नहीं देखता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी में इतने विकास कार्य इसलिए हो रहे हैं कि यहां डबल इंजन की सरकार है। डबल इंजन की सरकार डबल स्पीड में काम करती है और इस कारण देश उत्साह और उमंग से कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि जिस तरह जनता जनार्दन ने मोदी जी के नेतृत्व में 2014, 2017, 2019 और 2022 में आंख बंद कर समर्थन दिया, वैसे ही तीसरी बार केंद्र में मोदी सरकार बनाने का संकल्प लेकर कार्य किया जाना चाहिए।

# परीक्षा की शुचिता से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी दशा में छोड़ेंगे नहीं: सीएम योगी




**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा 11 फरवरी 2024 को आयोजित समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा, 2023 की शनिवार को समीक्षा की गई। इस परीक्षा में कथित रूप से प्रश्न पत्र के कतिपय प्रश्नों के सोशल मीडिया पर वायरल होने के शिकायतें प्राप्त हुई थीं, जिसके संबंध में शासन द्वारा सर्व साधारण को परीक्षा को प्रभावित करने से संबंधित तथ्यों के साक्ष्य उपलब्ध कराए जाने की विज्ञप्ति निर्गत की गयी थी। तत्क्रम में शासन को उपलब्ध कराए गये साक्ष्यों तथा आयोग द्वारा उपलब्ध रिपोर्ट के परिप्रेक्ष्य में मुख्यमंत्री जी द्वारा यह निर्देश दिया गया है कि लोक सेवा आयोग द्वारा 11 फरवरी को आयोजित समीक्षा अधिकारी / सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा 2023 की दोनों सत्रों की परीक्षाओं को निरस्त कर दिया जाए। इसकी परीक्षा आगामी 06 माह में पुनः

**सीएम की सख्ती**
- परीक्षा की शुचिता के लिए सीएम का बड़ा निर्णय समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी प्रारंभिक परीक्षा निरस्त
- युवाओं के हित में मुख्यमंत्री का निर्देश, आगामी 06 माह में दोबारा होगी परीक्षा

कराई जाए। उक्त के अतिरिक्त मुख्यमंत्री जी ने यह भी निर्देश दिए हैं कि इस प्रकार के आपराधिक कृत्य में सम्मिलित व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कड़ी वैधानिक व दण्डात्मक कार्यवाही करने हेतु यह प्रकरण राज्य की एसटीएफ को संदर्भित कर दिया जाए। एस.टी.एफ. शीघ्रातिशीघ्र इसकी विवेचना संपन्न करेगी तथा इस कृत्य में लिप्त सभी उत्तरदायी व्यक्तियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।



गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्रभाई पटेल के नेतृत्व में कैबिनेट के सदस्यों ने रामलला का किया दर्शन-पूजन।

# भारी बारिश और ओलावृष्टि ने किसान की फसल को किया बर्बाद: नवीन

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:** जयहिंद सेना प्रमुख नवीन जयहिंद शनिवार को जब सोनीपत कार्यक्रम से लौट कर आ रहे थे तो उनका सामना भारी बारिश और ओलावृष्टि से हुआ । इस बेमौसमी बारिश और ओलों ने आम जन जीवन को बुरी तरह से प्रभावित किया है । जयहिंद ने बयान जारी कर कहा कि इस बेमौसमी बारिश ने किसान की साल भर की मेहनत को बर्बाद कर दिया है। गेहूं और सरसों की फसल सबसे ज्यादा इससे

**मांग**
- खुद नवीन जयहिंद ने अपने फेसबुक पर लाइव आकर दिखाया ओलावृष्टि का हाल

प्रभावित हुई है । एक किसान अपनी फसल को तिजौरी में भी नहीं रख सकता है । उसके बच्चों की स्कूल-कॉलेज की फीस, घर- खर्च सहित अगली फसल के लिए खाद-बीज का खर्चा उसे इसी फसल से मिलता ।लेकिन इस बारिश और ओलों ने हजारों किसानों और उनके परिवारों के सपनों को तोड़ दिया है ।जयहिंद ने कहा कि सरकार चुनाव की घोषणा से पहले किसानों को मुआवजा दे और जल्द से जल्द फसल बबार्दी का हवाई मुआयना करवायें। साथ ही जयहिंद ने प्रकृति में हो रहे बदलाव पर कहा कि इस तरह की बेमौसमी बारिश और बदलते मोसम के लिए कहीं न कहीं हम खुद ज़िम्मेदार है।

# 'देश की जनता पीएम मोदी की गारंटी पर लगाएगी जीत की मुहर'

**टीम एक्शन इंडिया**
**फतेहाबाद:** आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देजनर भारतीय जनता पार्टी हाई कमान के निर्देशानुसार शनिवार को पूरे प्रदेश में विधानसभा स्तर पर चुनाव कार्यालयों का उद्घाटन किया गया। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पूरे प्रदेश में वचुर्अली सभी कार्यालयों का उद्घाटन किया। इसी कड़ी में फतेहाबाद जिला की तीनों विधानसभाओं फतेहाबाद, रतिया व टोहाना में भी जिलाध्यक्ष बलदेव सिंह ग्रोहा के नेतृत्व में चुनाव कार्यालय का शुभारंभ हुआ।

चिंताए खारिज

वैक्सीन न तो हृदय रोगों के खतरे को बढ़ाती है न ही ये दिल के दौरे का कारण बनती है

# कोविड-19 वैक्सीन से हार्ट अटैक का कोई संबंध नहीं: मनसुख मंडाविया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** कोविड-19 का खतरा पिछले चार साल से अधिक समय से देखा जा रहा है। कोरोनावायरस से संक्रमण की स्थिति में न सिर्फ गंभीर रोगों के विकसित होने का खतरा देखा जाता रहा है साथ ही संक्रमण से ठीक हो चुके लोगों में लॉन्ग कोविड के कारण कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याएं भी बड़ी चिंता का कारण रही हैं। महामारी के बाद के कई अध्ययनों में कहा जाता रहा है कि कोविड-19 का शिकार रहे लोगों में हृदय रोगों और इसके गंभीर रूप लेने का खतरा हो सकता है। कुछ रिपोर्ट्स में कोविड वैक्सीन्स को



भी हृदय रोगों को बढ़ाने वाला बताया गया था, जिसपर आईसीएमआर ने आज स्पष्ट जानकारी साझा की है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने उन सभी रिपोर्ट्स को सिरे से खारिज किया है जिनमें वैक्सीनेशन के कारण हृदय रोगों के खतरे को लेकर आशंका जताई जाती रही है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने विस्तृत अध्ययन किया है जिससे पता चलता

**स्पष्ट किया**
- कोविड-19 टीकों के बारे में गलत धारणाएं पैदा करने का प्रयास किया जा रहा है : स्वास्थ्य मंत्री

है कि कोविड-19 वैक्सीन से हार्ट अटैक का कोई संबंध नहीं है। वैक्सीन न तो हृदय रोगों के खतरे को बढ़ाती है न ही ये दिल के दौरे का कारण बनती है। इस तरह की बातों पर विश्वास न करें।

न्यूज एजेंसी एनआई के एक कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, दुनियाभर में हार्ट अटैक के बढ़े मामले चिंताजनक हैं। डॉक्टर्स कहते हैं, व्यक्ति की गड़बड़ जीवनशैली और शराब-धूम्रपान जैसी आदतें इस खतरे का कारक हो सकती हैं। वैक्सीन से हार्ट अटैक का जोखिम होता है, इसके कोई प्रमाण नहीं हैं। एक प्रश्न का उत्तर देते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि कोविड-19 टीकों के बारे में गलत धारणाएं पैदा करने का प्रयास किया जा रहा है। अगर आज किसी को स्ट्रोक होता है, तो कुछ लोग सोचते हैं कि यह कोविड-19 वैक्सीन के कारण है।